सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 02 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 61, पेज 12, 2.00 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स-निफ्टी उच्चतम स्तर पर पहुंचे

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। } 11

महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू हो गया है क्योंकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और यह प्रवृत्ति देश के लिए उत्साहजनक है। } 12

बंगलुरु के कैफे में विस्फोट

आतंकी मॉड्यूल पर शक, नौ घायल, जांच में जुटी एनआईए

एजेंसी

बेंगलुरू। बेंगलुरू के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को बम विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। विस्फोट की वजह संदिग्ध गैस रिसाव नहीं होने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने सभी कोणों से इस घटना की जांच शुरू की है।

पुलिस को संदेह है कि इस कैफे में एक बैग में परिष्कृत विस्फोटक (आईईडी) था जिससे यह विस्फोट हुआ हो सकता है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आईबी को इस मामले की जानकारी दे दी गयी है। एनआईए की स्थानीय इकाई के अधिकारी बाद में घटनास्थल पर पहुंच गये। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि व्हाइटफील्ड में लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की वजह और प्रकृति का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है तथा आशंका है कि कि आईईडी से यह विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इसमें शामिल होंगे, ...शेष पृष्ठ 10 पर

राज्यपाल से मिले सीएम योगी, मंत्रिमंडल विस्तार शीघ्र

रालोद के विधायक, सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाने की चर्चाएं तेज

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को दिल्ली से लौटते ही प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चायें तेज हो गयीं। इन चर्चाओं को तब और बल मिल गया। जब मुख्यमंत्री ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। माना जा रहा है कि यह मुलाकात दिल्ली में हुई बातचीत के सिलसिले में ही थी। शुक्रवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार रविवार को हो सकता है।

योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की महीनों से चल रही चर्चाओं पर जल्द विराम लग सकता है। बीते वर्ष ओम प्रकाश राजभर के दोबारा एनडीए का हिस्सा बनने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चायें शुरू हो गयी थी। इसके बाद दारा सिंह चौहान के पाला बदल इसको और हवा दे दी। फिर भी मामला लटका रहा। जानकारों का कहना है कि भाजपा तब रालोद को भी साथ लाने की कवायद कर रही थी। अब रालोद भी एनडीए का हिस्सा है। राज्यसभा चुनाव में रालोद ने एनडीए के पक्ष में मतदान कर अपनी पहली परीक्षा में पास भी हो चुका है। इसी महीने में तीसरे सप्ताह तक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की संभावना है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। सूत्रों के अनुसार टीम योगी में सुभासपा और रालोद कोटे से एक-एक मंत्री बन सकता है। हालांकि रालोद द्वारा एक राज्यमंत्री पद की भी मांग की जा रही है। सुभासपा से ओम प्रकाश राजभर सरकार का हिस्सा बनेंगे। फिलहाल एमएलसी बने दारा सिंह चौहान का नाम भी मंत्रिमंडल में शामिल होने वालों में शामिल बताया जा रहा है। चर्चा तो मौजूदा मंत्रियों के कुछ विभाग परिवर्तन को लेकर भी है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेकर लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात को मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर ही देखा जा रहा है। वहीं सुभासपा प्रमुख ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

तंबाकू व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर छापा

लखनऊ। चोरी की आशंका में आयकर की अलग-अलग टीमों ने कानपुर से कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी के कानपुर, दिल्ली, अहमदाबाद समेत 14 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। विभाग की जांच दूसरे दिन भी जारी है। जानकारी के अनुसार, साढ़े चार करोड़ नकदी बरामद हुई है। इसके अलावा, 50 करोड़ कीमत की लग्जरी कारें जैसे मर्सिडीज, रोल्स रॉयस, लेम्बोर्गिनी आदि मिली हैं। कारोबारी 25 से 30 करोड़ का टर्नओवर दिखा रहे थे, जोकि जांच में 100 करोड़ से ऊपर का मिला है। अधिकारी दस्तावेजों को खंगाल रहे है। बता दें कि पहले दिन भी देर रात तक जांच-पड़ताल चली थी। यहां से टीमों ने बड़े पैमाने पर दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल आदि जब्त किए। यह कार्रवाई कुछ दिन पूर्व एक बड़े पान मसाला कारोबारी के यहां पड़े छापे के बाद मिले इनपुट पर की गई। आयकर के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमों ने गुरुवार दोपहर बाद वंशीधर श्रीराम फर्म के तीन प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। बड़े पैमाने पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी बोर्ड प्रश्न पत्र लीक में कॉलेज प्रबंधक गिरफ्तार

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में राज्य बोर्ड की इंटरमीडिएट के गणित और जीव विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कॉलेज संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पेपर लीक होने के मामले में रोझौली गांव स्थित अतर सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह उर्फ हुड्डा, उनके बेटे कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौहान, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह और स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कॉलेज प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके बेटे की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

लोकसभा चुनाव में जीतेंगे 400 सीटें : मोदी

झारखंड को दी 35,700 करोड़ की सौगात

एजेंसी

बरवा अड्डा (झारखंड)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड के धनबाद में चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन जल जीवन मिशन एवं आवास योजना के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने यहां विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा, आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। उन्होंने कहा कि उत्तरी करणपुरा बिजली परियोजना और सिन्द्री उर्वरक इकाई जैसे संयंत्रों का पुनरुद्धार मोदी की गारंटी के पूरा होने का उदाहरण है। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि इसने राज्य को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा मैंने झारखंड से बरामद नोटों के इतने बड़े बंडल नहीं देखे हैं, लोगों से जो भी पैसा लूटा गया है, उन्हें वापस करना होगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाले ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने ममता पर साधा निशाना

एजेंसी

आरामबाग (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है।

मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा, चोट का जवाब वोट से देना है। प्रधानमंत्री ने कहा, उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार की मंशा सही साबित हुई है और पिछले 10 साल में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र ..शेष पृष्ठ 10 पर

रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ रुपये के खरीद सौदे पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। भारत ने सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच प्रमुख रक्षा अधिग्रहण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में मिग-29 जेट के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, रडार, हथियार प्रणालियों और हवाई-इंजन की खरीद भी शामिल है।

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत के काफी समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच यह व्यापक खरीद समझौते किए गए हैं और इन्हें घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीति के व्यापक ढांचे के तहत लागू किया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंधों का आदान-प्रदान किया गया। इसमें कहा गया, ये सौदे रक्षा बलों की स्वदेशी क्षमताओं को और सुदृढ़ बनाएंगे, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भविष्य में विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी। ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग अनुबंध किए गए। पहला समझौता 19,518.65 करोड़ रुपये ...शेष पृष्ठ 10 पर

निर्वाचन आयोग ने लोस चुनाव को लेकर की बैठक

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कॉफी टेबल बुक किया विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मण्डल और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जनपद और मण्डल स्तरीय अधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं आदि के संबंध में जानकारी हासिल की। इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल एवं आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विधानसभा के तिलक हॉल में कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। बैठक में सीईसी ने युवाओं और महिलाओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पानी, पंखा, बिजली, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

शासकीय कार्यों की बेहतर बनाने के लिए नियुक्त होंगे विशेषज्ञ

नयी दिल्ली। शासकीय कार्यों की सुगमता को और बेहतर बनाने के वास्ते मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ जल्द ही केंद्र में प्रमुख पदों पर नियुक्त किये जायेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकोंाउप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आमतौर पर, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओं - भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

ज्ञानवापी की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

पूजा स्थल अधिनियम के हवाले से मुस्लिम पक्ष ने दी चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की अपील पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि वाराणसी में मस्जिद वाली जगह पर मंदिर के पुनर्स्थापना की मांग करने वाले वाद सुनवाई योग्य हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम इसे मुख्य मामले के साथ संलग्न करेंगे। ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति की ओर से इस संबंध में उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को ज्ञानवापी मस्जिद वाली जगह पर मंदिर के पुनर्स्थापना की मांग वाले 1991 के मुकदमे की सुनवाई योग्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी विवादित स्थल का धार्मिक चरित्र केवल अदालत द्वारा तय किया जा सकता है। उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के स्वामित्व को लेकर वाराणसी की एक अदालत में लंबित मूल वाद की पोषणीयता ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	28.00 डिसे.
न्यूनतम	:	19.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- अयोध्या में 8 लाख को मिला आयुष्मान का लाभ (पृष्ठ-02)
- लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बनेगा विलेज हाट (पृष्ठ-02)
- मप्र में 75,000 करोड़ निवेश करेगा अडाणी समूह (पृष्ठ-11)
- सोना 350 रुपये चढ़ा, चांदी 400 रुपये मजबूत (पृष्ठ-11)
- न्यूजीलैंड ने टेस्ट के दूसरे दिन वापसी की (पृष्ठ-11)

विशेष खबर — केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश को दी 15800 करोड़ की सौगात

सड़कों के निर्माण से विकसित होंगे गांव : गडकरी

रायबरेली/जौनपुर/मिर्जापुर। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर, मिर्जापुर और रायबरेली जिले को 15800 करोड़ रुपये की सौगात दी। मिर्जापुर में जहां उन्होंने मिजार्पुर-प्रयागराज हाईवे, माधोसिंह पर फ्लाईओवर और जिले में स्मार्ट विलेज बनाने की भी बात कही।

उन्होंने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि भारत के पिछडेपन का कारण उसकी सड़कें हैं। इसको अमल में लेते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़कों के विकास में प्रगति हुई है उन्होंने कहा कि मैंने भारत की सड़कों का अध्ययन किया और पाया कि यदि देश की सड़के सुधर जाए तो देश बहुत जल्दी ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। सड़के अच्छी होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार, पानी और आयात निर्यात की सुविधा होती है। जिससे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मैंने राजमार्ग मंत्रालय को बहुत कुछ दिया है मेरा कहना है कि मैंने कुछ नहीं दिया जो आपका था उसी को वापस किया। सड़कों के निर्माण से गांव, गरीब और समाज का कल्याण होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथनों को दोहराते हुए कहा कि हमारे शहर ही स्मार्ट सिटी ना बने बल्कि गांव भी स्मार्ट गांव बने। उन्होंने कहा कि पहले गांव में रोजगार नहीं था। किसानो को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता था। विद्यालय अच्छे नहीं थे। गांव के किसानों को मजदूरी करने के लिए महानगरों में जाना पड़ता था। अब सड़कों के निर्माण से उनकी आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होने लगी है। उनको अपने गांव में ही रोजगार मिलने लगा है। उन्होंने भारत की क्रूड ऑयल निर्भरता के संबंध में बोलते हुए कहा कि अब हमारी चीनी मिलों से एथेनॉल बनाए जाने लगा है जिससे हमारी खाड़ी देशों से क्रूड ऑयल की आत्मनिर्भरता कम हुई है। हम लोग एथेनॉल के माध्यम से स्वयं ही बायो डीजल बनाने लगे हैं। जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पंजाब और हरियाणा की पराली से भी ईंधन बनाने का कार्य शुरू किया है। इससे दिल्ली ...शेष पृष्ठ 10 पर

सड़क हादसों में पांच की मौत, दो लोग घायल

विशेष संवाददाता

- सहारनपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने मां-बेटी को रौंदा
- बाराबंकी में ट्रक की चपेट में आने से तीन की गयी जान

लखनऊ। सहारनपुर, बाराबंकी जिले में सड़क हादसे में पांच लोगोंकी मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूपसे घायल हो गए। सहारनपुर के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि जिले के छुटमलपुर कस्बे के रहने वाले इरशाद बृहस्पतिवार रात को अपनी पत्नी, बेटी और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे कि दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में पत्नी गुलिस्तां (30) और बेटी अलफिसा (सात) की मौत हो गई जबकि इरशाद और बेटा अरशद (आठ) घायल हो गए। हालांकि उनका दो वर्षीय बेटा असद हादसे में बाल-बाल बच गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। घायलों को चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ट्रक चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। वहीं बाराबंकी में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्यों के चुनाव क्यों नहीं कराये जा रहे हैं

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से यू पी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्यों के चुनाव नहीं कराये जाने पर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी

- **हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**

11 मार्च वाले सप्ताह में नियत किया है। यह आदेश जस्टिस ए आर मसूदी एवं जस्टिस बी आर सिंह की बेंच ने मुहम्मद इषहाक की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 14 (1)(ब) के तहत सदस्यों के चुनाव नहीं कराये जा रहे हैं जिससे यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ठीक से काम नही कर पा रहा है।

धामपुर स्टेशन पर रुकेंगी चार ट्रेनें

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल के धामपुर स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। जयनगर से 01 मार्च से चलने वाली 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 07.10 बजे पहुंचकर 07.12 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 02 मार्च से चलने वाली 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 22.36 बजे पहुंचकर 22.38 बजे प्रस्थान करेगी। जयनगर से 02 मार्च से चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 07.10 बजे पहुंचकर 07.12 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 01 मार्च से चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 11.38 बजे पहुंचकर 11.40 बजे प्रस्थान करेगी।

ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण आज

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 02 मार्च को लोक भवन सभागार, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी जनपद मुख्यालय के निकटस्थ नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) को कार्यक्रम स्थल के रूप में चिन्हित करते हुए लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं, जिसमें कहा गया है कि जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा राशन कार्डधारकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

गेहूं क्रय के लिए 6500 क्रय केन्द्र स्थापित

लखनऊ। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से गेहूँ खरीद की जाएगी। खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 6500 क्रय केन्द्र प्रस्तावित हैं, जिसमें खाद्य विभाग के विपणन शाखा के 1250, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के 100, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ) के 3300, उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीसीयू) के 700, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस) के 350, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के 300, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) के 100 एवं भारतीय खाद्य निगम के 400 क्रय केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं।

नितिन गडकरी ने जौनपुर को दी 10 हजार करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता (vol)

जौनपुर। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जिले को करीब 10 हजार करोड़ की दस बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने जहां जौनपुर को मुंबई जैसा बनाने की बात कही, वहीं उन्होंने बताया कि जौनपुर से करीब दस हजार करोड़ की लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास आज किया गया है। उत्तर प्रदेश में 2014 में

- **दस बड़ी परियोजनाओं का किया शिलान्यास**
- **जौनपुर को मुंबई जैसा बनाने की कही बात**

राष्ट्रीय राजमार्ग की लेंथ 7643 किमी थी, जो आज 13 हजार किमी है। श्री गडकरी ने कहा कि जौनपुर से प्रयागराज तक तीन बाईपास का निर्माण होगा। आजमगढ़ में बाईपास जून 24 तक शुरू होगा। मुंगरबादशाहपुर बाईपास जून 24 तक शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा शहर की सड़कों के सुद्दढीकरण की मांग पूरी की जाएगी। दोनों किनारों पर आरसीसी सर्विस लेन और स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। जौनपुर स्टेशन के पास विकास कार्य किए जाएंगे। ओवरब्रिज के पास सर्विस लेन बनवाएंगे। बनारस से लुंबिनी तक 1100 किमी की परियोजना को पूरा किया। इससे पहले राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि जिले को मिली सौगात से यहां की सड़कें अब चमकेंगी। मुंगराबादशाहपुर बाईपास रोड बाईपास से यातायात सुगम होगा। पूर्वांचल में सड़कों का जो जाल बिछा है, वह नितिन गडकरी की देन है। वे जो कहते हैं उसे करते भी हैं। अब जौनपुर की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस दौरान प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि मछलीशहर में आगमन के दौरान रिंग रोड की मांग की थी, वह पूरी हुई। जौनपुर को जाम से निजात दिलाने का काम किया। फ्लाईओवर की भी सौगात दी। श्री गडकरी ने आज जौनपुर जिले में जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है उसमें गोमती नदी पर पुल सहित एन.एच.-31 के टोल प्लाजा से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक जौनपुर शहर के पूर्व दिशा में बाईपास का निर्माण भी शामिल है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-135- ए के तहत 28 किमी लंबे मार्ग का 1995 करोड़ की लागत से बनेगा। खेतासराय-शाहगंज ग्रीन फील्ड बाईपास सहित पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक फोरलेन निर्माण होगा, जिसकी लागत 1512 करोड़ आएगी। शाहगंज-कलान-मालीपुर-अकबरपुर खंड का फोर लेन चौड़ीकरण एवं अकबरपुर बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए 1653 करोड़ की लागत से 45 किमी लंबा बनेगा। मड़ियाहूं शहर के पश्चिम में नये फोरलेन ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण। राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए की कुल लंबाई सात किमी जो 1430 करोड़ की लागत से बनेगा। जौनपुर शहर में लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूशन तक फोरलेन अंडरपास सहित फोरलेन लेन बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-125-ए की कुल लंबाई पांच किमी है, यह 199 करोड़ की लागत से बनेगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जौनपुर-प्रयागराज मार्ग तक जौनपुर शहर के पश्चिम में बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-31 है यह 19 किमी का मार्ग एक हजार करोड़ की लागत से बनेगा। आजमगढ़ बाईपास (पैकेज-4) का निर्माण, यह 19 किमी का मार्ग 1386 करोड़ से बनेगा। प्रयागराज से फूलपुर तक फोर लेन सड़क एवं फूलपुर बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-319-डी 17 किमी लंबा बनेगा, यह 863 करोड़ की लागत से बनेगा। मुंगराबादशाहपुर बाईपास सहित फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर तक फोरलेन निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 319-डी की कुल लंबाई 23 किमी होगी, इसकी कुल लागत 1013 करोड़ होगी। फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर मौजूदा सड़क खंड का रखरखाव। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-319-डी की कुल लंबाई 11 किमी होगी, जिसकी कुल लागत 18 करोड़ होगी। प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, बदलापुर के विधायक रमेश चन्द्र मिश्र, शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, मड़ियाहूं के विधायक डॉक्टर आरके पटेल, सदस्य परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में अब तक 8 लाख से अधिक लोगों को मिला आयुष्मान कार्ड लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/अयोध्या। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर मोदी-योगी सरकार ने गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत शुरू की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर इलाज के लिए पैसों की चिंता न करनी पड़े। ये योजना प्रभु श्रीराम की नगरी के गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब गरीब लोग भी प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा की सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल रहा है। अयोध्या जनपद में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाए एवं वितरित किए जा रहे हैं।

- **आयुष्मान भारत गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए साबित हो रही वरदान**

अब तक अयोध्या जनपद में 8 लाख 37 हजार 700 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इस योजना सें जनपद के 2 लाख 49 हजार 274 चयनित पात्र परिवारों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य है। जनपद के 2 लाख 20 हजार 338 परिवार ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। पंचायत सहायक, कोटेदार एवम आशओं द्वारा घर घर जाकर पीएमजेएवाई मोबाइल एप्प के माध्यम से भी कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस योजना का लाभ जनपद के 19 निजी अस्पताल व 16 सरकारी अस्पताल दे रहे हैं। इस के अलावा गांव के ग्राम पंचायत भवन पर भी पात्र लाभाथियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिससें पात्र लाभार्थी आसानी से पंचायत भवन पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता हैं। जनपद में फरवरी माह में 41 हजार 608 लाभर्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। पिछले महीने में 1 हजार 695 लाभाथियों ने सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों से मिलाकर इलाज करवाया है और योजना के प्रारम्भ से जनपद में अब तक 39 हजार 435 लाभाथियों ने सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सिकीय लाभ लिया हैं। आयुष्मान एप के माध्यम से लाभार्थी स्वयं अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बना सकता है।

सौर ऊर्जा के लिए लागू की जाये वर्चुअल नेट मीटरिंग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मरकॉम इण्डिया और यूपीनेडा के सहयोग से शुक्रवार को आईआईए भवन, विभूतिखण्ड में ग्रीन एनर्जी बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कान्क्लेव का उद्घाटन महेश कुमार गुप्ता अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग ने मुख्य

- **आईआईए 15 औद्योगिक क्षेत्रों को सौर ऊर्जा युक्त करेगा**

अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर यूपीनेडा अनुपम शुक्ला विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सरकार से मांग की गई कि सूक्ष्म स्तर के उद्योगों को नेट मीटरिंग की सुविधा प्रदान की जाए। उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की तरह सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाए। सौर ऊर्जा उत्पादन और उपयोग के लिए वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था लागू की जानी चाहिए जैसा दिल्ली सरकार की ओर से किया गया है।

अपर मुख्य सचिव महेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में नई सौर ऊर्जा नीति तथा बायो एनर्जी पॉलिसी से लगभग 16 प्रतिशत प्रस्ताव घरातल पर फलीभूत भी हो चुके हैं। उन्होंने उद्यमियों से आवह्न किया कि वे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर और वायो एनर्जी हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन सयंत्र स्थापित करें जिसकी अपार सम्भावनाएं हैं। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि हमें इण्डस्ट्रीज को डीकाबोर्नाइजेशन की ओर ले जाकर उनको कार्बन क्रेडिट का लाभ दिलाना है। इसके लिए आईआईए ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश में 15 औद्योगिक क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अभियान का शुभारम्भ आईआईए की ओर से शामली औद्योगिक क्षेत्र से की गई है। जहां पर आईआईए सदस्यों की तरफ से 8.5 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित किये जा रहे हैं। अभी तक 28 मेगावाट के संयत्र स्थापित करने की इच्छा सदस्यों ने व्यक्त की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केवल यूपीसीडा के 154 औद्योगिक क्षेत्रों में 46660 एकड़ भूमि पर उद्योग स्थापित है यदि इस भूमि के 25 प्रतिशत क्षेत्र पर भी रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा जाए तो हमें 11000 एकड़ क्षेत्रफल उपलब्ध होगा जिसमें कई गीगावाट सोलर पावर का उत्पादन सम्भव है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सिंघल ने सुझाव दिया कि सोलर ओपन एक्सेस की सीमा 100 किलोवाट तक घटाई जाए जो अभी 1 मेगावाट है। सूक्ष्म स्तर के उद्योगों को नेट मीटरिंग की सुविधा प्रदान की जाए और उन्हे घरेलू उपभोक्ताओं की तरह सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाए। सौर ऊर्जा उत्पादन और उपयोग के लिए वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था लागू की जानी चाहिए जैसा दिल्ली सरकार की ओर से किया गया है। डायरेक्टर यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने कहा कि सौर ऊर्जा संयन्त्र स्थापित करने के लिए प्रक्रियाओं का भी सरलीकरण कर दिया गया है। आने वाले समय में उपभोक्ताओं को जा परेशानियों वर्तमान में हो रही थी वे अब नही होंगी।

लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बनेगा विलेज हाट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और निर्धन किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ग्रामीण हाट बाजारों को संवारने का कार्य मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार किया जा रहा है है। छोटे और गरीब किसानों की सुविधाओं को देखते हुए मनरेगा द्वारा और अन्य विभागों के कन्वर्जेंस से हाट बाजार

- **मार्ग पर स्थित बाजारों के पास बनेंगे विलेज हाट/बाजार**
- **स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए बनेंगे हाट बाजार**

को संवारने का कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में अब ग्रामीण हाट बाजार को लेकर नई पहल शुरू होने जा रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों, धार्मिक सामग्री आदि के समुचित विक्रय की व्यवस्था को लेकर नई पहल की शुरूआत हो गई है। फिलहाल इसके तहत अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्थित बाजारों के निकट स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाट/बाजार बनाये जाएंगे। मनरेगा योजनांतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के लिये अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ जिलाधिकारी/

जिला कार्यक्रम समन्वयक को दिशा निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्रामीण हाट बाजार में आधारभूत व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जैसे जहां पल भी ग्रामीण हाट बाजार डेवलप किये जा रहे हैं, वहां पर पीने के पानी, टायलेट, पार्किंग स्पेस, जल निकासी आदि की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लाभ पहुंचाना तथा उनके उत्पाद की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हाट बाजार विकसित किए जाएंगे। ये हाट बाजार उपभोक्ताओं और थोक खरीदारों को सीधे बिक्री करने की सुविधा प्रदान करने में बहुत ही सहायक सिद्ध होंगे।

धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले हाईवे पर हाट बाजार की योजना: धार्मिक नगरों को जोड़ने वाले मार्ग (लखनऊ-अयोध्या, प्रयागराज-काशी, प्रयागराज विन्ध्याचल, मथुरा-चित्रकूट आदि) स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में बाजारों के निकट धार्मिक उत्पाद, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद के विक्रय के लिये हाट बाजार बनाये जाने की योजना है। जिसके क्रम में सर्व प्रथम अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद विपणन के लिए ग्रामीण हाट बाजार बनाये जाएंगे।

भाजपा सिर्फ सपा नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है : अखिलेश

सपा प्रमुख ने समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों को किया सम्बोधित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है। नौजवानों को लैपटॉप देकर समाजवादी सरकार ने नया रास्ता खोला था। भाजपा सरकार में 9 से ज्यादा पेपर लीक हुए क्योंकि अगर नौकरी देनी पड़ती तो आरक्षण भी देना होगा। शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती इसलिए भाजपा की धांधली की शिकार हुई है। भाजपा साजिश करने वाली पार्टी है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौजवानों पर उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी अपनी पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे नौजवानों का आवाह्न किया कि लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वे अभी एक सप्ताह में पांच दिन दें और चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर पूरे समय, पूरे महीना चुनाव में दिन-रात एक करेंगे। इस सम्बंध में अनुशासन और सावधान से काम करने की जरूरत है। युवा संगठनों की

बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण यादव, श्याम लाल पाल, राजीव निगम, मोहम्मद एबाद की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बैठक में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद, प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम करन निर्मल, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा, समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान, प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी तथा प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धार्मिक स्थलों पर हो रहा 48 हजार करोड़ का निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी में अयोध्या, काशी और मथुरा, आस्था के सबसे बड़े केंद्र के रूप में विख्यात हैं। अब यह धार्मिक शहर रोजगार के बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरूआत हो चुकी है। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरूआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी।

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरूआत होने जा रही है। इसमें अभिनंदन लोढ़ा हाउस रीयल एस्टेट एवं कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के माध्यम से 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है, जो 100 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी तरह, पीकेएच वेंचर्स लि. 600 करोड़ के निवेश से प्रदेश सरकार की पॉलिसी के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना कर रहा है, जिसमें 500 कमरों का एक होटल बन रहा है। इसके माध्यम से 300 नौकरियों का सृजन होगा। वहीं, पक्का लिमिटेड अयोध्या में 550 करोड़ रुपये की लागत से पेपर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना कर रहा है। इसके जरिए अयोध्या में 600 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। द इनोवेटर्स डिजिटल एड्स प्रा. लि. 510 करोड़ की लागत से अयोध्या में लग्जरी स्टार कैटगरी होटल निर्मित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट से 100 रोजगार उपलब्ध होंगे। वहीं, क्रेसकेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ रुपए से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण करने जा रहे हैं। यह 100 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का सृजन करेगा। इस तरह इन टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से ही 1200 रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। भगवान शिव की नगरी काशी यानी वाराणसी में करीब 19250 करोड़ की निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) 500 करोड़ रुपए की धनराशि से कंपनी के मौजूदा और उभरते व्यावसायिक क्षेत्र (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट, सिस्टम) के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) और फैब्रिकेशन, मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग फैसिलिटीज की स्थापना कर रहा है। इसके माध्यम से 225 रोजगार सृजित होंगे। वहीं, रोमा बिल्डर्स और प्रमोटर्स प्रा. लि. 5 स्टार रिजॉर्ट, मेडिटेशन के साथ वेलनेस सेंटर, फलों के फॉर्म्स, क्लब हाउस और हाउसिंग सोसाइटी का मिक्स डेवलपमेंट आधारित प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। 500 करोड़ के निवेश से शुरू हो रहे इस प्रोजेक्ट से 300 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह, गजाधर टेक्नोसिस एलएलपी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर 350 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है जो क्षेत्र में 300 लोगों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होगा। अंश निर्माण प्रा. लि. 275 करोड़ रुपये से रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट और कॉमर्शियल मॉल की स्थापना कर रहा है जिसके माध्यम से 200 लोगों को नौकरियां प्रदान की जा सकेंगी। वहीं, जेएस रेजिडेंसी प्रा. लि. 250 करोड़ से होटल स्थापित करने जा रहा है, जो 500 लोगों को सेवायोजन का अवसर प्रदान करेगा। इसी तरह श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में करीब 16,600 करोड़ रुपये से 415 प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हुई है। यहां टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 11 हजार से अधिक नौकरियां मिलने की संभावना है।

- **आस्था के साथ रोजगार के भी केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी और मथुरा**

विशेष खबर

ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह में दिखी संवेदनशीलता की झलक

ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में मिले सम्मान : असीम अरुण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश का प्रथम ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शुक्रवार को भागीदारी भवन के प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान

उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती, समाज कल्याण के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, समाज कल्याण के निदेशक कुमार प्रशांत, महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि, देविका देवेंद्र एस मंगलामूखी, सदस्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रमुख हस्तियों ने प्रतिभाग किया।

मंत्री असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार समाज के हर व्यक्ति को समान रूप से विकास के अवसर प्रदान

कर रही है। इसी कड़ी में ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया है। हमारा प्रयास है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में सम्मान जनक स्थान मिले एवं समाज की मुख्य धारा में आकर वह अपने एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान

महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के द्वारा लिखित पुस्तक मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी पर चर्चा के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए अच्छा काम कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वो अपने परम्परागत आय के साधन छोड़कर नये व्यवसाय अपना रहे हैं। समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र और उसके लाभ पर चर्चा हुई। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित स्माइल योजना के तहत मिलने वाले लाभ, गरिमा गृह, आयुष्मान प्लस कार्ड, छात्रवृत्ति इत्यादि का लाभ लेने की प्रक्रिया पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, कला एवं संगीत के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा पर लाने पर परिचर्चा हुई। कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिका, रैंप वॉक, भावाभिव्यक्ति द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें भी समाज में समान अधिकार है और समाज को बदलने को हम भी अपना योगदान दे रहे हैं।

संक्षेप

अवध विवि के छात्र-छात्राओं ने मानसिक चिकित्सालय का किया शैक्षिक भ्रमण

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मानसिक चिकित्सालय वाराणसी में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर के साथ पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग एंड गाइडेंस के छात्र-छात्राएं मानसिक चिकित्सालय एवं मनोरोगियों से जुड़ी तमाम प्रकार की जानकारी से रूबरू हुए। वाराणसी के मनोचिकित्सक डा. चंद्र प्रकाश मल्ल ने छात्र-छात्राओं को मानसिक चिकित्सालय एवं रोगियों से मुलाकात कराई। वहीं छात्र-छात्राओं ने सभी रोगियों से बातचीत कर मनोरोगों को जानने का प्रयास किया। इस शैक्षिक भ्रमण में छात्रों को पता चला कि यहां अधिकतर बायपोलर, डिसऑर्डर, शिजोफ्रेनिया एवं अवसाद से ग्रसित मनोरोगी है।

वहीं छात्रों ने मनोरोगियों के पुरुष वार्ड, महिला वार्ड एवं फैमिली वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत डा0 मल्ल ने छात्रों के मन में चल रहे शैक्षिक भ्रमण संबंधी प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दिया। यह शैक्षिक भ्रमण व्यावहारिमनोविज्ञान की शिक्षिका डा0 प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ0 सरिता पाठक द्वारा कराया गया।

हैरिंग्टनगंज में करोड़ों की लागत से बनेंगी 15 सड़कें

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान विधायक निधि एवं पूर्वांचल निधि से करोड़ की लागत से निर्मित 15 सड़को का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

लोकसभा उम्मीदवार व विधायक अवधेश प्रसाद ने पूर्वांचल विकास निधि से 33 लाख 85 हजार की लागत से 5 सड़कों का शिलान्यास किया। विधायक निधि के तहत 51 लाख 22 हजार से 5 सड़को लोकार्पण तथा विधायक निधि से 49 लाख 51 हजार से 5 सड़कों का शिलान्यास किया गया ।विधायक ने कुल 1 करोड़ 36 लाख 58 हजार की लागत से ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों में 15 सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया ।कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की हम आपके बीच करोड़ों रूपए की सड़कों का शिलान्यास करने आये है इंडिया गठबंधन की सरकार आने वाली हैं, पूरे जनपद में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य करेंगे। अखिलेश यादव भगवान कृष्ण के अवतार हैं हम उनके हाथों को मजबूत करेंगें ।हमारा सपना था की स्वः मुलायम सिंह यादव प्रधानमंत्री बने लेकिन सपना अधूरा रह गया लेकिन फिर समय आ गया है हम अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। स्वः नेता जी ने देश में चार चार प्रधानमंत्री बनाने का काम किया है नेता जी कोई सामान्य नेता नहीं थे उनका अवतार हुआ था ।वैसा अब कोई नेता पैदा नहीं होगा। नेता जी ने पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह को प्रधानमंत्री की पगड़ी पहनाई थी। लेकिन जब स्वः मुलायम सिंह जी का नम्बर आया तो उन्होंने धोखा दे दिया। भाजपा देश को लूटने काम कर रही है संस्थाओं को लगातार बेच रही है महंगाई बढ़ रही और नौकरी खत्म हो रही है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, सरोज यादव, महेंद्र प्रताप यादव, पृथ्वीराज यादव, राम लहू, यदुनाथ यादव, हरि बक्स सिंह, प्रेम कांत, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव डॉ माखनलाल यादव ने किया इस मौकेविश्वकर्मा, सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रधान व बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दारोगा घायल

मिल्कीपुर-अयोध्या। अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इनायत नगर थाना क्षेत्र के मीठे गांव के नवनिर्मित टोल प्लाजा के निकट बाइक सवार दरोगा को एक कार चालक ने टक्कर मार कर फरार हो गया। हालांकि पुलिस घटनाकारित वाहन और चालक की धर पकड़ के लिए सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। बता दे की इनायत नगर थाने के उपनिरीक्षक दिवाकर पाण्डेय अयोध्या से थाना आ रहे थे। वह मीठे गांव के पास पहुंचे ही थे तभी इनायत नगर की तरफ से एक अज्ञात कार चालक ने जोरदार टक्कर मारकर चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। हादसे में बाइक सवार दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों तथा पीएनसी कंपनी के कर्मियों ने आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सा डॉ गया प्रसाद विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल दरोगा दिवाकर पाण्डेय का इलाज चल रहा है। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो नवनिर्मित टोल प्लाजा के टैक्स से बचने के लिए कार चालक द्वारा मीठे गांव मोड़ पर यू टर्न लेते हुए घटना को अंजाम दिया है।

क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जा रहे कार्यों का भाजपा सांसद ने किया लोकार्पण

बाराबंकी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकासखण्ड देवां में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जा रहे लगभग 24 विकास कार्यों का मुख्य अतिथि भाजपा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बटन दबाकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव जमुवासी ने की। इस मौके पर भाजपा सांसद ने कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा की एवं आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नेहा शर्मा, अवर अभियंता भीष्म यादव, आशुतोष अवस्थी, इछुवाक मौर्य, मनीष परिहार, राम लखन मिश्रा, अरविन्द वर्मा मौजूद रहे।

4 तस्कर गिरफ्तार, स्मैक बरामद

बाराबंकी। थाना देवा पुलिस टीम ने 4 मादक पदार्थ तस्करों इकरार पुत्र मो0 अजीम, मो0 अंसार पुत्र स्व0 आसिम अली निवासीगण ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर, समर सिंह पुत्र तेज नारायण वर्मा, सोनू पुत्र मनसुख निवासीगण ग्राम चियारा सुहावा थाना कोठी को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 40 लाख 27 हजार रुपए कीमत की कुल 427 ग्राम अवैध स्मैक, 01 अदद मारुति यूपी 32 सीई 0770, 1 अदद मोटर साइकिल यूपी 41 के 3920 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है।

22 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 2 वारंटी, 10 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 22 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

2 जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना टिकैतनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे अभियुक्त सोनू रावत पुत्र हुसैनी टिकैतनगर व राजा बाबू पुत्र चेतराम निवासीगण मोहल्ला नूरवाफ कस्बा व थाना टिकैतनगर को ताश के 52 पत्ते, मालफड़/जामातलाशी के कुल 600 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

अपहृता सकुशल बरामद

बाराबंकी। थाना जहांगीराबाद पुलिस ने मु0अ0सं0 14/2024 धारा 363 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

बुनियादी शिक्षा को सफल बनायेंगे शिक्षामित्र

सोहावल-अयोध्या। निपुण भारत के अंतर्गत बुनियादी भाषा और गणित शिक्षक - प्रशिक्षण के सफलतम समापन पर प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व और ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष सिंह, साधना सिंह सहित दर्जनों शिक्षामित्र के सहयोग से वर्षों से सोहावल ब्लॉक में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण और मार्ग निर्देशन दे रहे एआरपी डॉ. दिनेशकांत पांडेय ,राम तीरथ वर्मा, पवन दुबे, संजय चैधरी, दीपक शुक्ला जी को माल्यार्पण एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही उपस्थित 100 प्रतिभागियों ने आरपी के कार्यों की प्रशंसा भी की इस अवसर पर एआरपी डॉ. दिनेश कांत पांडे जी सहित सभी ने विषम परिस्थितियों व अत्यंत मानदेय में कार्य कर रहे शिक्षामित्र की जहां प्रशंसा की वहीं इनको समान कार्य के अनुसार समान वेतन देने की सरकार से सुझाव देने की बात को दोहराया। उक्त प्रशिक्षण में सहयोग के लिए अनूप, प्रशांत सिंह, विशाल पांडेय, विवेक श्रीवास्तव, कुलदीप मौर्य, मो. मुस्तकीम, हरि नारायण गुप्ता, गीता, राम दर्शन, ईश कुमार वर्मा, निहारिका गुप्ता सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे उपरोक्त प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय अरकुना पर संपन्न हुआ और संचालन शिक्षामित्र संघ जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा ने किया।

कर्ज से परेशान सामाजिक कार्यकर्ता ने मां की हत्या की

- तीन पेज का पत्र दिखकर कबूला अपना जुर्म
- कहा-देखा नहीं जा रहा था मां का कष्ट



अयोध्या। नगर कोतवाली के चैक स्थित कंघी गली निवासी चर्चित रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता व कारोबारी गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपनी बुजुर्ग माँ की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने तीन पेज का पत्र लिखकर अपना जुर्म कबूला है। यह पत्र अपने परिचितों और शुभचिंतकों को भेजा है। पत्र में कर्ज से परेशानी के चलते अपनी बुजुर्ग मां की हत्या की बात कही है और खुद को कोतवाली पहुंच पुलिस के हवाले किया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है ।कभी कम्युनिस्टपार्टी के वरिष्ठ चिंतकों में शामिल तथा रंगमंच पर एक नामचीन चेहरे की पहचान रखने वाले लगभग 62 वर्षीय गोपाल कृष्ण वर्मा चैक जमुनिया बाग स्थित मार्ग पर जीके कार्ड सेंटर के नाम से दुकान चलाते थे। जिसमें उनके दो भाई सहयोगी थे। कुछ माह पूर्व उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली थी लेकिन सक्रिय नहीं हो पाए।

गुरुवार की रात उन्होंने तीन पेज का पत्र लिखा और पत्र में हवाला दिया कि अत्यधिक कर्ज के चलते मां बेटे परेशान चल रहे थे भाइयों ने कर्ज से उबारने की कोशिश की लेकिन बात आगे ना बढ़ सकी। उन्होंने लिखा है कि मां की यह चिंता और कष्ट नहीं जा रहा था। मां का अपने प्रति दुलार उनको पशोपेश में डाले हुए था। जिसके चलते जिसके चलते मां की हत्या का निर्णय लेना पड़ा। रात 3.15 बजे लिखे गए इस पत्र को उन्होंने अपने परिचितों और शुभचिंतकों को पोस्ट किया तथा कोतवाली जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पत्र में उन्होंने अपनी बहन कम्मो का भी जिक्र किया है और इस घटना से अत्यंत दुखी होने का जिक्र किया है। फिलहाल मामले की जानकारी पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। भाइयों ने गोपाल कृष्ण के दावे पर सवाल खड़ा किया है। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडे का कहना है कि घर से तीन पेज का पत्र मिला है। बुजुर्ग मां के बगल ही इनके विकलांग भाई का बिस्तर है। जबकि दूसरा भाई बगल के कमरे में सोया था। मौके से मृतका के शरीर पर कोई चोट और खरोंच का निशान नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

गठबंधन को कमजोर सरकार सीबीआई व ईडी का कर रही इस्तेमालः तनुज पुनिया

बाराबंकी। इण्डिया गठबन्धन की लोकप्रियता से भाजपा को अपनी हार का एहसास हो गया हैं। गठबन्धन को कमजोर करने के लिये सरकार सी0बी0आई और ई0डी का इस्तेमाल कर रही हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन के सशक्त सहयोगी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सी0बी0आई का नोटिस भाजपा की हार के एहसास का परिणाम हैं। इण्डिया गठबन्धन का कोई सहयोगी या कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी का नेता कार्यकर्ता भाजपा की गन्दी राजनीति से भयभीत होने वाला नही बल्कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सी0बी0आई समन के बाद इण्डिया गठबन्धन को और मजबूती मिली हैं। देश और प्रदेश की जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान गयी हैं और चुनाव में उनका करारा जवाब देकर परास्त करेंगी। उक्त प्रतिक्रिया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं लोकसभा क्षेत्र 53 बाराबंकी (सु0) के इण्डिया गठबन्धन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सी0बी0आई को नोटिस भेजे जाने की घटना की तीव्र निन्दा करते हुए उसे सरकार की हार करार देते हुए व्यक्त की।

लोक अदालत की सफलता में बार एसोसिएशन का सहयोग बहुत जरूरीः दिनेश चंद

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे आगामी 9 मार्च 2024 राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर नवीन प्रशासनिक भवन मे जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द ने जिला बार एसोसिएशन पदाधिकारियो के साथ विचार विमर्श बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश ने कहा कि 5 मार्च से 7 मार्च 2024 तक पिटी अफेन्स के वादों के निस्तारण के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 9 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटीशन, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, फौजदारी के कम्पाउन्डेबल वाद, एन0आई0 एक्ट, विद्युत अधिनियम, बैंक के ऋण सम्बन्धी वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, आबीर्टेज्शन वाद, प्रीलिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक वादों तथा वे समस्त वाद जो सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा। जिसमें अधिवक्ताओं का सहयोग जरूरी है। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों की अहम भूमिका है कि वे अन्य अधिवक्ताओ को इसके लिए प्रेरित करें। ताकि वे अपने पक्षकारों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए तैयार करें। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अनिल कुमार शुक्ल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नाजबीन बानो, बार अध्यक्ष प्रदीप सिंह, बार महामंत्री शाहीन अख्तर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता जुबेर अंसारी, बृजेश दीक्षित, राजेश मिश्रा, राजनारायण शुक्ला, शरद कुमार उपाध्याय, अमित कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समति व पोषण समिति की बैठक

बहराइच 01 मार्च। जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय तथा जिला स्तरीय पोषण समिति व कुपोषण मुक्त गांवों की प्रगति की समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर द्वारा संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों व कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स की समयबद्ध उपस्थिति की समीक्षा के दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गौतम द्वारा बताया गया कि उपस्थिति की जांच में अनुपस्थित पाये गये सभी 25 सीएचओ का का दिन का मानदेय काटने की कार्यवाही की गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर को शासन की मन्शानुरूप संचालित लोगों को चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की जाये तथा कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए भविष्य में आकस्मिक जांच की जाय।

सिकिल सेल इनीमिया जांच कार्य की समीक्षा के दौरान लक्ष्य 10 हजार के सापेक्ष मात्र 2334 लोगों की जांच किये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी मिहींपुरवा व बीसीपीएम का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि किसी भी दशा में प्रगति राज्य औसत से कम न हो। डीएम ने सचेत किया कि यदि आगामी बैठक में प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो एमओआईसी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने निर्देश दिया कि नियमित टीकाकरण में बीते माह जनवरी के मुकाबले माह फरवरी में कम प्रगति वाले एमओआईसी के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। मार्च माह की समीक्षा में 84 प्रतिशत से कम टीकाकरण कराने वाले एमओआईसी के विरूद्ध अनिवार्य रूप से कार्यवाही की जायेगी।

डीएम ने प्रभारी सीएमओ को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर निष्प्रयोज्य उपकरणों एवं सामग्री का नियमानुसार निस्तारण करा दें ताकि वहां का माहौल साफ-सुथरा रहे। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी प्रकार मूलभूत सुविधाओं के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित कराये जायें ताकि आने वाले मरीजों और उनकों तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी इण्डीकेटर्स में अगले माह तक सुधार लाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के स्थानान्तरण हेतु शासन को संस्तुति पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा।

वित्तीय साक्षरता सप्ताह का हुआ समापन

बहराइच । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 26 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक संचालित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अन्तर्गत इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बहराइच द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की थीम ह्यकरो सही शुरूआत बनो वित्तीय स्मार्टह्य के अर्न्तगत बचत एवं कंपाउंडिंग की शक्ति-बैंकिंग आवश्यकताएं तथा डिजिटल एवं साइबर स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न स्कीमों प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत करने के तरीके एवं बचत के महत्व इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इम मौके पर संस्थान की निदेशक श्रीमती रीति कुमारी, एफएलसी काउन्सलर वेद प्रकाश शुक्ला, संस्थान के स्टाफ एवं 60 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता प्रदान की।

खेलों को प्रोत्साहन से युवा वर्ग इसे कैरियर के रूप में कर रहा है स्वीकारः दर्शना सिंह

अयोध्या। डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मकबरा में आयोजित सांसद प्राइस मनी खेल प्रतियोगिता का राज्य सभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह ने किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर अयोध्या महिला मोर्चा द्वारा तिलक व माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य व गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। झंडारोहरण तथा दीप प्रज्जवलन की प्रतियोगिता की शुरूवात की। कबड्डी व रस्साकसी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन नेहा तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकसी, खोखो, 100, 200, 400, 800, दौड़, 100 गुणा 4 रिल व लांग जंप का आयोजन होगा। इस दौरान दर्शना सिंह ने कहा कि पहले युवा खेलों को कैरियर के रूप में नही लेते थे। क्यों कि पुरानी सरकारें खेल को प्रोत्साहन नही देतीं था। मोदी सरकार में खेलों को प्रोत्साहन मिलने से अब युवा इसको प्रोफेशन के तरह से ले रहे है। आज युवाओं की सोच बदली है। हमारे गांवों के प्राचीन खेलों को इस तरह प्रतियोगिता में शामिल करने से उन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है। सौभाग्य से मैं भी उसी सदन की सदस्य हूं जिसमें पीटी उषा बैठती हैं। वे जिस तरह से धैर्य पूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेती है। जीवन का यह धैर्य खिलाड़ी जीवन से मिला है। ऐसी बहुत सी महिलाएं है जिन्होंने अपने आप को साबित किया। जिस तरह से तीन बच्चों की मॉ होते हुए भी मैरीकॉम ने बॉक्सिग की प्रैक्टिस जारी रखा। यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं की खेल के प्रति रूचि बढेगी। सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आया है। इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, जय नारायण सिंह रिंकू, गोसाईगंज चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल, इंद्र भान सिंह, अशोक मिश्र, विजय गुप्ता, आशा गौड़, सरोज मिश्र, डा.मंजूषा पाण्डेय, अशोका द्विवेदी, शकुन्तला गौतम, प्रतिमा शुक्ला, बसंती सिंह, रीना द्विवेदी, रवि सोनकर, किशन मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अशोक कसौधन, सुरेन्द्र यादव, मनोज श्रीवास्तव, विश्वनाथ सिंह, अनूप दूबे, दिनेश मिश्र, नीरज श्रीवास्तव रिंकू मौजूद थे ।सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता में प्रथम दिन खो-खो प्रतियोगिता में रामपुर भगन ने तारून, ग्रामोदय कन्या इंटर कालेज ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीकापुर, सराय बरई ने राम चरन इण्टर कालेज, माध्यमिक स्तर बीकापुर ने जिला क्रीडा समिति तथा कम्पोजिट विद्यालय खंडासा ने महाराजा इंटर कालेज को पराजित किया।

कबड्डी के मैच में आनंद एकेडमी ने उमापुर मवई, बनी कोडर की टीम ने उमापुर मवई , पूर्व मा.वि. चैरे बाजार ने महाराजा इंटर कालेज, केटी पब्लिक स्कूल की टीम ने बालिका विद्यालय रामपुर, कम्पोजिट वि. खंडासा ने श्री रामबल्लभा इण्टर कालेज, ग्रामोदय कन्या इ. कालेज ने स्टेडियम डाभासेमर, जन समाज इ. कालेज ने टीएनआईसी बीकापुर, रामपुर भगन ने मैथेडिस्ट गर्ल्स इ. कालेज को , कस्तूरबा गांधी स्कूल ने श्री रामचरन इ.कालेज कुमारगंज को तथा एचसीजे एकाडमी ने स्टेडियम डाभासेमर की टीम को हराया।

कॉलेज हम सभी का इसके विकास में सभी का योगदान अहमः कौशल

कॉलेज प्रांगण में युवा महोत्सव आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आगंतुकों ने की सराहना

एस पी मिश्रा

बहराइच। किसान पीजी कॉलेज में शुक्रवार को युवा महोत्सव 2023 . 24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी तथा विशिष्ट अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गोंड तथा डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुल सचिव अंजनी कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल जी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वह किसान पीजी कॉलेज के साथ भावनात्मक रूप से जुडाव है। महाविद्यालय के संस्थापक स्वाधीनता सेनानी और हुकुम सिंह की धरोहर है। जिस प्रकार महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं ऐसे में हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह महाविद्यालय के उत्थान में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज में बदलाव ला सकता है इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सीमावर्ती 54 थारू गांव में जहां शिक्षा और विकास एक सपना था वहां अब 34 सब इंस्पेक्टर कई डॉक्टर तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी शिक्षित होकर समाज की सेवा कर रहे हैं ।सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए वह लगातार प्रयत्नशील है देवरिया जनपद में दो महाविद्यालय की प्रबंध समिति के वह अध्यक्ष हैं और अपने संसदीय क्षेत्र में भी शैक्षिक विकास के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं। समारोह की विशिष्ट अतिथि कुलसचिव श्री मिश्र ने अवधी भाषा में अपना व्याख्यान दिया और महाविद्यालय के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में सदैव सहयोग का भरोसा दिलाया उन्होंने महाविद्यालय प्रबंध तंत्र की जमकर प्रशंसा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में थारू डांसए कत्थक नृत्यए अवध में राम आएंगेए नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम आदि काफी सराहे गए। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सोनाली श्रीवास्तवए बीएड की स्वप्निल अजीज को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया जबकि बीए बीएससी और बीकॉम के सर्वोच्च सर्वोत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ स्कूल्स की ओर से 11.11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा प्रमाण पत्र बाबू सुंदर सिंह के पुत्र आनंद शेखर की ओर से प्रदान किया गया। स्वागत भाषण कालेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉण् एसपी सिंह ने कियाए जबकि धन्यवाद भाषण प्राचार्य डॉण् विनय सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

इस मौके पर हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख तथा कालेज प्रबंधन समिति के सदस्य अजीत प्रताप सिंह बबलूए विनोद कुमार ददुआए सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंहए आरएसएस के प्रांत समरसता प्रमुख राज किशोर प्रांतए विभाग प्रचारक अवधेश जी जिला प्रचारक अजय जीए जिला कार्यवाहक भूपेंद्र जी कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह राठौरए देवेन्द्र प्रताप सिंह छोटू भैया समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

बाइकों में भिड़ंत तीन घायल

ऊँचाहार, रायबरेली। दो बाइकों के बीच आमने सामने से हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला नगर के खरौली रोड का है, जहां शुक्रवार की दोपहर दो बाइकों के बीच आमने सामने से जोरदार भिड़त हो गई, घटना में एक बाइक पर सवार विक्रम 17 वर्ष, व दिव्यांश 16 वर्ष निवासी पूरे जिल्ला मजरे गंगौली तथा दूसरे बाइक पर सवार कासिफ 30 वर्ष निवासी रेलवे कॉलोनी घायल हो गये, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिनका उपचार किया जा रहा है।

नवागत एसडीएम ने संभाला कार्यभार

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। नवागत एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को जयसिंहपुर तहसील पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह सहारनपुर में एसडीएम के पद पर तैनात थे। यहां एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे अरविंद कुमार का हाल ही में बनारस स्थानांतरण हो गया है। तहसील का चार्ज संभालने के बाद नवागत एसडीएम ने नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा से विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि पीड़ित जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता अपनी समस्या को लेकर कभी भी दफ्तर में मिल सकती है। तहसील कर्मचारियों द्वारा काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने शासन की प्राथमिकताओं का शत प्रतिशत पालन कराने व आम आदमी की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

चांदा, सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के स्थानीय कस्बा में किराए के मकान में सरिता पाण्डेय अपने बेटे के साथ रह रही थी। गुरुवार की बीती रात सरिता का 16 वर्षीय पवन पाण्डेय पिता विनोद पाण्डेय पंडित मोती लाल नेहरू इंटर मीडिएट कॉलेज प्रतापपुर कमैचा से दसवीं की बोर्ड परीक्षा देकर घर लौटने के बाद पवन अचानक गायब हो गया जब सरिता अपने बेटे को लगभग पांच बजे खोजने लगी तो पवन नहीं मिला। पवन के परिजनों ने आसपास के रिस्तेदारो के यहां खोजबीन किया, परन्तु पवन मिला नहीं। जिसकी सूचना चांदा कोतवाली मे जाकर मां लिखित सूचना दी है। चांदा थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बतायातहरीर मिली गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज बच्चे की तलाश की जा रही है।

परीक्षा देने निकला छात्र लापता

ऊँचाहार, रायबरेली। घर से परीक्षा देने गया छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया, काफी खोजबीन के बाद भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।युवक के पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी है। क्षेत्र के पीपरी मजरे छतौना मरियानी गाँव निवासी रमेश कुमार का कहना है कि उनका बेटा दीपक कुमार इंटर का छात्र है, जो गुरुवार को घर से लक्ष्मीगंज स्थित विद्यालय में परीक्षा देने गया था, लेकिन घर वापस लौटकर नहीं आया, काफी खोजबीन के बाद भी उसके बारे मे कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

सूचना

मैने अपने पुत्र मो. कैफ को उसके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रूकैया बानों पत्नी स्व. इरशाद अली नि.- 388, लकड़ मण्डी, चौक, लखनऊ।**

डिजिटलाइजेशन के खिलाफ आंदोलन शुरू

- काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया काम
- शिक्षकों में डिजिटलाइजेशन व्यवस्था को लेकर व्याप्त है आक्रोश

रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के ऊपर जबरदस्ती थोपी जा रही डिजिटलाइजेशन व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आवाह्न पर आज से जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर आंदोलन शुरू कर दिया है। आज जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। जिला संरक्षक समर बहादुर सिंह और जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि सरकार हम लोगों पर जबरदस्ती डिजिटलाइजेशन व्यवस्था थोप रही है। जब तक हम लोगों की मांग को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हम सभी शिक्षकों की तरफ से इस व्यवस्था का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि संगठनों की तरफ से लगातार संसाधनों मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक सिम डेटा समेत अन्य कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है। सरकार की तरफ से जबरदस्ती थोपी जा रही व्यवस्था के खिलाफ आज से जनपद के शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध शुरू कर दिए है। सभी शिक्षक पांच दिनों तक काली पट्टी बांधकर विरोध करते रहेंगे। 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी हम लोगों की मांग नहीं पूरी होती है, तो फिर आगे रणनीति बनाकर लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

अभद्रता किये जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

ऊँचाहार, रायबरेली। गुरुवार को डलमऊ तहसील में निजी कर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता किये जाने के मामले में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में प्रदर्शन कर निजी कर्मियों को हटाने की मांग करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील में जमे निजीकर्मियों को हटाये जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसीलों में तैनात निजीकर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, गुरुवार को डलमऊ तहसील में तैनात निजीकर्मियों ने अधिवक्ताओं से अभद्रता की थी, इसलिए डलमऊ तहसील के अधिवक्ताओं के समर्थन में हम लोग तहसील में तैनात निजीकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाई किये जाने व उन्हें हटाये जाने को लेकर प्रदर्शन कर रहे है और इसके लिए आज के दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर राकेश चन्द्र उपाध्याय, दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, धर्मेश पाठक, गिरीश चन्द्र द्विवेदी, रज्जन मिश्रा, कृष्ण कुमार अग्रहरि, मोहित श्रीवास्तव, शिवा जी पाण्डेय, विशाल चैरसिया, अजय शुक्ला, पप्पू यादव समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

कायाकल्प योजना के तहत हुए निर्माण कार्य में जमकर लूट, सभासद ने की शिकायत

ऊँचाहार, रायबरेली। नगर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प योजना के तहत हुए निर्माण कार्य में जमकर लूट हुई है। निकाय के सभासद ने इसकी बिंदुवार शिकायत की, कार्रवाई न होने पर उसने मंडलायुक्त से जांच और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि कायाकल्प योजना के तहत ऊंचाहार नगर के प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद को शासन से लाखों रुपए स्वीकृत हुए थे। इसमें कार्यदाई संस्था नगर पंचायत को बनाया गया था। नगर के वार्ड संख्या के सभासद राज गुप्ता ने इस कार्य में जमकर हुई लूट को लेकर निकाय अध्यक्ष के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि विद्यालय की बाउंड्री निर्माण में पीली ईंटें लगाई गई है। इंटरलॉकिंग में नीचे बालू के स्थान पर सिल्ट डाली गई। यही नहीं इंटरलॉकिंग के नीचे उचित मिट्टी भी नही डाली गई। कमरों में टायल्स लगाते समय फर्श को बिना छीले केवल औपचारिक तरीके से कार्य करके लाखों रुपए की खुली लूट की गई है।

विकसित भारत के लिए मतदान अवश्य करें : प्रो.डीके त्रिपाठी

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलिज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी केपी सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डीके त्रिपाठी माँ सरस्वती एवं राणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया। इस कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में सोमल कनौजिया प्रथम, कोमल द्वितीय तथा पूजा को तृतीय स्थान मिला। भाषण में शुभम तिवारी बी0 एड0 को प्रथम, मांडवी तिवारी वाणिज्य को द्वितीय, तथा सत्यम चैरसिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वाद विवाद प्रतियोगिता में पार्थ सारथी को प्रथम, अंकुर मिश्रा बी0एड0 को द्वितीय एवं शताक्षी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 नीतू सिंह, डॉ0 रमाकांत तिवारी एवं डॉ0 विवेक सिंह रहे। अपने उदबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डी0 के0 त्रिपाठी ने कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है। हम सभी अपने मतदान के साथ, परिवार एवं समाज को भी मतदान करने एवं विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में अपना योगदान करें। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के0 पी0 सिंह ने कहा कि नए मतदाताओं के समक्ष नई चुनौती है। समाज, देश एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में उनका योगदान आवश्यक है। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 नीतू सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह तथा महाविद्यालय के शिक्षक यशस्वी प्रताप सिंह, बृजेश प्रताप के साथ साथ सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने किया।

पूर्व प्रधान के निधन पर परिवार को सांत्वना देने पहुंची सदर विधायक अदिति सिंह

रायबरेली। बीते दिनों स्वर्गीय पूर्व विधायक अखिलेश सिंह के करीबी रहे सदर विधानसभा क्षेत्र के एक पूर्व प्रधान के निधन को लेकर पारिवारिक जनों को साहस देने के लिए अदिति सिंह पहुंची। गुरुवार को जनपद के सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले राही ब्लाक के ग्राम जरौला में ग्राम के पूर्व प्रधान राम बहादुर यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। जिसको लेकर जानकारी मिलते ही मृतक राम बहादुर के परिवार को सान्त्वना देने के लिए पहुंची। इस दुख की घड़ी में मृतक परिवार को साहस देने सदर विधायक पहुंची विधायिका ने आर्थिक सहायता राशि देकर आगे भी पूरी मदद किए जाने का परिवार के लोगों को आश्वासन दिया। विधायिका अदिति सिंह ने कहा कि मृतक राम बहादुर यादव हमारे स्वर्गीय पिता स्वर्गीय अखिलेश सिंह के बहुत ही करीबी थे। उनके निधन पर यहां पहुंचकर परिवार को सहायता राशि देकर ढांढस बंधाया हैं।

उद्यान मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

रायबरेली। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन के क्रम में लालगंज एवं सरेनी से आये हुए सभी जिला पंचायत सदस्यो, ग्राम प्रधानो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासदों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सम्मेलन में आए हुए सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता के कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्हें एम.एल.सी निधि, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार के सहयोग से जनता के अति आवश्यक कार्यों को करने के लिए कहा गया। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने की चर्चा की गयी। उद्यान मंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में जनता के कल्याण के लिए सरकारी और लाभप्रद योजनाओं को धरातल पर उतरने का प्रयास करें।

गरीबों की आंखों में चमक मेरे जीवन का सपना

रायबरेली। इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के द्वारा डलमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवालय सलेमपुर में नेत्र परीक्षण निरूशुल्क ऑपरेशन एवम रोगियों को निरूशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय व एआईसीसी मेम्बर वीरेन्द्र यादव, एडवोकेट ने किया। नेत्र शिविर 10 बजे से 2 बजे तक चलाया गया जिसमें 129 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए और 56 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 27 लोगों को चश्मा लगाए गए मरीजों को आइ ड्रॉप दी गई। इस अवसर पर कमलेश यादव प्रधान, जगदीश यादव, के एस यादव, राकेश कुमार मौर्या, राजन मिश्रा, दीपक कुमार, अखिलेश यादव, रवी यादव चंदी का पुरवा, आलोक यादव समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

स्कूटी व चाय, पान की दुकान जलकर राख

सुलतानपुर (वीओएल)। बीती रात अज्ञात लोगों ने पान की गुमटी, चाय की गुमटी व छप्पर को आग के हवाले कर दिया। जब तक कस्वेवासी जगे तब तक आग की चपेट में आने से सारा सामान जलकर राख हो गया। गुरुवार की रात कुड़वार कस्बे के अलीगंज रोड पर संतोष तिवारी उर्फ बब्लू पुत्र रामेश्वर तिवारी की पान की गुमटी, सुरेश तिवारी पुत्र सीताराम तिवारी की चाय की दुकान का छप्पर व गुमटी निवासीगण पूरे तिलक तिवारी व कस्बे की निवासी आंचल अग्रहरी पुत्र रामजी अग्रहरी की स्कूटी को आग के हवाले कर दिया। जब तक अगल बगल के लोग जगे तब तक आग ने

विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई। घटना की तहरीर पीड़िता आंचल ने कुड़वार पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सुलतानपुर (वीओएल)। गुरुवार की रात बंधुआकला थाना क्षेत्र की किशोरी की घर के अंदर साड़ी के सहारे पंखे से झूलती मिली। परिजन किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामला बंधुआकला थाना क्षेत्र के खोखीपुर ग्राम पंचायत के पूरे मेंड़ई का पुरवा से जुड़ा है। गांव निवासी लक्ष्मी (15) पुत्री राजेंद्र घर के अंदर कमरे की सिटकिनी बंद करके पंखे के सहारे साड़ी से झूल गई। आनन-फानन में परिजनो ने किशोरी को कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। गंभीर हालत में किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने शव को मर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता ने बताया कि शाम को पड़ोसी से कुछ विवाद हुआ था जिसके बाद किशोरी घर के अंदर जाकर झूल गई। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्रीराम पांडे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

एनटीपीसी में साप्ताहिक योग शिविर शुरू

ऊँचाहार, रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित कर्मचारी विकास केंद्र की ओर से परमेश्वरी योग समिति के सहयोग से साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का विषय श्योग शिविर एवं तनाव प्रबंधनश रखा गया। शिविर का उद्देश्य योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन करना और जीवनशैली में योग को शामिल करने के महत्व से सभी को जागरूक करना है। योग शिविर के शुभारंभ अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थितजन से कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। दैनिक जीवन में योग को शामिल करने से जहां एक ओर तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है वहीं दूसरी ओर शरीर को रोग मुक्त बनाने में योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। शिविर के पहले दिन ऋषि विद्या सागर ने योग, प्राणायाम व ध्यान के महत्व को बताते हुए कहा कि योग का अभ्यास करने की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती है। उल्लेखनीय है कि ये साप्ताहिक योग शिविर कर्मचारियों व उनके परिवारजनों सभी के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न रोगों से उपचार हेतु योग व बिमारियों से बचाव के लिए योगाभ्यास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिविर के पहले दिन महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, अपर महाप्रबंधक (एनटीपीसी सेफ्टी एकादमी) आशुतोष पांडेय सहित अन्य विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सीआईएसएफ कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त मिलेगी बिजली, डाकिया करेंगे सर्वे

रायबरेली। डाक विभाग ने सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य सदैव तत्परता से किया है। इसी क्रम में भारत सरकार की श्प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनाश के अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगने हेतु डाक विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर सर्वे करेंगे एवं सोलर पैनल लगवाने के इच्छुक लोगों का डेटा सॉफ्टवेयर में फीड कर चिन्हित करेंगे। अधीक्षक डाकघर आर के अवस्थी ने बताया कि इस योजना के तहत अधिकतम 78000 रुपये तक की सब्सिडी भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। और 3 किलोवाट क्षमता तक के पैनल लगवाए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पैनल लगवाने हेतु लाभार्थी को अपनी जमीन या छत उपलब्ध करानी होगी। डाक अधीक्षक ने बताया कि गुगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध क्यूआरटी पीएम सूर्या घर एप के माध्यम से लाभार्थियों को पंजीकृत कराना होगा। इसमें लाभार्थियों को मोबाइल नंबर एवं छह माह के अंदर का बिजली बिल का कागजात अपलोड करना होगा। सोलर रूफ टाप सिस्टम स्थापित करने की लागत राशि लाभार्थियों को जमा करनी होगी। डाक विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर इच्छुक लाभार्थियों को सॉफ्टवेयर में अंकित करेंगे एवं समस्त जरूरी कागजात इसी सॉफ्टवेयर में अपलोड करेंगे। रायबरेली प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर सोहन लाल यादव ने बताया कि समस्त डाकिया कर्मचारी व सम्बंधित ग्रामीण डाक सेवकों को सम्बन्धित योजना के बारे में बताया जा रहा है , एवं सॉफ्टवेयर की कार्यशैली सिखाई जा रही है। पोस्टमास्टर ने कहा कि योजना के तहत लोगों को भारत सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। सोलर प्लांट लगाने से लोगों को एक सीमा तक हमेशा मुफ्त बिजली का लाभ मिलता रहेगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को सब्सिडी 30 हजार प्रति केबी के दर से दो केबी तक दिया जाएगा।

क्षेत्रीय कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

पत्रांक:पी.सी.एफ./क्षे.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2023-24/-248- दिनाॅक:-28.02.2024

हैण्डलिंग कार्य हेतु अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेंहू को जिलाधिकारी महोदय, द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेहूँ के **हैण्डलिंग कार्य** हेतु गोरखपुर मण्डल गोरखपुर के जनपद गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया एवं कुशीनगर के क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी क्षेत्रीय प्रबन्धक पी.सी.एफ. गोरखपुर, मण्डल गोरखपुर के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-9415409318 पर की जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी.सी.एफ.
गोरखपुर मण्डल गोरखपुर

नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

ऊँचाहार, रायबरेली। शुक्रवार को नगर के मौर्या डायग्नोस्टिक सेंटर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा 430 मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में रायबरेली के अलावा आस पास प्रतापगढ़, फतेहपुर, अमेठी , कौशांबी आदि से मरीज पहुंचे। जिनका जांच के बाद इलाज किया गया। आयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरपी मौर्य के नेतृत्व में डॉ. शशी शर्मा, डॉ. आशीष मौर्य, डॉ. प्रखर, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. सरिता मौर्या, डॉ. संदीप मौर्य, डॉ. श्रीनाथ ने मरीजों की जांच की और सभी को निःशुल्क दवाएं दी गई। आयोजक डॉ. आरपी मौर्य ने बताया कि शिविर में आर्थराइटिस, चर्मरोग, कंजेक्टिवाइटिस, ओवेरियन सिस्ट, गठिया, लीवर, पीलिया, गुर्दे की पथरी, बांझपन, इपीलिप्सी जैसे असाध्य व जटिल रोगों से पीड़ित 430 मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में आए सभी को जांच के बाद निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

जुआ खेलते 16 जुआरी गिरफ्तार

लालगंज ,रायबरेली। लालगंज पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान रामदेव यादव का बाग, रघुनाथ गंज के पास से दो अलग अलग फाड़ो में जुंआ खेल रहे 9 जुआरियों व 7 जुआरियों सहित कुल 16 जुआरियों सधई निषाद पुत्र सुंदरलाल निवासी खजूर गांव थाना लालगंज रायबरेली, श्रवण पारसी पुत्र गंगा दयाल निवासी पुरे बेसन थाना सरेनी, मनीष गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अमरीश गुप्ता निवासी खजूर गांव , अंकित साहू पुत्र हरिशंकर साहू निवासी खजूर गांव, फिरोज पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी खजूर गांव, उमेश निर्मल पुत्र सियाराम निर्मल निवासी रघुनाथ गंज, इंद्र बहादुर यादव पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम यादव निवासी रघुनाथ गंज ,दिलीप पत्थरकटा पुत्र भगवती प्रसाद निवासी खजूर गांव , अनिल पुत्र राजेश निवासी खजूर गांव थाना लालगंज रायबरेली के कब्जे से कुल माल फाड़ के 11230 नगद व जामा तलाशी से 4810 नगद 52 ताश के पत्तों व प्रदीप गोडिया पुत्र रामकिशोर गुड़िया निवासी रघुनाथ गंज, सुरेश कुमार यादव पुत्र बचऊ निवासी रघुनाथ गंज , रामकुमार चमार पुत्र कालू चमार निवासी रघुनाथ गंज शहाबुद्दीन पुत्र शमी निवासी खजूर गांव, प्रताप पत्थर कटा पुत्र सिद्धू निवासी राना का पुरवा, महेश कुमार यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी ईश्वरी गंज, रमन कुमार पासी पुत्र रामविलास पासी निवासी पुरे बेसन थाना सरेनी रायबरेली के कब्जे से माल फाड़ के 10760 रुपए व जामा तलाशी के 2200 रुपए नगद व 52 अदद ताश के पत्तों के साथ गिरफ्तार कर धारा 13 जुआ अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की है। गिरफ्तारी के समय उपनिरीक्षक राजेश यादव, कांस्टेबल नितिन परमार ,कांस्टेबल शिवप्रताप ,कांस्टेबल पंकज दहिया कांस्टेबल विकास कुमार ,कांस्टेबल राहुल सोलंकी ,कांस्टेबल अंकित यादव मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक : 959/न.पा.परि.रा./ सा.प्रशा. (ईओ)-निर्माण ई-टेण्डर/2023 दिनांक : 05.03.2024

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्र सं.-954/न.पा.प.रा./पीडब्लयू (ईओ)-ई-टेन्डरिंग /15वां वित्त/2023-24 दिनांक 29-02-2024 द्वारा 15वें वित्त आयोग/ अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत कुल 28 अदद् निर्माण कार्यो की निविदा का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में कराया गया था। जिसमें निविदा आंमत्रण की तिथि 01-03-2024 से 14-03-2024 समय 11.00 पूर्वान्ह तक निर्धारित की गयी है, जो दिनांक 14-03-2024 को समय 12.00 बजे खोली जानी है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अल्पकालीन ई-निविदा सूचना के माध्यम प्रकाशित 28 कार्यों की निविदा सूचना में रू. 10.00 लाख तक के कार्यों की निविदा दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 समय पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 07.03.2024 को समय 12.00 खो जायेगी। उक्त के अतिरिक्त रू.-10.00 लाख से अधिक के कार्यों की निविदा की तिथि यथावत रहेगी। निविदा में उपरोक्त संशोधन पड़ा जायें। अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

(स्वर्ण सिंह)	**(शत्रोहन लाल सोनकर)**
अधिशाषी अधिकारी	**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, रायबरेली	**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में दो घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी कमला देवी पत्नी प्रेमपाल सिंह व हैदराबाद थाना क्षेत्र के अजान गांव निवासी संचित पुत्र राधे सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने दोनो को रेफर कर दिया।

छत से गिरकर घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुडवारा निवासी 55 वर्षीय अकील पुत्र घुरई छत से गिरकर गंभीर घायल हो गये। घायल को आनन-फानन में सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

बाघ ने अब भैंस को बनाया निवाला

तिकुनिया खीरी। खैरेटिया क्षेत्र में बाघ की दहशत बढ़ती जा रही है। मझरा पूरब जंगल के बाघ ने ग्राम खैरटिया निवासी जग्गा सिंह की भैंस को उस समय निवाला बना लिया जब भैंस बाबा कुटी के पास घास चर रही थी। सूचना मिलने पर वन विभाग सक्रिय हो गया है।वन रेंजर भूपेंद्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। शुक्रवार को करीब 1 बजे गांव खैरेटिया निवासी जग्गा सिंह की भैंस बाबा कुटी के उत्तर दिशा की ओर नाला के पार घास खा रही थी इस बीच बाघ ने पीछे से आकर भैंस को अपना निवाला बना लिया। भैंस के चिल्लाने पर जग्गा सिंह ग्रामीणों के साथ लाठी डंडा लेकर मौके पर दौड़े तब तक बाघ भैंस को मार चुका था। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर भूपेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों के साथ जंगल में कांबिंग की।ग्रामीणों ने पिंजरा लगाकर बाघ को पकड़ने की मांग की है।रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एसटीएफ के जवान वन विभाग के साथ गश्त कर रहे हैं।

गैस सिलेंडर फटा अधेड़ की मौत

हरपालपुर/हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के अंदनिया गांव में एक घर में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास के दौरान घर में रखा गैस सिलेंडर फटने से एक अधेड़ की मौत हो गई है।जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अरवल थाना क्षेत्र के अंदनिया गांव निवासी बृजलाल के घर में किसी तरह शुक्रवार की दोपहर आग लग गई। उस वक्त घर के सभी सदस्य खेत में पानी लगाने गए थे। आगजनी की जानकारी पाकर पास पड़ोसी आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। तभी वहां रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे गंगाराम 55 पुत्र स्वर्गीय गिरवर की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक के परिवार में चार पुत्र व दो पुत्री हैं। जबकि जितेंद्र 30 वर्ष पुत्र कालीचरन, सुआलाल 30 वर्ष पुत्र रामलखन, रवि 29 वर्ष पुत्र छविनाथ, सोनेलाल 58 वर्ष पुत्र सुमेंर, जगदीश 56 वर्ष पुत्र राजाराम घायल हो गए है। घायलों को सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया है। जहां जितेंद्र की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल लेकर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशकत के बाद आग पर किसी प्रकार काबू पाया है। सूचना पर मौके पर पहुंची राजस्व टीम के साथ नायब तहसीलदार आभा चौधरी मैं पहुंच कर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है वहीं मृतक के सबको कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

70 दिव्यांगों को दिए कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण

दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य : टेनी

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जीआईसी ग्राउंड में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह संग 40 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण और 30 दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम अंग की सौगात दी। कार्यक्रम का संयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने किया।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र ₹टेनी₹ ने विधायक योगेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह संग शिविर का शुभारंभ किया।

इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशुशेखर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय सागर मौजूद रहे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम बनाना है।

केंद्र सरकार ने 10, वर्षों से लगातार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। निःशुल्क वितरित किए जाने वाले अंगों, सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता जाग्रत होगी। साथ ही उनके दैनिक जीवनशैली में भी सुविधा प्रदान होगी।

उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिव्यांगों के विषय को गंभीरता, प्रमुखता से लिया। दिव्यांगों के जीवन में सुविधा बढ़े, इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार दिव्यांगों के कानूनी अधिकार दिलाने एवं उन्हें सुनिश्चित कराने को एक नया अधिनियम लाए। दिव्यांगों के जीवन में अधिक उत्कृष्ट लाने के लिए अनेक सुविधाएं दी।

दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग : डीएम

प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आइये, हम सभी दिव्यांगों का सम्मान करने और उन्हें उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प लें। दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षा, पेंशन, आवास तथा स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही।

हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कुम्भी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार करा कर उसका सौंदर्यीकरण कराए जाने के बाद हाईमास्ट लाइट लगवाई गई है। शुक्रवार को मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने पीएचसी पर पहुंच हाई मास्ट लाइट का भी लोकार्पण किया।

इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा डॉ गणेश, कुम्भी चीनी मिल के मुख्य महा प्रबंधक सुनील कुमार यादव, गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार, अरविंद सिंह, संजय सिंह, जयसिंह, संदीप सिंह, रामशंकर शुक्ल पूर्व प्रधान मगदापुर, इंद्रजीत सिंह लाडी, अमरीक सिंह, जुबेर खान समेत तमाम अन्य लोग भी मौजूद थे।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में विकास खंड धौरहरा के बीआरसी ग्राउंड में कस्तूरबा प्रांगण में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मधुरेश पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। जिसका शुभारंभ कस्तूरबा की शिक्षिका के द्वारा कबड्डी, वालीबाल, खो-खो एवं रस्साकसी आदि विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।

कबड्डी में कस्तूरबा जूनियर टीम, जय मिश्रा कोचिंग सेन्टर कबड्डी क्लब, सनराइज एकेडमी, जायसवाल कोचिंग की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता टीम जय मिश्रा कबड्डी क्लब व उप विजेता जायसवाल कबड्डी ब्रिगेड की टीम रही।वालीबॉल में सनराइज एकेडमी, जय मिश्रा वालीबाल क्लब, कस्तूरबा विद्यालय की टीमो ने प्रतिभाग किया जिसमें कस्तूरबा विजेता जबकि जयमिश्रा वालीबाल क्लब उपविजेता रही। खो खो में परम शक्ति, स्पीडोराइटर, खो खो किंग, वीरंगना हिल, कस्तूरबा फाइटर की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें परमशक्ति विजेता व कस्तूरबा हिल उपविजेता रही। रस्साकशी में किंग्स इलेवन, सनराइजर्स, जोधाशक्ति, डेयर डेविल्स टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्पीडोरायटर विजेता व जोधाशक्ती उपविजेता रही। सभी विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र मेडल ट्राफी सांसद रेखा वर्मा एवम विधायक विनोद शंकर अवस्थी,,सुदीप निगम, खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष पांडेय जी के कर कमलों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शोभित तिवारी ,विनोद जायसवाल जय मिश्रा, कस्तूरबा की खेल शिक्षिका, योगेश योगी जितेंद्र दीक्षित, रोहित तिवारी का सहयोग रहा।

एमएलसी ने ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

ओयल खीरी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद एमएलसी अनूप गुप्ता द्वारा दोपहर करीब 12 बजे ओयल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ट्रामा सेंटर ओयल का औचक निरीक्षण किया गया।

इस औचक निरीक्षण में अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारु रूप से अनुपालन कर मरीजो आम जन मानस को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान हो रही है या नहीं इस संबंध में अनूप गुप्ता द्वारा बारीकी से निरीक्षण कर जानकारी की गयी। अचानक हुए अस्पताल के औचक निरीक्षण में एम एलसी अनूप गुप्ता ने आये हुए मरीज एवं तिमारदारो से चिकित्सक एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछा जिसके उपरांत मरीजो ने चिकित्सक डॉक्टर जेड ए खान द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है बात कही। निरीक्षण के दौरान अनूप गुप्ता ने अस्पताल में कोई समस्या तो नहीं हो रही है यह जानकारी भी की। अस्पताल में सफाई कर्मचारी न आने की जानकारी मिलने पर अनूप गुप्ता ने तत्काल बेहजम ब्लॉक डीपीआरओ सौम्य शील सिंह को फोन के माध्यम से फटकार लगाई और एक सफाई कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए साथ ही एम एल सी ने ट्रामा सेंटर में प्रकाश व्यवस्था के संबंध में जानकारी कर एक हाइमास्ट लाइट लगवाने के लिए भी आश्वासन दिया और प्रतिनिधि रानू गुप्ता से प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। ट्रामा सेंटर में लैब असिस्टेंट का कार्य देख रहे पंकज शुक्ला सुबह से अस्पताल में नदारद थे जो कि औचक निरीक्षण के पांच मिनट पूर्व अस्पताल में तैनात दिखे।

इस संबंध में एमएल सी अनूप गुप्ता से वार्ता की गयी तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को प्रदान की जा रही है या नहीं इसलिए औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर मिली। हुए सभी मरीजों से भी जानकारी की गयी चिकित्सक जेड ए खान की मौजूदगी में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।उधर दूसरी तरफ निरीक्षण के पश्चात एमएलसी अनूप गुप्ता का ओयल के बूथ संख्या 83 स्थल माँ काली मंदिर पर प्रवास कार्यक्रम भी था जिसमे बूथ अध्यक्ष के साथ पन्ना प्रमुखो का सत्यापन कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ उसके बाद लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम भी हुआ जिसमे एमएलसी अनूप गुप्ता हर घर जाकर योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से मिले। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिभा, रानू गुप्ता, उमा बक्श, राकेश गुप्ता, दिलीप कश्यप समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

विधायक ने किया सोलर पैनल सिस्टम का लोकार्पण

छात्राओं को किया पुरस्कृत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। क्षेत्र के अहमदनगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 7.5 किलोवॉट का सोलर पैनल का लोकार्पण के बाद छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

शुक्रवार को हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बलरामपुर ग्रुप द्वारा लगवाए गए सोलर पैनल के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक अमन गिरि ने सोलर पैनल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिन्हें पुरुस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। लोकार्पण समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, कुंभी चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक डॉ सुनील कुमार यादव, गुलरिया चीनी मिल के महाप्रबंधक योगेश कुमार, ग्राम प्रधान मुकेश गुप्ता, केके शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा, रक्षपाल, भोली गिरी, गौरव वर्मा, आलोक जायसवाल, इजरान, सुरेश जायसवाल, कफील अहमद, दानिश राइन, अन्नु दीक्षित, हर्ष अवस्थी और तमाम सभासद और अन्य लोग मौजूद थे।

मंत्री दानिश ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

लखीमपुर खीरी। जिले में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जनपद लखीमपुरखीरी आए सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।

शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि पीएम जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत राजकीय आईटीआई फूलबेहड़ ब्लॉक फूलबेहड़ योजना के निर्माण प्रगति पर है, सदभाव मण्डप लन्दनपुर ग्रन्ट ब्लॉक कुंभी गोला के समस्त कार्य पूर्ण कर दिये गये सम्बन्धित विभाग को हस्तानान्तरण की कार्यवाही प्रगति पर है। साथ ही राजकीय आईटीआई वजीरगंज ब्लॉक बाकेगंज को सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित किया जा चुका है। राजकीय पालीटेक्निक खीरी के अतिरिक्त कक्षा कक्ष तथा कार्यशाला का निर्माण कार्य में कार्यदायी संस्था के अनुसार उक्त योजना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। यथाशीघ्र उक्त योजना हस्तानान्तरण कर दी जायेगी। श्री अंसारी ने लंबित कार्यों की स्थिति जानते हुए कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी बीच श्री अंसारी ने जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों से बातचीत कर समुदाय की समस्याओं के बारे में जाना। कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार अल्पसंख्यक संप्रदाय के लोगों के प्रति काफी संवेदनशील है। अल्पसंख्यक वर्गों के सामाजिक उत्थान, आर्थिक विकास एवं बेहतर शिक्षा के लिए सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है। इस दौरान भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सिकंदर अली, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह, कनिष्ठ सहायक ब्रजेश कुमार, सुनील कुमार सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शैक्षिक भ्रमण में बच्चों को मिली महत्वपूर्ण जानकारियां

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर से 75 बच्चों के एक दल को शैक्षिक भ्रमण को भेजा गया।बच्चों ने नानकमत्ता पहुंच तमाम जानकारियां ली।

शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर कालोनी के आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर से बच्चों के 75 बच्चों का एक दल को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने नानकमत्ता स्थान पर जाकर दर्शन किए और माधौटांडा में गोमती नदी पर भव्य मंदिरों का दर्शन कर बच्चों को नई-नई जानकारियां दी गई। जहां पर बच्चों ने स्विमिंग पूल तथा नानक देव मंदिर में दर्शन किए। प्रसाद ग्रहण किया और ढेर सारा आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बच्चों के साथ स्कूल के 19 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी नानकमत्ता में दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। भ्रमण के दौरान प्रधानाचार्य राजेश कश्यप, लक्ष्मी देवी, काजल वर्मा, सोहनी गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा, सौम्या वर्मा, उपासना सिंह, श्वेता वर्मा, मोहिनी देवी, मेहनाज बानो, अंशिका कश्यप, पिंकी देवी, सुमित यादव, रामनरेश वर्मा, योगेश कश्यप भी साथ मौजूद थे।

खेल प्रतियोगिता संपन्न

हरदोई। नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक मल्लावां के ग्राम पंचायत बांसा के नारायण सोनमती इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराज सिंह बाबा जी व विशिष्ट अतिथि मंडल उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रबंधक अनुज कुमार, अतुल कुमार मौजूद रहे। प्रतियोगिता में चार प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।खो खो की प्रतियोगिता में बॉम्बेस्टर टीम ने प्रथम व ठरक्ऊ नयागांव टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कबड्डी की यूपी योद्धा टीम ने प्रथम स्थान तथा ठ र कउ बासा टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्सा कशी प्रतियोगिता में दबंग टीम ने प्रथम स्थान तथा ठ र क उ कंथरी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रउ इडर बालीबॉल क्लब ने प्रथम स्थान व वर्मा बालीबॉल क्लब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

गन्ना मूल्य भुगतान न होने से किसान परेशान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। होली का त्योहार सिर पर आ गया है, लेकिन गन्ना किसानों को स्थानीय चीनी मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान न किये जाने से उसे दयनीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि इसका असर उसकी आगामी फसलों की बुवाई पर पड़ रहा है और किसान इसके लिए चीनी मिल व प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। प्रदेश के किसानों और आम लोगों ने जिस उम्मीद के साथ भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाया था वे बेमानी साबित होकर रह गई हैं। जिससे किसानों को तो तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान रोजमर्रा की जरूरत, होली के त्योहार पर कपडे.और पर्व का सामान तक नहीं खरीद पा रहा है क्योंकि उसके बकाया गन्ना मूल्य का पूर्ण भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे उसे गन्ना, सहित अन्य फसलों की बुवाई में भी दिक्कतें आ रही हैं और वह खाद पानी तक नहीं जुटा पाने में असमर्थ है। यहां तक की गन्ने की छुलाई और उसे मिल तक लाने के ट्राली का किराया देने में भी लाले पड़े हुए हैं और किसानों का यह गुस्सा आगामी चुनावों में सरकार पर फूटना तय माना जा रहा है।

पत्नी को विदा कराने गये पति की पिटाई

शाहाबाद (हरदोई)। पत्नी को विदा कराने गये एक पति की उसकी ही ससुराल मे सास, श्वसुर तथा उसके साले ने जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली मे तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध मे रेहान पुत्र सराफत निवासी मोहल्ला नेकोजई थाना शाहाबाद जनपद हरदोई का आरोप है कि वह 1 मार्च 2024 को दिन के ग्यारह बजे के लगभग अपनी पत्नी नूरी को बुलाने मोहल्ला गढी चांद कोतवाली शाहाबाद जिला हरदोई गया था उसके साथ उसकी भाभी नसरीन पत्नी नजाकत भी गयी थी। ससुराल मे उसके साले निहाल पुत्र राशिद, श्वसुर राशिद तथा सास शायदा पत्नी राशिद निवासी गढी चांद थाना शाहाबाद जिला हरदोई ने उसे अकारण गाली गलौज किया तथा लात, घूंसो तथा लाठी डन्डो से बुरी तरह मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की 323/504 के तहत एनसीआर दर्ज कर ली है।

भाकियू ने संगठन का किया विस्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का विस्तार कर बिजली समस्या को लेकर आवाज उठाई गई। शुक्रवार को संगठन का ग्राम पकरिया में भाकियू की बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से संजय वर्मा को जिलाध्यक्ष, सुरजीत सिंह को जिला उपाध्याय बनाया गया है। उसके साथ 5 मार्च को लखनऊ में बिजली की समस्याओं को लेकर होने वाली महापंचायत के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई।तय किया गया है कि यहां से तमाम लोग महा पंचायत में हिस्सा लेने जाएंगे। इस मौके पर बाबूराम, पंकज कुमार, रोहित कुमार समेत तमाम किसान मौजूद थे।

दो वारंटी गिरफ्तार

पाली/हरदोई। जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देश में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में अपराह्न पाली पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 10-10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित 02 वांछित नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों का पुलिस ने चालान कर दिया। पाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के फरार वारंटी फुरकान (22) पुत्र सादिर अली निवासी मोहल्ला आबिदनगर कस्बा व थाना पाली, नाजिर अली उर्फ राजा (26) पुत्र छोटे निवासी मोहल्ला काजी सराय कस्बा व थाना पाली को सोल्जर बोर्ड चौराहा शहर कोतवाली जनपद हरदोई से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर दोनों ईनामी नफर वारंटियों को न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि कस्बा पाली निवासी फुरकान व नाजिर उर्फ राजा को अपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाये जाने गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया था। ये दोनों ईनामी वारंटी काफी समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय से वारंट जारी होने पर पाली पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। दोनों नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय, उपनिरीक्षक शिवशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

गला दबाकर हुई अतिचंद की मौत, पुलिस ने जल्दी ही खुलासा करने का किया दावा

तिकुनिया खीरी। बनबीरपुर गांव निवासी अतिचंद की मौत दम घुटने से हुई थी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बनवीरपुर निवासी भगौती का लड़का अतिचंद 16 फरवरी को देर शाम घर से चला गया था, और नौवे दिन उसका शव सिसवारी गांव में आसाराम वर्मा के खेत के किनारे मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक की पत्नी सरोजिनी ने पुलिस को दी तहरीर में किसी प्रकार की रंजिश से इंकार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दम घुटने से मौत हुई है, जांच चल रही है जल्द ही घटना का पदार्फाश कर लिया जाएगा।

शपथ ग्रहण समारोह आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गोला प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर वेलफेयर सोसाइटी की 39वीं सेरेमनी शहर रोड लखीमपुर स्थित सिद्धि विनायक पैलेस में आज शाम 6 बजे से आयाजित होगा। यह जानकारी समिति के सचिव डॉ अभिषेक मेहरोत्रा ने ने दी है। उन्होनें बताया कि समारोह में मुख्य अतिथिएसडीएम रत्नाकर मिश्रा और विशिष्ट अतिथि लखीमपुर के डॉ एसपी वर्मा मौजूद रहेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई—निविदा सूचना : ओटी—19—2023

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सं॰: ओटी-19-2023, कार्य का विवरण: सहजनवाँ - दोहरीघाट नई लाइन परियोजना से सम्बन्धित पेगिंग प्लान तैयार करने, ओवर हेड/अण्डर ग्राउण्ड ट्रैक क्रासिंग बनाने, वायरिंग, पावर सप्लाई और सैक्शनिंग आरेख, टीएसडब्लूआरडी/एसडब्लूआरडी आदि की डिजाइनिंग के लिए नई लाइन का पैदल सर्वेक्षण इत्यादि कार्य। अनुमानित लागत: रू० 29,59,970.40, बयाना राशि : रू० 59,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू० निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 22.03.2024 को 15.00 बजे।

नोट : ● इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर—II/निर्माण/गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत – 289

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि-पारेषण भवन, कक्ष सँख्या 212, एस.एल.डी.सी. परिसर, निकट मंत्री आवास, विभूति खण्ड -2, गोमती नगर, लखनऊ ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/निमार्ताओं से निम्नलिखित कार्य के सम्पादन हेतु सीलबन्द ई-निविदायें दो भागों में ई-टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है। **अति अल्प कालीन ई-निविदा संख्या-19-विपाखद्वि (ल)/2023-24** वि. पारे. खण्ड-II, लखनऊ के अधीन 132 केवी उपकेन्द्र एन.के.एन. पर स्थापित 132 केवी मेन बस बार को सिंगल पेन्थर कन्डक्टर से सिंगल मूज कन्डक्टर में परिवर्तित करने हेतु एवं अन्य सम्बंधित कार्य-धरोहर राशि रू. 1500.00 ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 07.03.2024, समय 13.00 बजे, ई-निविदा भाग-2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार बेवसाइट पर सूचित किया जायेगा। ई-निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 590.00 (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित)। ई-निविदा का भाग प्रथम व द्वितीय-प्राइज बिड (दरें एंव शर्तें) www.etender.up.nic.in पर भरी जायेगी। भाग-1 में धरोहर धनराशि व निविदा प्रपत्र मूल्य जोकि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड- द्वितीय, लखनऊ के खाता सँख्या- **0758002100009361**, IFSC code-**PUNB0691100** पंजाब नेशनल बैंक शाखा विजयन्त खण्ड, लखनऊ में RTGS/NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण कर यू.टी.आर. संख्या तथा पे-स्लिप की प्रति www.etender.up.nic.in web site पर निविदा प्रपत्रों के साथ स्व प्रमाणित पैन एवम जी.एस.टी. में पँजीकरण प्रमाण-पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र व अर्हकारी शर्तें एवं अन्य सम्बन्धी प्रपत्र तथा निविदाओं के द्वितीय भाग में मूल्य/दरें www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06.03.2024 को 04.00 बजे तक ही Up-Load की जानी है। ई-निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र निर्धारित तिथि पर 12.00 बजे अथवा उसके उपरान्त ही Down Load किये जायेगें। निविदाओं के प्रथम भाग के मूल्यांकन के उपरान्त उपयुक्त पायी गयी निविदाओं के ही द्वितीय भाग Down Load/खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारीए नियम व अर्हकारी शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है जो www.etender.up.nic.in द्वारा Down Load या अवलोकित की जा सकती है। ई-निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय तक स्वीकार की जायेगी एंव निर्धारित समय पर खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये ई-निविदा/ई-निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' (पत्रांक : 285, दिनांक 01.03.2024)

संक्षेप

लकड़ी काटने को लेकर विवाद

पाटन, उन्नाव। दबंग द्वारा आम की सूखी लकड़ियां काटने से मना करने पर उत्तेजित होकर विपक्षी गणों ने गाली गलौज कर पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की घटना में पीड़िता को गंभीर चोटें आई है पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचवा की गुड्डन देवी पत्नी लल्लू प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और बताया कि गुरुवार को गांव के राम सजीवन अपने पुत्र संतोष के साथ हमारे आम पेड़ की सूखी लकड़ी काट रहे थे मेरे मना करने पर पिता पुत्र दोनों उत्तेजित हो गए, और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर मुझे पिता पुत्र ने मिलकर मारा पीटा तथा बेइज्जत कर जान से मार देने की धमकी दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय ने बताया की प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

कस्बे में निकली कलश यात्रा

महमूदाबाद/सीतापुर। रामपुर मथुरा कस्बे में निकली गई कलश यात्रा 9 मार्च शनिवार को होगा कन्या भोज व विशाल भंडारा। 22 फरवरी से 8 मार्च तक मुरलीधर मंदिर पर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे भरी संख्या में महिलाओं व बच्चो ने कलश यात्रा चंद्रभागा नदी से जल भरकर गुमानेश्वर मंदिर होते हुए संगत, मेन मार्केट से होते हुए पुनः वापस यज्ञ मंडप मुरलीधर मंदिर पहुंची। कथाव्यास प्रमोदानंद ने बताया कि 9 मार्च शनिवार को कन्याभोज तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में लक्ष्मी नारायण मौर्य, फौजीलाल मिश्रा,रवि कुमार,विनीत मिश्रा, पुत्तन दीक्षित, राममनोरथ अवस्थी, छोटकन्नु अवस्थी, राजकुमार, दुजेश वर्मा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में युवक का फंदे पर लटकता मिला शव घटना के बाद पत्नी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संदना थाना क्षेत्र के सैदापुर निवासी युवक प्रवीण 22 पुत्र गंगाराम का शव उसके घर के कमरे में शुक्रवार सुबह फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना से परिजनों समेत पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस ने मामले की पुछताक्ष भी शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि युवक की शादी छः माह पूर्व हुई थी। मामले में थाना प्रभारी संदना सुरेश पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मंडल स्तरीर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

आजमगढ़। जिला मुख्यालय पर आयोजित दस दिवसीय मंडल स्तरीर प्रशिक्षण शिविर में एंबुलेंस की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए तीनों जनपदों में संचालित 108 व 102 एंबुलेंस के पायलटों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का यह आठवां बैच है। जिसमें आजमगढ़, बलिया और मऊ के सभी एंबुलेंस पायलट शामिल हुए। शुक्रवार को इस प्रशिक्षण की शुरूआत संस्था के हेड ऑफ ऑपरेशन अर्जित पांडेय ने की। उन्होंने एंबुलेंस पायलट को गाड़ी चलाते समय सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। आपातकाल में कैसे संयमित होकर जरूरतमंदों को सेवा दें, इस बारे में बताया गया। पायलट को ट्रैफिक नियम और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में जानकारी दी गई। लखनऊ से आए ट्रेनर धर्मेंद्र व मंतोष ने पायलटों को समय से एंबुलेंस पहुंचाने और सुरक्षित ड्राइविंग व अन्य चीजों के बारे में जानकारी दी। 10 दिनों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में मंडल के सभी एंबुलेंस पायलट का प्रशिक्षण होना है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक सुमित सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मजहर हुसैन एवं सिद्धार्थ, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

एनडीपीएस में सजा

सीतापुर। मानपुर थाने में 2010 में मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दासपुर निवासी अजय यादव पुत्र सुरेंद्र यादव के खिलाफ एनडीपीएस का केस दर्ज किया गया था। इस मामले में न्यायालय- अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने साक्ष्यों को देखने व दोनों पक्ष के वकीलों की बहस सुनने के बाद अजय यादव को दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने अजय यादव को एक वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

भूलचूक से हुए पापकर्मों का प्रायश्चित जरूरी

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन जूनियर वर्ग हिंदी मीडियम में माता शारदे, राष्ट्रवादी कवि महेंद्र शास्त्री सरल, लक्ष्मीकांत रस्तोगी, सीता रस्तोगी की मूर्तियों का लोकार्पण पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी व पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, मुंडा गोपाल आश्रम के पुजारी सत्यानंद महराज व महमूदाबाद की एसडीएम शिखा शुक्ला ने संयुक्तरूप से किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. अम्मार रिजवी ने कहा कि जीवन में भूलचूक से हुए पापकर्मों के लिए प्रायश्चित करना अति आवश्यक है। जिस कार्य से देश का भला हो वहां जाना चाहिए और वही कार्य करने चाहिए। हमारा स्वभाव जुगनू की तरह होना चाहिए, सत्य की ही सदैव विजय होती है। कार्यक्रमाध्यक्ष पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में पांच प्र प्रयास, प्रतीक्षा, प्रार्थना, परीक्षा, परिणाम को आत्मसात करते हुए लगातार प्रयासरत होना चाहिए। उन्होंने महेंद्र शास्त्री सरल की अपने जीवन को सफल बनाने संबंधी स्मृतियों को साझा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार समाज एवं देश को दिशा देने की शक्ति रखता है और उसे अपनी प्रतिभा व सामर्थ्य के अनुसार देश के विकास में योगदान देना चाहिए। मुंडा गोपाल आश्रम के स्वामी सत्यानंद ने महेंद्र शास्त्री सरल से जुड़े अपने जीवन के संस्मरणों का साझा किया। इससे पूर्व डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, दिनेश वाजपेयी, मिथिलेश वाजपेयी, जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनंत रत्न वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने किया।

कवियों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व आम जनमानस को किया आनंदित

महमूदाबाद/सीतापुर। सीता इंटर कॉलेज महमूदाबाद जूनियर वर्ग में मूर्तियों के अनावरण के मौके पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम जनमानस को आनंदित किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवि भवानी शंकर तिवारी द्वारा मां शारदे की वंदना से किया गया। बाराबंकी से पधारे प्रसिद्ध छंदकार, ओज व शौर्य के सशक्त हस्ताक्षर राम किशोर तिवारी ने पढ़ा कि ह्यतुम अधूरे नहीं तुम अभागे नहीं, बात इतनी सी है आप जागे नहीं। वंदन अभिनंदन करते हैं, हम पावन परिपाटी का माथे पर चंदन करते हैं।

महेंद्र शास्त्री सरल पर कविता पाठ करते हुए पढ़ा कि धन्य परिवार धन्य शास्त्री सरल, धन्य है विरल सरल सा भाई हैह्व सुनाकर सभी को आनंदित किया। कवियित्री एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने मां महिमा का बखान करते हुये पढ़ा कि ह्यकितनी रातें की तुमने हमारे नाम पे, लक्ष्य था मेरा चली तुम हर डगर मेरे साथ में, तुमने जब खुद को मिटाया, जल के माचिस की तरह, तब जले लाखों दिए, महफिल में मेरे शान में, वीर रस के कवि रजनीश मिश्र ने पढ़ा ह्यबदलाव हो गया है अब उनके आचरण में, अब बाबरी समर्थक हैं राम की शरण में। प्रसिद्ध व्यंग्यकार अरुणेश मिश्र ने पढ़ा कि ह्यजो अपनी गाड़ियों में तिरंगा लहराते हैं, वही पूरे देश को चलाते हैं, अपने देश की जनता आम सड़क है, जनतंत्र एक ट्रक हैह्व सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। अनिल राज सहित अन्य ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत की। संचालन चेयरमैन आरके वाजपेयी ने किया। इस मौके पर पं. अखिलेश शास्त्री, केके शुक्ल, चंद्रकांत रस्तोगी, शशिकांत रस्तोगी, सोनम रस्तोगी, रामनाथ पांडेय, रमेश वर्मा, त्रिलोकीनाथ मौर्य, राजेश सिंह, केके सिंह, डा. अनिरुद्ध वर्मा, अवधराम मौर्या, अशोक नाग, ओम प्रकाश, अतुल वर्मा, डा. पीसी यादव, दीपक पांडेय, बब्लू वर्मा, रमेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में कविता प्रेमी मौजूद रहे।

हमारा आंगन -हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। विकासखंड बिसवां में खंड स्तरीय हमारा आंगन - हमारे बच्चे संचालित कार्यक्रम है। सरकार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए खलकूद सामग्री और बच्चों को रुचिकर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पुस्तकें व गणित किट उपलब्ध करा रही है।

यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा को मजबूती देगा। यह बात ब्लॉक संसाधन केंद्र सांडा में आयोजित कार्यक्रम में बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी होती है। खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है। इन्ही सुविधाओं के तहत यदि किसी विद्यालय में विकास से संबंधित कोई कार्य प्रस्तावित है तो उसको पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी व शिक्षकों की है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। सभी शिक्षक नामांकन व नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें। कार्यशाला में निपुण लक्ष्य पूरा करने वाले बच्चों और अभिभावकों को सम्मानित किया गया है। शिक्षकों द्वारा शिक्षण अभिरुचि व गतिविधि पर आधारित टीएम स्टाल भी लगाए गए। इस दौरान में एआरपी विनोद कुमार, डॉ संघ प्रिय गौतम, ब्रजेश कुमार, राजेश कुमार के साथ साथ शिक्षक कृष्णकांत, धीरेंद्र पटेल, मो आरिफ, फरीद गौरी, सईद अहमद, सारदा प्रसाद, मधुकर वर्मा, संजीव, प्रियंका चैधरी, आलोक मिश्रा, अशोक, चाँद मोहम्मद, शौरभ शुक्ल, चिन्मय मिश्र आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने युवा चौपाल का किया गया आयोजन

सीतापुर। शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा युवा चैपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग किया। श्री वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा की देश में फिर से भाजपा सरकार बनानी है। संगठन और समस्त कार्यकताओं के दम पर ही पार्टी देश में राज कर रही है। गांव गरीब किसान महिलाओं के लिए सराहनीय कार्य हो रहा है 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है। जिस संकल्प को हम सभी को पूर्ण करना होगा। युवा कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ की हड्डी बताया। साथ ही ग्राम सभा अमलोरा में श्री वर्मा ने लाभार्थी संपर्क कर सरकार की योजनाओं को बताया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने 400 पर के नारे का जय घोष किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लव कुश तिवारी,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लोकेश मिश्रा, युवा मोर्चा मंडल प्रभारी रामपुर मथुरा रामू शुक्ला,मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जय कुमार वर्मा,कंचन बाजपेई,रामू चैरसिया, राजा राम निषाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

84 कोशीय परिक्रमा का निरीक्षण

सीतापुर। विकासखंड गोंदलामऊ के अंतर्गत 84 कोसी परिक्रमा के प्रथम पड़ाव कोरौना और आठवा पड़ाव जरिगवा का औचक निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई लेकर फटकार लगाई। और अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए साफ सफाई दुरुस्त कराए जाने का आदेश दिया,साथ साथ पानी,शौचालय की साफ सफाई,मार्गो को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। बताते चले शुक्रवार को परिक्रमा के आठवें पड़ाव जरिगवां का सीडीओ निधि बंसल ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि साफ सफाई का कार्य चल रहा था उसमें और तेजी लाने की बात कही रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया ब्लॉक गोंदलामऊ के एडीओ पंचायत मनोज कुमार सिंह से कहा परिक्रमा के दौरान उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था की जाए जिसे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो हर जगह बिजली अथवा जनरेटर के माध्यम से लाइट व्यवस्था की जाए पानी अस्थाई शौचालय स्वास्थ्य संबंधी पर्याप्त व्यवस्था की जाए इस दौरान ब्लाक के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टमऐप के बारे में किया प्रशिक्षित

सीतापुर। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा गठित टीम जिसमें वनस्पति संरक्षण अधिकारी शैलेश कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. राहुल सुतार, फराज अहमद खान एवं शिवशंकर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से विकास भवन के सभागार में जिले के विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम एनपीएसएस ऐप के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

रीजनल सेंट्रल आईपीएम सेंटर के अधिकारियों द्वारा एनपीसएस. ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया गया। सर्वप्रथम वनस्पति संरक्षण अधिकारी शैलेश कुमार द्वारा आईपीएम में प्रयोग होने वाली विधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर उपस्थित कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। तदोपरान्त सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. राहुल सुतार ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों-बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए एनपीएसएस ऐप के माध्यम से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े बीमारियों की पहचान के साथ-साथ किसान अपने खेत से उन कीड़ों की बीमारियों की फोटो के साथ आवश्यक डाटा फीडिंग करके सीधे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने गांव से ही कीड़ों की बीमारियों की सूचना भेज सकते हैं तथा उनके अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में ऐप के माध्यम से ही उनके प्रबंधन से सम्बन्धित ऐडवाइजरी मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकते हैं।

भ्रष्टाचार आमजन के लिए अभिशाप से कम नहीं...

- संगठन ने मनोनीत किए पदाधिकारी, जताया हर्ष

जिला संवाददाता

नवाबगंज, उन्नाव। रिंकू भंडारी, आशीष राठौर व प्रियम शुक्ला को एंटी करप्शन क्राइम कंट्रोल फोर्स का डिप्टी चीफ व असिस्टेंट डिप्टी चीफ मनोनीत किया गया है। भ्रष्टाचार आम जनमानस के लिए एक अभिशाप से कम नहीं हैं, गरीब मध्यम वर्गीय लोगों को इसका सबसे ज्यादा शिकार होना पड़ता है। जिसके कारण उनकी मेहनत की कमाई विभागों के कुछ लोगों के जेबों में डालनी पड़ती है, हालाकि सरकारें भ्रष्टाचार से सिस्टम को मुक्त करने के भरपूर प्रयास करती रहती हैं परंतु चचाओं का जमीनी असर का प्रतिशत कमतर ही रहा है भ्रष्टाचार की घटनाएं यदा कदा सुनने को मिलती रहती है, लोगों को इसके दंश से सामना करना ही पड़ता रहा है। सामाजिक सहकारिता के अंतर्गत विभिन्न संगठनों को अनुमोदित कर रखा है। जिसके क्रम में एंटी करप्शन क्राइम कंट्रोल फोर्स भी है। नेशनल असिस्टेंट डिप्टी चीफ अजय कुमार द्विवेदी, स्टेट डिप्टी चीफ गोपीनाथ साहू ने जनपद एवम क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के विषय में जागरूकता लाने एवं रोकथाम हेतु संगठन का विस्तार करते हुए जनपद के नवाबगंज निवासी रिंकू भंडारी को डिप्टी चीफ व प्रियम शुक्ला, आशीष राठौर को जनपद का असिस्टेंट डिप्टी चीफ का पद भार ग्रहण कराकर प्रमाण पत्र दिया। उनसे अपेक्षा की गयी कि वह विस्तार करेंगे और सक्रियता से शोषितों वचितों के शोषण के रोकथाम में अपना सराहनीय योगदान देते रहेंगे। कार्यक्रम में उन्नाव डिप्टी चीफ अंकित कुमार भी उपस्थित रहे कई जिला के डिप्टी चीफ एवं अन्य लोग उपलब्ध रहे।

फांसी पर लटका मिला युवती का शव

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव त्रिपुरारिपुर खुर्द में गांव के बाहर तीन सौ मीटर दूरी पर नीम के पेड़ में चुनरी के सहारे फंदे से लटका 20 वर्षीय युवती का शव देखकर परिजनों के होश उड़ गये। मृतका के भाई ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। घटना स्थल पर सीओ, कोतवाली प्रभारी एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव त्रिपुरारिपुर खुर्द में 20 वर्षीय युवती शुक्रवार को सुबह करीब छः बजे खेत पर शौच क्रिया करने के लिए गयी थी। वहीं काफी देर तक सुमित्रा के घर वापस न आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया तो घर से करीब 300 मीटर दूरी पर माइनर के किनारे युवती का शव नीम के पेड़ से लटका देखकर होश उड़ गये। वहीं घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों का मजमा लग गया और मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह व वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। साथ ही परिजनों ने युवती की हत्या करके शव को पेड़ पर लटका देने का आरोप गांव के ही चार युवकों पर लगाया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं एसडीएम रणवीर सिंह ने कोतवाली पहुंचकर मृतका के परिजनों को समझाया तथा मृतका के भाई रामसुमेर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 29 फरवरी की शाम सात बजे बहन खेत शौच के लिए गई थी तभी गांव के ही श्यामू पुत्र शिव मोहन, शैलेन्द्र पुत्र कृष्ण कन्हैया, गोलू पुत्र राजकुमार, अंकुश पुत्र कृष्ण मुरारी ने बहन के साथ अश्लील हरकत कर मारपीट की थी, जिसमें चोटें आई थीं और जिसका उपचार सीएचसी में हुआ था। उसने बताया कि पुनः शुक्रवार को सुबह बहन सुमित्रा शौच क्रिया करने खेत पर गयी थी। वहीं चार आरोपियों ने बहन सुमित्रा को मार करके नीम के पेड़ में लटका दिया। पुलिस ने शिकायती पत्र में चार आरोपियों के विरुद्ध हत्या की धारा में मामला दर्ज कर लिया है। मृतका की मां पियारा व पिता एवं तीन भाइयों में रामसुमेर, शिवकुमार, रामराज का रो-रोकर हाल बेहाल रहा। इस संबंध में सीओ सोनम सिंह ने बताया कि गुरुवार को मृतका के शिकायती पत्र पर श्यामू के विरुद्ध मारपीट की धारा में एन०सी०आर दर्ज हुई थी। वहीं मृतका के भाई की शिकायती पत्र पर श्यामू समेत आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

नवागत बीडीओ ने संभाला पदभार

बिछिया, उन्नाव। नवागत खंड विकास अधिकारी ने अपना कार्यभार संभाला और सभी कर्मचारियों की बैठक बुलवाई। जिसमे सरकार की योजनाओं में हीलाहवाली न करने और फरियादियों के काम जल्द निपटाए जानें के निर्देश कर्मचारियों को दिए। ब्लाक बिछिया में खंड विकास अधिकारी कुलदीप मिश्रा के स्थानांतरण हो जाने के बाद नवागत खंड विकास अधिकारी के पद पर पल्लवी सचान की नियुक्ति हुई है। जिसमे उन्होंने शुक्रवार को ब्लाक पहुचकर अपना पद भार संभाला। उन्होंने ब्लाक के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक की साथ ही सरकार की योजनाओ को लाभार्थियों तक पहुंचाने और विकास कार्यो में हीलाहवाली न करने को सभी को निर्देश भी दिए।

आरक्षी से महिला बनी अवर अभियंता साथियों ने दी बधाई

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाने में महिला आरक्षी के पद पर तैनात रीमा देवी का चयन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में अवर अभियंता सिविल के पद पर हुआ है। जिसका नियुक्ति पत्र जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रीमा को देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं इमलिया थाने के समस्त स्टाफ ने रीमा को बधाई दी।

सीतापुर के अंशुमान ने संदेह फिल्म में किया काम

सीतापुर। आज देश भर के सिनेमाघरों में संजय राय द्वारा बनी फिल्म सन्देह रिलीज हुई है। 1 मार्च को इसका सफल प्रीमियर हुआ लोगो को काफी पसंद आ रहा है। सीतापुर के लिए खास बात यह है कि इस फिल्म में के अंशुमान श्रीवास्तव को भी रोल मिला है। अंशुमान श्रीवास्तव ने इस फिल्म में पुलिसकर्मी की रोल निभाया है। सीतापुर के अंशुमान श्रीवास्तव को रोल मिलने की वजह से सीतापुर के लोगों का रुझान इस फिल्म की तरफ अधिक है। लोग अंशुमान का रोल देखने के लिए सिनेमानघरों में पहुंच रहे हैं। अंशुमान श्रीवास्तव सीतापुर के हेमपुरवा नारायण नगर के रहने वाले हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर प्रदीप श्रीवास्तव है। डायरेक्टर अयाज खान द्वारा निर्देशित फिल्म सन्देह युवाओं को अच्छा सन्देश देती है। फिल्म की दमदार पटकथा श्वेता श्रीवास्तव ने लिखी है। शुक्रवार को फिल्म के पहले शो में सन्देह की टीम मौजूद रही। इसमें पवन विक्रम, अंशुमान, राकेश अवस्थी बाल कलाकार तनिष्क अदिरज और अथर्व आदि शामिल हैं।

हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीतापुर। गत 27 फरवरी को हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम महिमपुर गन्ने के खेत में एक बालक का शव बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया था। इधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुकर्म के बाद बालक की हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने पंजीकृत अभियोग की विवेचना व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये आरोपी की तलाश में कल्याणपुर मोड़ के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने सौरभ पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम ककरहिया थाना हरगांव का गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक से आरोपी सौरभ का गांव में स्थित तालाब से मछली पकड़ने को लेकर विवाद हुआ था। जिससे क्षुब्ध होकर सौरभ ने इस वारदात को अंजाम दिया है। हरगांव थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले में धारा 377/404, 3/4(2) पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय, शुभम तोमर, शुभम शर्मा आदि शामिल हैं।

अज्ञात शव बरामद

सीतापुर। कोतवाली महोली इलाके में कुसैला ओवर ब्रिज पर पुलिस ने अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। घटना को लेकर तरह - तरह की चर्चाएं हैं। महोली कस्बे के नागरिक संदेह जता रहे हैं, कि हत्या करने के बाद शव को हाईवे पर फेंका गया है। पुलिस का कहना है कि शायद युवक की मौत सड़क हादसे में हुई है। कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला ने बताया कि देर रात या घटना हुई थी जानकारी मिली पुलिस मौके पर पहुंची वह दम तोड़ चुका था। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

शिक्षा मानव समाज के विकास के लिए जरूरी

आजमगढ़। मिजार्पुर ब्लाक क्षेत्र के खुदादादपुर गांव में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उलेमाओं सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा हासिल करने पर बल दिया। मुफ़्ती अहमद नेयाज कासमी ने कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से की। मौलाना ताहिर मदनी ने कहा कि अपने बच्चों की हर आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ अच्छी शिक्षा दीक्षा का प्रबंध भी अभिभावकों का दायित्व है। शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ, और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है। अपने समाज के प्रति जागरूक बनें तथा लोगों की भलाई का काम करें। संचालन मुफ्ती अहमद नियाज कासमी ने किया। इस दौरान डाक्टर शमीम अहमद, अहमद रेहान फलाही, मुफ्ती हस्सान, मुनीब कासमी, राशिद, डाक्टर मसरूर आलम दानिश, नसीब, अली कदर, हफीज अहमद आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगिल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106-Sig-Tender-20-2023-24
कार्य का नाम	प्रोविज़न ऑफ़ डोमिनो टाइप ऑपरेटिंग पैनल ऐट मिड सेक्शन इंटरलॉकेड एल.सी.गेट्स ओवर लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवे।
अनुमानित लागत	रु. 1,86,03,699.00
निविदा प्रपत्र की कीमत	निल
धरोहर राशि	रु. 2,43,000.00
कार्य पूरा करने की अवधि	270 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	25.03.2024 15:30 बजे तक
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।	http://www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट http://www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा प्रपत्र और बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–सिग–टेंडर–20/2023–24 दिनांक 01.03.2024 681/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

अवैध शराब बनाते एक गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब बनाते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोती नगर से मोढा को जाने वाले जंगल में कच्चे रास्ते से अभियुक्त दीपेश पुत्र डेविड निवासी किराये का मकान अतुल का मौहल्ला दुली आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को मय एक ड्रम टीन का 20 लीटर खाली चालू लहन कच्ची मिलावटी शराब बनाने का व एक कनस्तर 10 लीटर टीन का शराब एकत्र करने का व दो प्लास्टिक की पिपियां 10-10 लीटर मिलावटी कच्ची शराब से भरी व एक कलशा स्टील एक खाली 200 लीटर लोहे का ड्रम, कुल बरामद कच्ची शराब मिलावटी करीब 20 लीटर,एक गैस स्लेंडर 5 किग्रा मय चूल्हा व करीब 1 किलो यूरिया खाद व 100 ग्राम नौशादर व कच्ची मिलावटी शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाने भरे चौकी खाली

आगरा। ताज नगरी के सभी थाने भरे हुए हैं सभी पर थानेदार देना आते हैं लेकिन कुछ चौकी ऐसी हैं जिन पर महीना बीत जाने के बावजूद भी दरोगा की तैनाती नहीं हो सकी है सबसे पहले खाली चल रही थाना बरहन की आवल खेड़ा चौकी की बात करते हैं एक महीने से ज्यादा दिन बीत गए हैं खाली चौकी पर कोई तैनाती नहीं हो सकी है इस पर आकाश सोलंकी तैनात थे उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया उसके बाद कोई चौकी लेने के लिए तैयार नहीं है तो वहीं हाल ही में खदौली थाने के थानेदार एवं एक चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया था जिसमें मुढी चौकी प्रभारी बलराम सिंह तैनात थे उनके बाद चौकी खाली हो चुकी है तीसरी चौकी एत्मादपुर थाने की छलेसर चौकी है जिस पर राजीव सिंह थे उनको बरहन थाने की जिम्मेदारी दी गई है उसके बाद चौकी खाली हो गई है।

वर्तमान चेहरों पर पार्टी ने खेला दांव

आगरा। आगरा से एसपी सिंह बघेल फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर आगरा लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाने वाला है उससे पहले अभी पार्टी अपने पत्ते फेकने में लगी हुई भाजपा ने वर्तमान सांसदों को जिम्मेदारी दिए आगरा से एसपी सिंह बघेल फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर को जिम्मेदारी सौंप है अब देखना होगा कि इस चुनाव में आखिर जनता मोदी के नाम पर वोट देता है या फिर सांसदों के वोट में कुछ गिरावट आएगी दोनों सांसद विवादों में रह चुके हैं पार्टी के एक मंत्री द्वारा फतेहपुर सीकरी के सांसद पर गंभीर आरोप लगाए थे मुंबई आगरा के संसद पर भी क्षत्रिय समाज द्वारा लगातार आरोप लगाए गए हैं और लगाई जा रहे हैं क्षत्रिय समाज के लोग 10 मार्च को एक महापंचायत करने जा रहे हैं जिसमें अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्तमान सांसद के विरोध में इस महापंचायत का आयोजन किया जाएगा पार्टी द्वारा फिर से टिकट की घोषणा की गई है आखिरकार इस महापंचायत का असर कुछ दिखाई देगा या फिर ढाक के तीन पात होंगे अगर भाजपा प्रत्याशी का विरोध होता है तो सपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना राकेश बघेल की है उनको फायदा मिल सकता है लेकिन जनता और राजनीतिक लोगों का कहना है कि प्रत्याशी से कोई जनता को लेना देना नहीं है चुनाव मोदी और योगी के चेहरे पर होगा आखिरकार होना क्या है राजनीति के लोग अपना-अपना अनुमान लगाने में लगे हुए हैं।

श्रद्धालुओं ने किये लाइट में मंगला आरती के दर्शन



जिला संवाददाता (vol)

- कैबिनेट मंत्री के फोन के बाद जोड़ दिया बिजली का कनेक्शन

मथुरा। बरसाना स्थित विश्व विख्यात राधा रानी मंदिर की लाइट 12.66 लाख रुपए बकाए होने पर काटे जाने के बाद बिजली विभाग ने बीतीरात गन्ना मंत्री के यहां से आए फोन के बाद रात्रि दो बजे वहां का बिजली कनेक्शन जोड़ दिया। श्रद्धालुओं ने गुरुवार सुबह मंगला आरती के दर्शन लाइट में किए।

गौरतलब हो कि बरसाना राधारानी मंदिर के रिसीवर पद की खींचतान व कोर्ट में विचारनीय मुकदमे के चलते बिजली का 12.66 लाख रुपए बिल का भुगतान न होने के कारण बुधवार की शाम को विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मंदिर के कनेक्शन को काट दिया गया। उसके बाद सोशल मीडिया पर रात दो बजे तक मंदिर प्रबन्धन व बिजली विभाग ट्रॉल होते रहे। लोग यहां तक कह रहे थे कि कस्बे में विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से सैकड़ों कनैक्शन चोरी से चल रहे हैं। कुछ लोग कह रहे थे कि मंदिर के अलावा अन्य कई बड़ी फर्मों में लाखों बकाया होने के बाद भी बिजली चल रही है। कोई कह रहा कि मंदिर की लाइट काटने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ लोगों ने सीए योगी आदित्यनाथ को मंदिर की लाइट काटने की शिकायत की। वहीं क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मीनारायण के यहां से मनोज फौजदार ने देर रात विद्युत विभाग के जेई व एसडीओ को फोन कर मंदिर की लाइट काटने की जानकारी ली तो उन्होंने कोर्ट में विचाराणीय होने की बात पर मंदिर की लाइट जोड़ने की बात कही। इसके बाद कस्बे के भाजपा नेता युवराज सिंह ने बिल भरने की बात कहने पर रात दो बजे मंदिर की लाइट जोड़ दी। इससे पूर्व रात में समूचा मंदिर परिसर अंधेरे में डूब गया। मंदिर की सीढ़ियों में भी अंधेरा रहा। विभाग ने रात में दो बजे मंदिर की लाइट सुचारू करने के बाद सुबह मंगला आरती के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने रोशनी में राधा रानी के दर्शन किए। एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि मंत्री के यहां से फोन आने व स्थानीय लोगों के द्वारा बिल जमा कराने के आश्वासन के बाद उच्चाधिकारियों के संज्ञान के बाद मंदिर का कनेक्शन जोड़कर विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई।

जन्म भूमि और शाही ईदगाह विवाद में सुन्नी वक्फ बोर्ड ने बदला वकील

- मस्जिद पक्ष की बहस जारी

जिला संवाददाता (vol)

प्रयागराज। श्रीकृष्ण जन्म भूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बृहस्पतिवार को सुन्नी वक्फ बोर्ड ने अपना पक्ष रखने के लिए नए अधिवक्ता की नियुक्ति की है। अब इस मामले में अफजल अहमद पैरवी करेंगे। उधर, मस्जिद पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी की ओर से बहस की गई। उन्होंने सिविल वाद की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए। बहस न पूरी होने की वजह से कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 13 मार्च निर्धारित की है। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान एट कटरा केशव देव सहित कुल 18 वादों पर न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ सुनवाई कर रही है। मजिस्द पक्ष की ओर से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बहस कर रही अधिवक्ता ने सभी 18 सिविल वादों पर एक-एक करके पक्ष रखा। उन्होंने अब तक 17 वादों पर अपना पक्ष रखा है। अगली सुनवाई पर वाद संख्या 18वें पर अपनी बहस करेंगी। इसके पहले उन्होंने पूर्व के वादों में आपत्ति दर्ज कराई। कहा कि 1968 में हुए समझौते के तहत शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष वहां काबिज है। इसके अलावा 1991 का पूजा स्थल अधिनियम, वक्फ और लिमिटेशन एक्ट, स्पेसिफिक परफामेंस एक्ट के तहत इन वादों पर सुनवाई नहीं किया जा सकता है।

ये सारे एक्ट से सभी सिविल वाद पोषणीय नहीं है। उन्होंने सिविल वाद संख्या 11, 12 और 14 में वादियों की ओर से वाद की अस्वीकृति पर दाखिल आपत्तियों पर जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई की तिथि तक आपत्ति दाखिल करने का समय दिया। फिलहाल अभी मस्जिद पक्ष की बहस जारी है। इसके पूर्व अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल को सिविल वाद में न्याय मित्र बनाने को लेकर मस्जिद पक्ष की ओर से आपत्ति उठाई गई। जवाब में मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने विरोध किया। कहा कि वह प्रतिवादी की आपत्ति का जवाब देंगे। इसके लिए उन्होंने कोर्ट से समय भी मांगा। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की आगे की तिथि तय कर दी। बहस के दौरान मस्जिद पक्ष की ओर से वजाहत हुसैन, नसीरुज्जमां और मंदिर पक्ष की ओर से हरेराम त्रिपाठी, प्रभाष पांडे, प्रदीप कुमार शर्मा, सौरभ तिवारी, रीना एन सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह आदि, मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के कार्यक्रम का समापन

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के त्रिदिवसीय कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन देवस्थली एकेडमी, सिरसागंज में निदेशक विनोद कुमार अवस्थी एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ नगर पालिका परिषद सिरसागंज के अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह, अश्वनी कुमार जैन एवं विनोद कुमार अवस्थी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह ने बच्चों के मॉडलों की सराहना करते हुए उनको शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के मॉडलों के विषय में समझाते हुए उन्हें कामयाब होने का मंत्र भी दिया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर देवस्थली एकेडमी, सिरसागंज के बच्चों ने आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि 65 बच्चों ने 26 मॉडलों का प्रदर्शन सभी अतिथियों के समक्ष किया। जिसमें स्टेथोस्कोप, बेल्डिंग यन्त्र, स्मार्ट स्कूल, वोल्केनो, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, हृदय मॉडल, किडनी मॉडल, सोलर सिस्टम, प्रदूषण मॉडल, सोलर कुकर, आर ओ, श्वसन तंत्र, गाड़ी वाले खिलोने आदि मॉडलों की सराहना सभी अतिथियों द्वारा की गई। विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा श्रीमती रंजना सिंह, विनोद कुमार अवस्थी, जतिन यादव, विवेक कुमार, प्रतीक कुमार आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं सभी अतिथियों का आभार विनोद कुमार अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

तेजवीर सिंह के मथुरा आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

मथुरा। भाजपा कार्यकताओं में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह का मथुरा आगमन पर भव्य जोरदार स्वागत किया। केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि आमलोगों में भी बेहद उत्साह नजर आई, जनपद वासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। वहीं लोगों का कहना कि मथुरा का सौभाग्य है कि जनपद को पहली बार दो दो सांसद मिले हैं अब मथुरा के चैमुंखी विकास को चार चांद लग गए। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का ब्रज के प्रति विकास का संकल्प है। वहीं नवनिर्वाचित राज्य सांसद तेजवीर सिंह ने दीनदयाल धाम पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर नमन किया, उसके पश्चात दीनदयाल धाम से शुरू होकर टाउनशिप कचहरी होते हुए काफिला जंक्शन रोड स्टेट बैंक चैराहा पर पहुंचा। जहां भाजपा कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर नवनिर्वाचित सांसद का भव्य स्वागत किया। उनके साथ भाजपा के जनप्रतिनिधि मेघ श्याम ठाकुर जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, अन्य पार्टी पदाधिकारी सैकड़ों कार्यकर्ता स्वागत करने पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री भाई नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का तहेदिल से धन्यवाद देता हूं वहीं उन्होंने कहा कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है। राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने विपक्ष पर भी हमला बोला। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पहले विधानसभा में गुंडे माफिया और भ्रष्टाचारी बैठा करते थे। मगर अब विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बैठे हुए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रभु श्री राम के रूप में तो देश के गृहमंत्री अमित शाह लक्ष्मण के रूप में कार्य कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ राम लक्ष्मण के साथ हनुमान की भूमिका निभा रहे है।

जेपी हॉस्पिटल ने 1000 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर हासिल की एक और उपलब्धि

मथुरा। दिल्ली-एन.सी.आर. में अग्रणी एवं उत्तर भारत में प्रमुख स्थान रखने वाले, नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल नोएडा ने प्रत्यारोपण चिकित्सा 1000 से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और खास बात यह है कि पूरे दिल्ली-एन.सी.आर. में जेपी हॉस्पिटल में अंगों का प्रत्यारोपण बहुत ही उचित कीमत पर किया जाता है। दुनियाभर से आएं मरीजो का सफल किडनी प्रत्यारोपण कर विश्वास के साथ विदेश में भी हॉस्पिटल ने एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। अपनी उपलब्धि पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जेपी हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ह्ल भारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और खराब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रषित है। ट्रांसप्लांट एक सफल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है लेकिन अभी भी यह देखा गया है की लोगों के बीच किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है जिसके चलते बहुत लोग अपनी जान दांव पे लगा देते है। जब किडनी की कार्यक्षमता केवल 10 प्रतिशत रह जाती है तो उस अवस्था को किडनी फैल्योर कहते हैं और ऐसे में मरीजों के पास सिर्फ डायलिसिस या प्रत्यारोपण का ही रास्ता बच जाता है।ह्व

डॉ. विजय कुमार सिन्हा ने भी क्रोनिक किडनी फैल्योर के बारे में एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कहा की , ह्लवर्तमान का चिकित्सकीय शोध यह बताता है कि किडनी की बीमारी के मुख्य कारणों में मधुमेह, रक्तचाप, नेफ्रीटाइस, बिना चिकत्सक के सलाह के पैन किलर एवं अन्य दवाइयों का सेवन करना । हॉस्पिटल की उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं एवं तकनीकों के प्रति लोगों के अटूट विश्वास का ही परिणाम है पश्चिमी उत्तर प्रदेश से अधिकाँश किडनी से संभंधित समस्याओं के लिए जेपी हॉस्पिटल को ही चुनते है और हमें आशा है कि आने वाले समय में हम अन्य क्षेत्रों में ऐसी ही महान उपलब्धि हासिल करेंगे।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 12 अपराधियों की खोली गयी हिस्ट्रीशीट

फिरोजाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए 12 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु विगत वर्षों में गौकशी, आतंक, साम्प्रदायिक आन्दोलनकारी, पीएफआई, विशेष रूप से माफिया, लुटेरे, हत्या व हत्या के प्रयास, चैन स्नैचर, चोर, नकबजन, अवैध शराब, खनन आदि श्रेणी के कुल 12 अपराधियों की नई एच०एस खोलकर कठोर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के चिन्हित अपराधियों की गुण-दोष के आधार पर एच०एस० खोलने की कार्यवाही की समीक्षा की जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में कुल 12 अपराधियों को चिन्हित कर एच०एस० खोलकर कार्यवाही की गयी है। जिसके क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु थाना लाइनपार-02, थाना रामगढ-02, थाना रसूलपुर-02, थाना नसीरपुर-01, थाना जसराना-01, थाना नारखी- 01, थाना टूण्डला-01, थाना शिकोहाबाद-01 से कुल 12 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। वही पुराने हिस्ट्रीशीटरो को चैक कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु एक विशेष अभियान चलाकर चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। किसी भी अपराधी को कतई बख्शा नही जायेगा। इस दौरान एसएसपी ने अपराधियों को संदेश दिया कि अपराधी अपराध का रास्ता छोड़ दे अन्यथा अपना सारा जीवन जेल की सलाखों के पीछे बिताना होगा जिसका खामियाँजा आपके परिवार को भी भुगतना पड़ेगा।

टोरेंट पावर कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

आगरा। टोरेंट पावर तानाशाही रवैया अपना कर शहर के उपभोक्ताओं का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रही है।विधार्थियो के एग्जाम चल रहे हैं। किसी का बकाया 3085 है तो किसी का 5300 रु तो किसी का इससे भी कम उनको बिना पूर्व सूचना दिए, बिना बताए कनेक्शन काटे जा रहे हैं।घर का मुखिया घर से बाहर होता है। ।जब बिल जमा कराने जाओ तो 600 रु एक्स्ट्रा चार्ज लिया जा रहा है।फिर बिजली का कनेक्शन 24 घंटे में चालू करेंगे जब तक घर के लोग और परीक्षार्थी अंधेरे में रहने को मजबूर हो रहे हैं।और परीक्षार्थियों की पढ़ाई नही हो पा रही है।दूसरा मामला यदि चार भाई हैं।वो अपना अलग अलग कनेक्शन लगाना चाहते हैं तो उनको घर के चार पार्टीशन बनाने की बोल कर कनेक्शन नही दिए जा रहे हैं।फरियादी टोरेंट पावर के चक्कर लगा रहे हैं।किसी की सुनवाई नही हो रही है। बिल के साथ उल्टा सीधा सरचार्ज जोड़कर लोगों से मोटी रकम बसूल की जा रही है। 29 फरवरी को दिन में 11:30 बजे भाजपा नेता गोविंद चाहर पर टोरेंट पावर से कॉल आया कि बिल जमा करा दो नही तो 12 बजे तक बिजली काट दी जाएगी।गोविंद चाहर ने अपना परिचय दिया और कहा हम लोग नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्री नवीन जैन जी के स्वागत कार्यक्रम में हैं शाम 5 बजे तक जमा करा दूंगा तो टोरेंट की तरफ से कॉल करने वाले ने 4 बजे तक जमा कराने का आश्वाशन दे दिया।जब गोविंद चाहर 3 बजे घर पहुंचे तो पता चला कि बिजली तो सुबह 10 बजे से नही आ रही है।यानी बिजली कनेक्शन काटने के बाद सूचना दी जा रही है। जिसकी शिकायत कर आज प्रदर्शन किया गया। गोविंद चाहर के नेतृत्व में टोरेंट पावर कार्यालय जोन-1, होटल काम्प्लेक्स, फतेहाबाद रोड पर टोरेंट के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की टोरेंट पावर की तानाशाही नही चलेगी, टोरेंट पावर मुदार्बाद, मुदार्बाद जब अंदर से केबी सिंह, एजीएम आये तो गोविंद चाहर ने पूरा मामला बताया कि टोरेंट पावर शहर में तानाशाही कर रही है।लूटपाट मचा रखी है।उल्टा सीधा चार्ज बसूला जा रहा है।लोगो के कनेक्शन काटे जा रहे हैं।फिर 600 रु एक्स्ट्रा लेकर जोड़ रहे हैं।

कलाकारों ने किया नुक्कड़ नाटक किया 112 के प्रति जागरूक

मथुरा। मथुरा जिले के गोवर्धन रोड स्थित श्री भगवान परशुराम चैक पर प्रदेश सरकार के सानिध्य में लखनऊ पुलिस महानिदेशालय के निदेर्शानुसार लखनऊ से आए कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं नुक्कड़ कल मंचन के द्वारा नगर में प्रचार प्रसार किया। जिसमें बताया गया दिन हो या रात 112 है आपके साथ नामक कार्यक्रम में लखनऊ से आए कलाकार टीमों ने नुक्कड़ सभा की एवं नुक्कड़ नाटक मंचन भी किया जिसमें उन्होंने छाता क्षेत्र में देहात और नगर के गोवर्धन रोड स्थित श्री भगवान परशुराम चैक पर 112 डायल नंबर के बारे में नुक्कड़ सभा के दौरान और कल मंचन के द्वारा जानकारी दी जिसमें उन्होंने एक गीत के माध्यम से क्षेत्र की जनता को संदेश दिया और गीत शीर्षक जिसमें उन्होंने गया दिन हो रात 112 है आपके आपके साथ कार्यक्रम में महिला कलाकारों ने एक गीत गाकर सभी को 112 डायल नंबर के बारे में जानकारी दी और कहा आप सभी जागरूक रहे आपके क्षेत्रवकर स्वामी कोई भी समस्या हो कोई भी परेशानी हो तो तुरंत आप 112 नंबर पर डायल कर सकते हैं और आपको उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा आपको पूरी सहायता प्रदान की जाएगी उनके साथ छाता कोतवाली क्षेत्र की 112 डायल नंबर पुलिस बल के महिला और पुरुष कांस्टेबल व अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पुरुष कलाकारों ने भी अपने गीत और नृत्य के माध्यम से सभी को मनोहारी प्रस्तुति देकर 112 नंबर के बारे में जानकारी दी और अपना उद्बोधन भी किया इसके उपरांत धन्यवाद ज्ञापन नगर कोतवाली क्षेत्र पुलिस के महिला पुरस्कार में और पुलिस स्टाफ द्वारा किया गया कार्यक्रम में सुनीता शर्मा प्रीति कुमारी एवं सुदेश कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

एगड़ शाह उर्फ क्वार्टर वाले बाबा का छठा उर्स धूमधाम से मनाया गया

टूंडला। एगड़ शाह रहमतुल्ला अली उर्फ का क्वार्टर वाले बाबा का उर्स न्यू रेलवे कॉलोनी मालगोदाम के पीछे बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया उर्स कमेटी के अध्यक्ष इरशाद उर्फ राहुल कुमार ने बाबा पर चादर चढ़ाकर उर्स का शुभारंभ किया एवम बताया की ये क्वार्टर वाले बाबा का छठवा उर्स सभी न्यू रेलवे कॉलोनीवासियों की सहायता से मनाया जा रहा है और बाबा की चादर चढ़ने के बाद भंडारे का भी आयोजन किया । उर्स में मुख्य रूप से मोहम्मद हाफिज शाह .यूनिष खान.आलिश खान.मोहम्मद शाहनवाज शाहनवाज. अफजल खान.डॉक्टर किशन बघेल.हर्ष उपाध्याय.ओमकार यादव. जयप्रकाश.पिंटू .अफसाना बेगम. रहीसा बेगम .रामबाबू दिवाकर.आशीष डेकोरेशन.आदि उपस्थित रहे।

बच्चों से भरी स्कूल बस में लगी आग

आगरा। थाना सिकंदरा क्षेत्र के दिल्ली हाईवे रोड पर उसे समय की पुकार मच गई जब स्कूली बच्चों से भरी हुई बस में आग लग गई बस में लगी आग को राहगीरों ने ड्राइवर को बताया तो बच्चों में चीज पुकार मछली लगी और धीमी गति होने पर ही बच्चे कूद कर दौड़ने लगे राहगीर ने भी बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया तो वहीं सूचना मिलते ही इलाका पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची गनीमत यह रही की कोई भी अनहोनी नहीं हुई आखिरकार स्कूलों में चलने वाली बसों की हालत बहुत ही खराब है जब कोई बड़ा हादसा होता है उसके बाद अधिकारियों की आंखें खुलती है और कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता है शहर से लेकर देहात तक स्कूली बसों की हालत खराब है जर्जर स्थिति में बसे चल रही है लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती किसी दिन बड़ा हादसा होगा तब अधिकारियों की आंखें खुल जाएगी।

प्रेस लिखी गाड़ी से हो रही थी मांस की तस्करी

आगरा। आगरा हाथरस रोड पर बरौस टोल प्लाजा के निकट गौ सेवकों ने एक कार को पकड़ लिया। इस कार में अवैध मांस रखा हुआ था। कार में सवार पांच लोग कार को छोड़कर बाइक से भाग गए। सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। लेकिन मामला हाथरस जिले का होने के कारण सादाबाद की पुलिस को बुलाया गया खंदौली पुलिस ने कर को सादाबाद पुलिस को सौंप दिया पुलिस ने इस मामले में गौ सेवक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। गांव गढ़ी पत्ती चंदपा निवासी गौ सेवक जीतू सिंह राना ने सादाबाद कोतवाली में धारा 270, 269, 420 और 429 के तहत खंदौली निवासी चांद खां, सादाबाद निवासी आशिफपुत्र इस्लाम, फिरोज खां पुत्र इश्हाक अली और मुस्तफफ कुरैशी उर्फ फ्कीरा पुत्र इकराम कुरैशी निवासी मौहल्ला डाक खाना सादाबाद और अन्य दो अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज करायी।

पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना एका, फरिहा पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्तों को थाना एका पुलिस पार्टी पर हमला करने व सरकारी कार्य कार्य में बाधा डालने वाले 2 अभियुक्तगण को पलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया पुलिस मठभेड़ में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

दिनांक 26.02.2024 को पुलिस टीम थाना क्षेत्र के ग्राम मढा खेरिया में देख-रेख शान्ति व्यवस्था, रोकथाम जुर्म जरायम हिस्ट्रीशीटर चैकिंग अभियान में मामूर थी जब पुलिस टीम हिस्ट्रीशीटर 20 अ अब्दुल फजल पुत्र फिरासत अली निवासी ग्राम खेरिया थाना एका फिरोजाबाद का सत्यापन करने उसके घर पहुंची तो हिस्ट्रीशीटर अब्दुल फजल पुत्र फिरासत उपरोक्त सत्यापन का विरोध करने लगा तथा अपने साथियों गद्दू पुत्र सुकल्ली पिन्टू उर्फ पिन्टोली पुत्र ईदुशाह वसीम पुत्र वली मोहम्मद समस्त निवासी खेरिया थाना एका जिला फिरोजाबाद व 5-6 अन्य अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एकराय होकर पुलिस टीम के साथ अभद्रता की गयी तथा पुलिस कर्मयों की वर्दी फाड़ दी गयी तथा मौके से भीड का फायदा उठाकर के फरार हो गये। जिसके सम्बन्ध में थाना एका पर सरकारी कार्य में बाधा डालना व पुलिस के साथ अभद्रता करने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था, उपरोक्त घटना में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शुक्रवार रात्रि थाना एका थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा फरीदा मोड के पास चैकिंग अभियान चलाया गया तभी मुखबिर खास

ने सूचना दी कि उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त बाइक से कहीं भागने की फिराक में हैं तथा ग्राम रामपुर से फरीदा मोड को आने वाले हैं सूचना पर चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोकने की कोशिश की गई तो बाइक व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायर झौंक दिया जिसमें पुलिस कर्मी बाल बाल बचे अभियुक्तों की घेराबंदी व आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जबाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्तगण घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर दोनो घायल अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने अपना नाम पता पिन्टू उर्फ पिन्टोली पुत्र ईदु शाह निवासी मढा खेरिया थाना एका जिला फिरोजाबाद, वसीम पुत्र वली मोहम्मद निवासी मढा खेरिया थाना एका फिरोजाबाद बताया अभियुक्तों के पास से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय 06 जिन्दा कारतूस व 2 खोखा कारतूस व 01 बाइक बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की गयी है।

आयोजित हुआ पोषण वितरण कार्यक्रम टीबी मरीजों को दी गयी पोषण सामग्री

मथुरा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों की मदद के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा 50 क्षय रोगियों को एसीएमओ की अध्यक्षता में जिला क्षय रोग केंद्र के परिसर में पोषण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को पोषण सामग्री प्रदान की गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने में जुटे स्वास्थ्य विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर विभिन्न सामाजिक संगठनों, अधिकारियों और संस्थाएं कार्य करने को आगे आ रही हैं। वर्तमान में 6517 क्षय रोगियों को विभिन्न निःक्षय मित्रों द्वारा गोद लेकर पोषक आहार की व्यवस्था करने के साथ साथ उन्हें भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी भारतीय रेडक्रास सोसाइटी डा. एस पी राठौर ने बताया कि हेल्थ विजिटर की निगरानी में उपचार से पिछले पांच वर्षों में करीब 89 प्रतिशत से अधिक क्षय रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। बारह हजार से अधिक सक्रिय क्षय रोगियों का इलाज वर्तमान में चल रहा है। क्षय रोगियों को उपचार के लिए पांच सौ रुपये पोषण भत्ता भी मिलता है। क्षय रोगियों की जांच व उपचार के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं भी प्रयासरत हैं। छः हजार से अधिक सक्रिय क्षय रोगियों का इलाज वर्तमान में चल रहा है। सामाजिक संस्थाओं द्वारा किये जा रहे यह प्रयास सराहनीय है। जांच में टीबी की पुष्टि के बाद हेल्थ विजिटर द्वारा मरीज को दवा व कार्ड मुहैया कराया जा रहा है। ऐसे मरीज के मोबाइल फोन नंबर से संपर्क कर उन्हें दवा व जांच के लिए समय पर आने की सूचना भी दी जा रही है। मरीज का दो महीने के बाद फॉलोअप भी शुरू किया जा रहा है जिसकी जियो टैगिंग की जा रही है। इस मौके पर अखिलेश दीक्षित, बिहारी लाल, शिव कुमार, रेडक्रॉस सोसाइटी से बृषभान गोस्वामी, अमृत खंडेलवाल, शिव कुमार गुप्ता, कविता सक्सेना, राजीव खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहे।

टुंडा का बरी होना

देश में भले ही हाल के वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी निगरानी और सतर्कता के कारण आम जनजीवन में खौफ भरने वाली आतंकी घटनाएं कम हो गयी हों, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब कोई भी ट्रेन, शहर इन आतंकियों की हरकतों से सुरक्षित नहीं था। संसद, लाल किला, ट्रेन, विधानसभा से लेकर सुरक्षा एजेंसियों के कैंप तक आतंक के निशाने पर थे। अनेक आतंकी संगठन मासूम युवाओं को बरगलाकर जिहादी बनाते और उनको टूल बनाकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देते। देश को आतंक की आग में झोंकने के लिए पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों को भेजने, आतंकी संगठनों को फंडिंग और घातक अस्त्र-शस्त्र मुहैया कराने का काम आईएसआई के जरिए करता था। दरअसल पाकिस्तान सीधे युद्ध में भारत जीत नहीं सकता इसलिए 1971 के बाद से ही उसकी नीति भारत को अधिक से अधिक जख्म देने की थी। पाक के इसी नापाक मंसूबे का हिस्सा भारत में कुछ लोग बने। अब्दुल करीम उर्फ टुंडा उसी में से एक था। उत्तर प्रदेश के हापुड़ का रहने वाला अब्दुल करीम टुंडा बम बनाने का एक्सपर्ट है। बम बनाते समय ही उसका हाथ चिथड़ा हो गया था जिसके कारण लूला हो गया। लूला होने से ही उसका नाम टुंडा पड़ा। अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस के बाद देश में बड़े पैमाने

पर हिंसा, बम विस्फोट की घटनाएं हुई हैं। मुंबई में सीरियल बम धमाके हुए। 12 मार्च 1993 को मुंबई में सीरियल बम धमाकों में 257 लोगों की मौत और 1400 लोग घायल हुए थे। भयावह आतंकी घटना को दाऊद इब्राहिम और उसके साथियों ने साजिश कर अंजाम दिया था। मुंबई में सीरियल धमाकों के बाद देश दहल गया था। अब्दुल करीम उर्फ टुंडा भी इसी समय सक्रिय था। उस पर दिल्ली और गाजियाबाद में करीब-करीब तीन दर्जन मामले दर्ज थे। टुंडा ने बाबरी विध्वंस का बदला लेने के लिए इरफान और हमीदुद्दीन के साथ मिलकर तंजीम इस्लाम उर्फ मुसलमीन बनाया और छह दिसम्बर 1993 को लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, हैदराबाद, सूरत, मुंबई में राजधानी एक्स्प्रेस समेत लंबी दूरी की छह ट्रेनों सिलसिलेवार धमाके की साजिश रची। इस साजिश में शामिल करीब एक दर्जन लोगों को अब तक सजा हो चुकी है। टुंडा सीरियल धमाकों का मुख्य आरोपी था, लेकिन अजमेर की टाडा अदालत ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में उसे बरी कर दिया। सीरियल धमाकों के करीब 29 साल बाद मुख्य आरोपी का बरी होना चिंताजनक है। यह अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल है कि देश के खिलाफ की गयी इतनी बड़ी साजिश का अभी मुकदमा ही चल रहा है। इस मामले में इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी लेकिन टुंडा को बरी कर दिया गया। टुंडा मुख्य साजिशकर्ता था और बम बनाने का एक्सपर्ट होने के कारण वह ऐसी साजिशों को आसानी से अंजाम भी दे सकता था। लेकिन एक तो टुंडा को काफी समय तक पकड़ा नहीं जा सकता और जब पकड़ा गया तो पर्याप्त सबूत अदालत के सामने नहीं पेश किये गये। अब इतने पुराने मामले में नये सिरे से सुबूत जुटाना आसान नहीं होता है। सुबूतों के अभाव टुंडा का बरी होना गंभीर सवाल खड़े करता है। इतने बड़ी आतंकी साजिश में 29 साल तक मुकदमा चलते रहने और सजा न होने से आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई कमजोर होगी। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को कड़ाई लागू करना है तो सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी, सतर्कता से लेकर अभियोजन और सजा दिलाने की प्रक्रिया तक, सब कुछ तेज करनी पड़ेगी। तीन दशक तक सजा न होने से आतंक के खिलाफ लड़ाई कमजोर होगी

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
-गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
- शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
-गौतम बुद्ध.

देश की जरूरत है 'टू चाइल्ड पालिसी'

डॉ. अनिता राठौर

> परिवार का अर्थ है पति, पत्नी व उनके दो बच्चे। इस नीति को ईरान, सिंगापुर व वियतनाम जैसे देशों में इस्तेमाल किया जा चुका है। 1970 के दशक में ब्रिटिश हांगकांग में दो बच्चों की सीमा को प्रोत्साहित किया जाता था, हालांकि कानूनन लाजमी न था, इसे परिवार नियोजन की स्ट्रेटेजी के रूप में प्रयोग किया जाता था। चीन में भी पहले एक-बच्चा नीति थी।

रामलाल जाट ने साल 2017 में सेना की सेवा से रिटायर होने के बाद 25 मई 2018 को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के पद के लिए अर्जी दी थी। लेकिन राजस्थान पुलिस सबओर्डीनेट सर्विस रूल्स, 1989 के नियम 24(4) के तहत उनके आवेदन को ठुकरा दिया गया क्योंकि प्रावधान यह है कि 'एक जून 2002 के बाद जिस भी प्रार्थी के दो जीवित बच्चों से अधिक बच्चे होगें वह सरकारी नियुक्ति के लिए योग्य नहीं होगा'। यह नियम राजस्थान विविध सेवा (संशोधन) नियमों, 2001 का ही अनुसरण कर रहा था। अपनी अर्जी के ठुकराये जाने को रामलाल जाट ने राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिसने अक्टूबर 2022 में उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि नियमों का निर्धारण पूर्णतः नीति के दायरे में आता है जिसमें अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती। इस फैसले के विरुद्ध रामलाल जाट ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी, लेकिन वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ आयी।

बीती 28 फरवरी 2024 को न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश दिपांकर दत्ता व न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए इस तथ्य पर मोहर लगा दी कि जिन प्रार्थियों के दो से ज्यादा जीवित बच्चे हैं उन्हें सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता महसूस नहीं की। गौरतलब है कि लगभग 21 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान व हरियाणा के संदर्भ में इस नियम को वैध ठहराया था कि दो से अधिक जीवित बच्चों वाले प्रत्याशी पंचायत का चुनाव नहीं लड़ सकते। न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा, 'ऐसा ही एक प्रावधान (जावेद व अन्य बनाम हरियाणा राज्य, 2003) पहले भी पंचायत चुनाव लड़ने हेतु प्रत्याशियों की योग्यता के संदर्भ में पहले भी अदालत के सामने आया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने वैध माना था। इस अदालत ने माना था कि जो क्लासिफिकेशन दो से अधिक बच्चों वाले प्रत्याशी को पंचायत चुनाव लड़ने से रोकता है, वह भेदभावपूर्ण नहीं है और संविधान की शक्ति के अधीन है क्योंकि इस प्रावधान का उद्देश्य परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना है।' नीतियां व नियम बनाने का अधिकार व जिम्मेदारी सरकार की है (इस दृष्टि से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एकदम दुरुस्त है। लेकिन इससे अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं। दो से अधिक जीवित बच्चों के पेरेंट्स को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी और वह पंचायत चुनाव में प्रत्याशी भी नहीं बन सकते, यह नियम राजस्थान व कुछ अन्य राज्यों में ही क्यों है? इस संदर्भ में राष्ट्रीय नीति क्यों नहीं है? पंचायत के सदस्यों को भी जनता ही चुनती है तो फिर यह नियम विधायक व सांसद बनने के इच्छुक प्रत्याशियों के लिए क्यों नहीं है? क्या दो बच्चों के नियम से परिवार नियोजन को प्रोत्साहन मिल रहा है? चीन ने जो पहले एक, फिर दो और अब तीन बच्चों की जबरन सीमा निर्धारित की हुई है उसकी असफलता से हमें क्या सबक मिलता है? आदि। यहां यह बताना आवश्यक है कि टू-चाइल्ड पालिसी (अधिकतम दो बच्चों की नीति) विश्व के अनेक देशों में अपनायी गई है, जिसके तहत प्रति परिवार दो बच्चों की सीमा होती है या सरकारी सब्सिडी का पेमेंट केवल पहले दो बच्चों के लिए किया जाता है।

राष्ट्रीय संसाधनों पर बढ़ा आबादी का दबाव

परिवार का अर्थ है पति, पत्नी व उनके दो बच्चे। इस नीति को ईरान, सिंगापुर व वियतनाम जैसे देशों में इस्तेमाल किया जा चुका है। 1970 के दशक में ब्रिटिश हांगकांग में दो बच्चों की सीमा को अत्यधिक प्रोत्साहित किया जाता था, हालांकि कानूनन वह लाजमी न था, इसे परिवार नियोजन की स्ट्रेटेजी के रूप में प्रयोग किया जाता था। चीन में पहले एक-बच्चा नीति थी, जिसके बाद 2016 से 2021 तक दो-बच्चा नीति लायी गई, लेकिन फिर भी जन्म दर में आ रही जबरदस्त कमी की भरपाई न की जा सकी और तीन-बच्चा नीति लायी गई। जुलाई 2021 में चीन में परिवार के साइज की सभी सीमाओं को हटा दिया गया और संबंधित जुर्मानों को भी खत्म कर दिया गया। भारत में जन्म नियन्त्रण के विभिन्न तरीके और अनेक परिवार नियोजन कार्यक्रम वर्षों से उपलब्ध हैं, लेकिन बढ़ती जनसंख्या आज भी समस्या बनी हुई है। इसी को मद्देनजर रखते हुए संसद में 2015 में टू-चाइल्ड नॉर्म बिल लाया गया था, जिसमें प्रस्तावित है कि भविष्य की पीढ़ी में छोटे परिवार को प्रोत्साहित किया जाये और जो परिवार दो बच्चों की सीमा को अपनाते हैं उन्हें कुछ इंसेंटिव दिए जायें जैसे मुफ्त शिक्षा, रोजगार आदि।

यह विधेयक अगर पारित हो जाता है तो इसका खर्च कंसोलिडेटेड फण्ड ऑफ इंडिया से उठाया जायेगा। बहरहाल, दो-बच्चा पालिसी के संदर्भ में हाल ही में राज्यसभा में प्राइवेट मेम्बर बिल पेश किया गया। यह विधेयक भारतीय संविधान में संशोधन की मांग करता है कि दो बच्चों वाले परिवार को कर में छूट दी जाये, स्कूल में कन्सेशन दिया जाये और टैक्सेशन में इंसेंटिव दिया जाये। इस विधेयक के आधार पर असम व उत्तर प्रदेश ने दो-बच्चा नीति अपनायी है ताकि बढ़ती जनसंख्या को सीमित किया जाये। इस नीति के प्रस्तावित प्रावधान ये हैं- दो बच्चों से अधिक वाले परिवारों को कल्याण योजनाओं के विभिन्न लाभ नहीं दिए जायेंगे, वह स्थानीय स्तर के चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, राशन कार्ड केवल चार सदस्यों के लिए बनाया जायेगा, सरकारी रोजगार नहीं दिया जायेगा, जो पहले से ही फुल-टाइम सरकारी जॉब्स में हैं तरक्की व वेतन वृद्धि नहीं दी जायेगी। जो परिवार, सरकारी कर्मचारी सहित, नसबंदी के जरिये दो-बच्चा नीति अपनायेंगे उन्हें अनेक इंसेंटिव दिए जायेंगे, जैसे कर छूट, राज्य गृह सुविधा आदि। जिस परिवार में केवल एक बच्चा है उसे अपने सरकारी रोजगार के दौरान चार अतिरिक्त इन्क्रीमेंट मिलेंगे, मुफ्त हेल्थकेयर मिलेगी और बच्चे को 20-वर्ष तक मुफ्त स्कूलिंग मिलेगी। यह भी प्रस्तावित है कि जो लोग सरकारी जॉब्स में नहीं हैं और दो-बच्चा नीति अपनाते हैं उन्हें बिजली व पानी के बिलों में छूट मिलेगी और होम लोन व हाउसिंग टैक्स में भी रियायत मिलेगी।

दूसरी ओर दो-बच्चा नीति अपनाने में कुछ चुनौतियां भी हैं। ग्लोबल अनुभव बताता है कि सीमित बच्चों के लिए किसी भी प्रकार का दबाव काउंटर-प्रोडक्टिव होता है और डेमोग्राफिक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जैसा कि चीन में हुआ है। यह ग्लोबल जिम्मेदारी के विरुद्ध है, जिसमें इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पापुलेशन एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफ एक्शन ऑफ 1994 के नियम भी शामिल हैं, जिन पर भारत ने भी हस्ताक्षर किये हुए हैं। यह प्रजनन स्वतंत्रता व निजता के अधिकार के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट ने सुचिता श्रीवास्तव व अन्य बनाम चंडीगढ़ प्रशासन (2009) के अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि महिला का प्रजनन निर्णय उसकी व्यक्तिगत आजादी के अधिकार का आवश्यक तत्व है जो उसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 से प्राप्त है। फिर इस बात का भी कोई साक्ष्य नहीं है ऐसा नियम फर्टिलिटी रेट कम करने में सहयोगी होता है, जबकि इससे लैंगिक असमता में इजाफा हो सकता है, गर्ल चाइल्ड के विरुद्ध रुझान बढ़ सकता है। पितृसत्तात्मक संस्कृति में जब दो-बच्चों की सीमा होगी तो महिलाओं पर लड़कों को जन्म देने का अधिक दबाव होगा, जिससे असुरक्षित गर्भपात की घटनाएं बढ़ सकती हैं और लिंग-अनुपात संतुलन गड़बड़ा सकता है। अतः इस विषय पर राष्ट्रीय नीति से पहले राष्ट्रव्यापी बहस हो।

सोशल मीडिया

बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माता जानकी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन प्रार्थना है।
-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री.

जीवन क्या है?

अंतर्दृष्टि

जीवन क्या है, इसका उत्तर तभी हो सकता है जब जीवन के अतिरिक्त कुछ और भी हो। जीवन ही है, उसके अतिरिक्त कुछ और नहीं है। हम उत्तर किसी और के संदर्भ में दे सकते थे, लेकिन कोई और है नहीं, जीवन ही जीवन है। तो न तो कुछ लक्ष्य हो सकता है जीवन का, न कोई कारण हो सकता जीवन का। कारण भी जीवन है और लक्ष्य भी जीवन है। ऐसा समझो, तुमसे कोई पूछे, किस चीज पर ठहरे हो? तुम कहो, छत पर और छत किस पर ठहरी है? तो तुम कहो- दीवालों पर और दीवालें किस पर ठहरी हैं? तो तुम कहो, पृथ्वी पर और पृथ्वी किसी पर ठहरी है? तो तुम कहो गुरुत्वाकर्षण पर और ऐसा कोई पूछता चले, गुरुत्वाकर्षण किस पर ठहरा है? तो चांद-सूरज पर और चांद-सूरज तारों पर और अंततः पूछे कि यह सब किस पर ठहरा है? तो प्रश्न तो ठीक लगता है, भाषा में ठीक जंचता है, लेकिन सब किसी पर कैसे ठहर सकेगा, सब में तो वह भी आ गया है जिस पर ठहरा है। सब में तो सब आ गया। बाहर कुछ बचा नहीं। इसको ज्ञानियों ने अति प्रश्न कहा है। सब किसी पर नहीं ठहर सकता। इसलिए परमात्मा को स्वयंभू कहा है। अपने पर ही ठहरा है। अपने पर ही ठहरा है, इसका अर्थ होता है, किसी पर नहीं ठहरा है।

जीवन क्या है, तुम पूछते। जीवन जीवन है। क्योंकि जीवन ही सब कुछ है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। लेकिन प्रश्न पूछा है, जिज्ञासा उठी है, तो थोड़ी खोजबीन करें। अगर उत्तर देना ही हो, अगर उत्तर के बिना बेचैनी मालूम पड़ती हो, तो फिर जीवन को दो हिस्सों में तोड़ना पड़ेगा। जिसने उत्तर दिए, उन्होंने जीवन को दो हिस्सों में तोड़ लिया। एक को कहा, यह जीवन और एक को कहा, वह जीवन। यह जीवन माया, वह जीवन सत्य इस जीवन का अर्थ फिर खोजा जा सकता है। इस जीवन का अर्थ है, उस जीवन को खोजना। इस जीवन का प्रयोजन है, उस जीवन को पाना। यह अवसर है। मगर तब जीवन को बांटना पड़ा। बांटों तो उत्तर मिल जाएगा। मगर उत्तर थोड़ी दूर तक ही काम आएगा। फिर अगर कोई पूछे कि वह जीवन क्यों है, सत्य का, मोक्ष का, ब्रह्म का, फिर बात वहीं अटक जाएगी। वह जीवन बस है। लेकिन यह विभाजन काम का है। कृत्रिम है, फिर भी काम है। अपने भीतर भी तुम इन दो धाराओं को थोड़ा पृथक-पृथक करके देख सकते हो। थोड़ी दूर तक सहारा मिलेगा। एक तो वह है जो तुम्हें दिखायी पड़ता है, और एक वह है जो देखता है। दृश्य और द्रष्टा। ज्ञाता और ज्ञेय। जानने वाला और जाने वाला। उसमें ही जीवन को खोजना जो जाननेवाला है। अधिक लोग उसमें खोजते हैं जो दृश्य है।

- ओशो.

साहित्य की दुश्मन नहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता

साहित्य चर्चा ● लोकमित्र

किसी नई तकनीक, नई सोच, नई बात या किसी भी नये अनुभव से समाज हमेशा न सिर्फ बचना चाहता है बल्कि उसे पहली फुर्सत में ही समाज विरोधी भी बता देता है। ऐसा ही कुछ इन दिनों कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशियल इंटलीजेंसस को साहित्य की दुनिया के लिए बताया जा रहा है। अंडमान से लेकर अमेरिका तक इसके आलोचक आसमान सिर पर उठाये हुए हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे अंदर की भावनाओं को खत्म कर देगी, हमारी कल्पनाओं को लंगड़ा कर देगी वगैरह वगैरह।

एक तरफ जहां दुनिया के सैकड़ों वैज्ञानिक इसे मानवीय सहूलियतों के लिए सबसे बड़े आविष्कार की संज्ञा दे रहे हैं, वहीं ऐसे वैज्ञानिकों की भी कमी नहीं है, जो यह साबित करने में तुले हुए हैं कि एक दिन यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता इंसान से ज्यादा विकसित हो जायेगी और फिर यह इंसान को अपना बंधक बन लेगी। सचमुच ऐसा सोचना बेहद हास्यापद है। हैरानी होती है यह सोचकर कि आखिर कोई इंसान इतना नकारात्मक कैसे हो सकता है? जो लोग बड़ी ऊंची आवाज में कह रहे हैं कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर तुरंत रोक न लगायी गई तो यह अब तक के इंसानी विकास को बेमतलब बना देगी, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपने विकास के बल पर इंसान को बंधक बना लेगी। दुनिया के कई देशों में तो बकायदा कैबिनेट कमेटियां बनी हुई हैं, जो वैज्ञानिकों से इस संबंध में व्यापक विचार विमर्श कर रही हैं। इसके बाद ही इन देशों की सरकारें कोई इस पर अंतिम फैसला करेंगी। अमेरिका जैसे देश में भी फिलहाल एआई को अपनी कल्पनाओं की उड़ान भरने की अनुमति नहीं है। यहां एक कैबिनेट कमेटी रिव्यू कर रही है, जो जल्द ही निर्णय लेगी कि एआई को आखिर मौजूदा दुनिया में किस हद तक हस्तक्षेप करने की छूट दी जाए।

जाहिर है जब रोजमर्रा की व्यवहारिक दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर इतनी अधिक आशंकाएं हैं तो पूरी तरह से भावनाओं और कल्पनाओं में रंग भरने वाले साहित्य की दुनिया इससे भला अछूती कैसे रह सकती है, खासकर तब जबकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपने शुरूआती प्रयोगों और इस्तेमालों में ही साहित्य को अपने दायरे में समेट रही हो। नवंबर 2022 के अखिरी में जैसे ही ओपेन एआई नामक एक कंपनी ने क्रांतिकारी चैटजीपीटी तकनीक का एक मुफ्त मॉडल ह्यचैटबाटह्ण के रूप में दुनिया के लिए जारी किया, तभी से सोशल मीडिया से लेकर पारंपरिक मीडिया तक हर जगह ऊंची ऊंची आवाज में यह रुदन शुरू हो गया कि यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की दुनिया इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को मशीन में तब्दील कर देगी। कहना न होगा कि इसके विरोध में बड़े बड़े सेमिनार हो रहे हैं, लेख लिखे जा रहे हैं और महत्वपूर्ण मंचों में जाहिर है इसकी आलोचना तो हो ही रही है। लेकिन इतिहास देखें तो ऐसे रुदनों का इतिहास हमेशा बहुत दयनीय रहा है। दुनिया में जिन आविष्कारों को लेकर सबसे ज्यादा हाय तौबा मचायी गई, जिन आविष्कारों पर रोक लगाई गयी, जिन्हें लेकर वैज्ञानिकों को सुधार की सलाह दी गई या उन्हें धमकाया गया, वे सारे आविष्कार हर हाल में होकर रहे हैं।

यही नहीं अंत में पता चला है कि उन्हें लेकर जो डर फैलाया गया था, वह नितांत गैरजरूरी और बेमतलब था। कुछ ऐसी ही स्थितियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर भी बन रही हैं। हालांकि अभी इन्हें कोई मानने को तैयार नहीं हैं, लेकिन जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लानत मलानत भेजने वाले बुद्धिजीवी, साहित्यकार और तथाकथित समाज वैज्ञानिक पिछले पैरों पर जाने के लिए मजबूर होंगे। क्योंकि सदियों के अनुभव के बाद भी यह बात इनकी समझ में नहीं आ रही कि दुनिया की कोई भी बुद्धिमत्ता इंसानों के जरिये निर्मित है, इंसान किसी बुद्धिमत्ता का उत्पाद नहीं हैं। हालांकि विरोधी अब किसी हद तक समझ गए हैं कि चैटजीपीटी के साथ ही दूसरी कंपनियों के बाजार में आये एआई राइटिंग मॉडल इंसान की न तो कल्पनाशीलता को कुंद कर रहे हैं और न ही कहीं से अभी तक इंसान का विकल्प बनने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

चैटजीपीटी या कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दूसरे तकनीकी मॉडल अभी तक इंसान के लिए रोज रोज मशीनी अंदाज में लिखे जाने वाले थकाऊ मसौदों-जैसे अदालतों के विवरण, कारपोरेट दुनिया की नोटिसें, कारोबारी ई-मेल्स आदि का ही विकल्प बने हैं। अभी तक किसी चैटजीपीटी या इसके दूसरे समकक्ष मॉडल ने किसी लड़की के लिए अपनी तरफ से भावनाओं से लबरेज कोई प्रेमपत्र नहीं लिख सका। जाहिर है यह मशीन के लिए संभव ही नहीं है। दरअसल हम यह भूल जाते हैं कि कोई मशीन त्वरित रूप से अपनी बुद्धिमत्ता में कुछ नहीं जोड़ती। इसकी बुद्धिमत्ता की सारी सीमाएं वही होती हैं, जो इसके बनने के समय तक कोई इंसान इसमें प्रोग्राम्ड कर देता है। एक बार जब कोई मशीन बनकर तैयार हो जाती है, तो फिर वह वही काम करती है, जो उससे करवाने के लिए उसमें प्रोग्राम किया होता है। कोई मशीन काम करते करते कुछ नहीं सीखती न ही कल्पना करके अपने किसी निर्धारित पाठ में कोई तब्दीली करती है। कोई मशीन इंसान की तरह लिखते लिखते कुछ नहीं सोचती कि तत्काल आयी नई कल्पनाओं के जरिये अपने लेखन की दिशा ही बदल दे। यह खूबी इंसान में ही होती है कि वह सोचते सोचते पहले से तय की गई सोच के उलट या विपरीत दिशा में चला जाए। दरअसल इंसान में हर समय विकास होता रहता है। हर समय उसकी सोच और समझ बदलती रहती है। इसलिए दुनिया की कभी कोई तकनीकी मशीन न तो इंसान के दिमाग का मुकाबला कर सकती है और न ही इंसान के दिल का उसके पास कोई विकल्प होता है। इसलिए यह कहना कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारी साहित्यिक कल्पनाओं को हमसे छीन लेगी, एक बेमतलब का डरना और डराना है। साहित्य में हमेशा से वे उड़ाने भरी जाती हैं, जो व्यवहारिक रूप से संभव ही नहीं होतीं और कोई भी तकनीक या कोई भी मशीन अपनी अधिकतम उड़ान वहीं तक भर सकती है, जहां तक तकनीक अविष्कृत हो चुकी हो। ऐसे में सवाल ही नहीं उठता कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस कभी इंसानों की कल्पनाओं और भावनाओं से रचे जाने वाले जादुई सहित्य संसार को बेमतलब बना दे या इंसानों जैसा मशीनें रच सकें, यह संभव ही नहीं है। सच बात तो यह है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता या एआई ने अब तक इंसान को फायदा ही पहुंचाया है, कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। मसलन अभी तक यह उस सारे लेखन का ही जिम्मा खुद उठा रही है, जो नीरस, ऊबाऊ और कारोबारी लेखन है। जहां एक एक शब्द पहले से तय है, अभिवादन का तरीका तक जहां फिक्स है। जैसे कारपोरेट मेल, अदालतों के तयशुदा विवरण आदि। इसने अभी तक जो सहूलियत दी है वह बहुत महत्वपूर्ण है जैसे एआई के जरिये आख्यानों को वैयक्तिकृत करके पढ़ना एक नया और रोमांचक अनुभव है। एआई व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर कहानियों को अनुकूलित कर रही है, इसी तर्ज पर एआई इंटरैक्टिव कहानी कहने को सक्षम बनाता है, जहां पाठक साहित्यिक सामग्री के साथ अधिक गहन जुड़ाव को महसूस करता है। यह लेखक को उसके लेखन पर बहुत प्राथमिक फीडबैक भी देता है, जिससे लेखक अपने लेखन महत्वपूर्ण सुधार कर सकता है। महज कोई तथ्य जानने के लिए आपको साहित्य के समुद्र को पार नहीं करना होता। एआई-जनरेटेड सारांश से काम चल जाता है। इस तरह देखें तो अभी तक एआई ने कोई नुक्सान नहीं किया उलटे इंसान को समृद्ध ही किया है।

आप की बात

नये अवसरों का सृजन

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं।

मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

शहीदों का सम्मान जरूरी

शहीदों के नाम से हर गांव में शिलाएं लगायी जा रही हैं। भारत सरकार ने शहीदों का सम्मान करने के लिए अंडमान निकोबार में द्वीपों का नामकरण शहीदों के नाम करके सराहनीय कार्य किया है। नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र से सम्मानित देश के परमवीरों के नाम पर किया। गणतंत्र दिवस से तीन दिन पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के द्वीपों का नामकरण देश के परमवीरों के नाम पर करना, उनकी स्मृतियों को कालजयी बनाना और देश के नायकों को वह सम्मान देना जिसके वास्तव में वे हकदार हैं, दरअसल संपूर्ण देश का कर्तव्य है। कोई भी देश अपने महानायकों को विस्मृत कर गौरव का बोध नहीं कर सकता है।

दिनेश कुमार सिंह, लखनऊ.

स्मार्ट फोन से विद्यार्थी शिक्षा संबंधी दिक्कतों का कर सकेंगे निराकरण: विधायक

ललितपुर। पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं पहलवान गुरूदीन महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतगर्त महाविद्यालय सभागार में स्मार्टफोन मोबाईल वितरित किये गये। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, महाविद्यालय

● पहलवान गुरूदीन महाविद्यालय में हुआ स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम

डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा, महिला महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 सूफिया, डॉ0 वन्दना याज्ञिक, ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यापर्ण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने छात्रों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि इस योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 2023 में की गयी है। इस योजना के तहत अगले 5 वर्ष तक उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे राज्य के मेधावी छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जाएंगे। इस योजना का मुख्य उददेश्य राज्य के युवा छात्र-छात्राओं को मुफ्त स्मार्टफोन तथा टेबलेट प्रदान कर शिक्षा में हो रही रूकावटों को दूर करना तथा छात्रों को हाईटेक शिक्षा से जोड़ना है।

छात्र शिक्षा संबधी अपनी सारी मुश्किलों का हल डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से कर पायेंगे और तकनीकी रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बन पायेंगे। डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उनकी शिक्षा में होने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे मेधावी छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन और टेबलेट वितरित किए जा रहे है। युवा स्मार्टफोन या टैबलेट का लाभ प्राप्त कर तकनीकी रूप से सशक्त होंगे। जिससे उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। महिला महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 सूफिया ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने हेतु निश्चित स्मार्टफोन या टेबलेट वितरित करना है।

ताकि युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सके और उनमें कौशल विकास को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सके। इस योजना के माध्यम से युवाओं को फ्री स्मार्टफोन या टैबलेट मिलने से वह अपनी आगे की पढ़ाई ऑनलाइन कर सकेंगे।

इसके अलावा छात्रों को पढ़ाई में होने वाली रूकावटों को दूर किया जा सकेगा जिससे बिना किसी समस्या के छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का लाभ राज्य के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं आईटीआई की पढ़ाई कर रहे युवा छात्रों को मिल रहा है। छात्र अपनी शिक्षा में हो रही रूकावटों को दूर कर सकेंगे। योग्य छात्रों को मुफ्त स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान करके, यह योजना सुनिश्चित करती है कि वित्तीय बाधाएं उनकी शिक्षा तक पहुंचने में बाधा न बनें। यह आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे परिवारों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।

कार्यक्रम में उपप्राचार्य डॉ0 रामलाल रैकवार, विधि प्राचार्य डॉ0 कमलेश मोर्य, डॉ0 वन्दना याज्ञिक, कृषि विभागाध्यक्ष असि0प्रो0 भजनलाल साहू, असि0प्रो0 उत्कर्ष जैन, असि0प्रो0 शाहरूख खान, असि0प्रो0 नरेन्द्र प्रजापति, असि0प्रो0 प्रकाश विश्वकर्मा, असि0प्रो0 नसीम खान, असि0प्रो0 हरिओम शरण सेन, असि0प्रो0 रचना अहिरवार, असि0प्रो0 डॉली बानो, असि0प्रो0 साधना नागल, असि0प्रो0 रंजना श्रीवास्तव, असि0प्रो0 अभिषेक सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असि0प्रो0 गंगाराम विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

संक्षेप

पुत्र से मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। थाना जखौरा अंतर्गत बांसी मोहल्ला बरियापुरा में रहने वाली कपूरी पत्नी रतिराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 फरवरी की रात करीब 8 बजे उसका लड़का कमलेश असऊपुरा से निमंत्रण करके घर आया। बताया कि उसका लड़का अपने दरबाजे के पास खड़ा ही हुआ था कि तभी गांव के कमलेश पुत्र प्यारेलाल अहिरवार उसके पुत्र को गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके पुत्र के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी

ललितपुर। घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी हो जाने के मामले में मुख्यालय के मोहल्ला कसाई मण्डी निवासी मुरारीलाल एड. ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री रजनी रहोरा के नाम से रजिस्टर्ड एक्टिवा नम्बर यू.पी. 94 एम 2989 है, जो कि 2014 का मॉडल है। उन्होंने बताया कि बीती 28 फरवरी की रात उसके घर के सामने से एक्टिवा चोरी हो गयी। पुलिस ने मुरारीलाल की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

परीक्षा में अनुचित सामग्री लिये पकड़ा गया छात्र

ललितपुर। राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक धर्मेंद्र कुमार ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराते हुये बताया कि 22 फरवरी को प्रथम पाली में सुबह करीब 10.30 बजे हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के दौरान कक्ष संख्या 04 में बैठे परीक्षार्थी अक्षय सिंह पुत्र अमर सिंह जिसका अनुक्रमांक 1241431033 बताया गया है को नकल सम्बन्धित अनुचित सामग्री के साथ कक्ष निरीक्षकों में बुन्देलखण्ड इण्टर कॉलेज जाखलौन के प्रवक्ता प्रदीप कुमार पुष्पकार व प्राथमिक विद्यालय सतरवांस में सहायक अध्यापक महावीर शरण द्वारा पकड़ा गया है। यह अनुचित सामग्री छात्र अपने दोनों जूतों में रखे हुये था। परीक्षार्थी से प्राप्त अविहित सामग्री (साक्ष्य) व प्रथम तथा द्वितीय उत्तर पुस्तिकायें परिषद कार्यालय को पंजीकृत डाक द्वारा 22 फरवरी को प्रेषित कर दी गयी है। उक्त छात्र के परीक्षा में अनुचित सामग्री लाने की सम्बन्धित सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी है। पुलिस ने छात्र अक्षय सिंह के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1988 की धारा 3/9 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रास्ता रोककर मारपीट, रंगदारी मांगने का आरोप

ललितपुर। शहर के मोहल्ला नेहरू नगर पानी की टंकी के पास रहने वाले आशीष चैबे पुत्र रामनगीना चैबे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका दुकानदारों से लेन-देन का व्यापार है। बताया कि 28 फरवरी को शाम करीब 4.30 बजे आईटीआई कालोनी से घण्टाघर जा रहा था कि तभी आईटीआई कालोनी के बाहर अरबाज कुरैशी पुत्र शहजाद कुरैशी व मौहसिन कुरैशी पुत्र सलीम ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ में आये और रास्ता रोकते हुये उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उससे अवैध रूपयों की मांग करते हुये जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी। बताया कि चीख-पुकार सुनकर उसे जानने वाला सुनील व अन्य लोग आ गये, जिन्हें देखकर उक्त लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 386, 323 व 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रोजगार मेला 11 को

ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर गोविन्द नगर में शिक्षित/प्रशिक्षित बेरोजगारों को सेवायोजित करने हेतु एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन विभागीय पोर्टल पर करा ले अथवा पोर्टल पर प्रदर्शित रोजगार मेला आईडी-10098 पर सम्बन्धित कम्पनी में ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं। रोजगार मेले में ग्रामीण बुन्देलखण्ड भविष्य इण्डियॉ निधि (ललितपुर) में 18 रिक्ति उपलब्ध है।

जनपद की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस क्लब में हुई संगोष्ठी

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। ललितपुर जिले को बने हुये 50 वर्ष पूरे होने पर प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में किया गया। आयोजित संगोष्ठी में पत्रकारों ने अपने विचारों को रखते हुये जिले में बीते पचास वर्षों में हुयीं उपलब्धियों को गिनाते हुये आगे और भी विकास कार्यों की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा के अलावा प्रेस क्लब पदाधिकारी मंचासीन रहेसंगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि ललितपुर को एक मार्च 1974 को जनपद झांसी से अलग होकर ललितपुर नया जिला बना था। कृषि प्रधान जनपद में रोजगार से लेकर कारोबार और पेयजल तक की किल्लत करीब चार दशक तक बनी रही। लेकिन एक दशक से इसमें शुरू हुए बदलाव से आज जनपद की पहचान प्रदेश स्तर पर हो रही है। इसमें प्राकृतिक पर्यटन की अहम भूमिका मानी जा रही है। प्रदेश व केंद्र सरकार इन 10 वर्षो के दौरान कई सौगातें दी जिसमें हवाई अड्डा, बल्क ड्रग फार्मा पार्क, नर्सिंग कॉलेज सहित हर घर जल नल योजना से पेयजल उपलब्ध कराने सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा महामंत्री अमित सोनी ने कहा कि ललितपुर जिले में पर्यटन की भी अपार संभावनायें हैं, जिनके लिए स्थानीय प्रशासन की मदद से शासन कार्य कर रहा है। कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली ने कहा कि जिले में सर्वाधिक बांध हैं, इससे ललितपुर खुद को अन्य जनपदों के मुकाबले सबसे अलग पहचान दिलाता है। मौके पर पूर्व महामंत्री मो. नसीम ने कहा कि जिले की दो विधानसभा 226 ललितपुर व 227 महरौनी हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 5039 वर्ग किलोमीटर है, इसमें 756 ग्राम हैं, जिसमें एक नगर पालिका परिषद व तीन नगर पंचायतें तालबेहट, पाली व महरौनी हैं और पांच तहसीलें हैं। कहा कि जनपद में सोना, प्लेटनियम, तांबा, रॉक फास्फेट, ग्रेनाइट, क्वार्डज, डायस्पोर, आयरन, यूरोनियम आदि प्रमुख खनिजतत्व हैं। उन्होंने कहा किविकसित जिला कहलायेगा, यह सभी उम्मीद करते हैं।

सहरिया आदिवासियों को नहीं मिल पा रहा शासन की योजनाओं का लाभ

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। तहसील पाली के ग्राम गौना में रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग उठायी।

ज्ञापन में बताया कि वह मजदूर वर्ग में आते हैं और कृषि भूमि भी नहीं है। ऐसे में उनके गांव के आसपास वन विभाग की जमीन और जंगल लगा हुआ है। जंगल से वह तेंदू पत्ता, गोंद, अचार, महुआ एवं अदना पैदावार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत करते हैं। इसके लिए भारत सरकार ने उन्हें पट्टे आवंटित किये थे। बताया कि इसके अलावा उन्हें सरकार की

● लामबंद होकर डीएम को भेजा ज्ञापन, सर्वे कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, अन्तोदय कार्ड, कन्या सुमुगला योजना, आयुष्मान कार्ड, बारिसान आदि योजनाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग उठायी है। बताया कि इस सम्बन्ध में कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुयी, जिससे वह शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं। ज्ञापन देते समय आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., मंझली बहू, बड़ी बहू, गिरनीबाई, नन्हीं बहू, रामदुलारी, राजकुमारी, मालथौन बारी, जयराम, सखी, इमरत, हल्की, सुनीता, शीलादेवी, नत्थी, पार्वती, धनदेवी, सुबहरानी, मीना, मुन्नीबाई, सेवपुरा बाई, राजो, फूलरानी, सुखवती, केशरानी, रमेशराबाई, विमला, कल्लो, सदारानी, सुनावारी, चन्द्रारानी, दौलतपुरवारी, गोविन्द के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

खनन माफिया ने कवरेज करने गये पत्रकारों को पीटा

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। खनन माफिया पत्रकारों के साथ बदसलूकी करने पर उतारू हो गये हैं। बीती 29 फरवरी को दोपहर बाद गिरवां थाना क्षेत्र के बरियारी गांव

● अपर एसपी ने दिया कार्रवाई का भरोसा

पत्रकार कवरेज के लिए गये थे और गांव के बाहर एक होटल से निकलकर पेड़ के नीचे खड़े होकर पान खा रहे थे इसी दौरान बालू खदान से ठेकेदार संजू गुप्ता के कुछ गुर्गे शैलेन्द्र यादव आदि आये और बिना किसी वजह गाली-गलोज व मारपीट करने लगे साथ ही कैमरे और मोबाइल छीन लिए।

छीना छपटी के दौरान पत्रकार मनोज गुप्ता के गले का माला तोड़ दिया जिसमे कई मनके सोने के थे वह जमीन पर गिर गये। नीचे गिरे दो मनके शैलेन्द्र ने उठाकर जेब मे रख लिए। पेड़ के नीचे खड़ी बाइकों को पंचर कर दिया तथा खदान की ओर जबरन ले जाने लगे कुछ दूर पहुंचने के बाद कहा कि बालू खदान की फोटो खींचने आए हो इसलिए सभी को गोली से उड़ा देंगे और बालू मे दबाकर लाश गायब कर देंगे। पत्रकारों ने थाना प्रभारी गिरवां से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नही हुआ इसके पश्चात पत्रकारों ने क्षेत्राधिकारी नरैनी और डायल-112 को जानकारी दी। इसके पश्चात डायल-112 पुलिस और चैकी इंचार्ज खत्री पहाड़ मौके पर पहुंचे और खदान जाकर लूटा हुआ मोबाइल, कैमरा तथा चैनल की माइक आईडी सहित अन्य सामान बरामद कर वापस कराया। वहां से वापस आकर बड़ी संख्या मे पत्रकारों ने अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होने कहाा मारपीट की जानकारी मिली है इस पर जांच कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद में भाई व भतीजे ने पीटा

बरेली। जमीनी विवाद के चलते भाई व भतीजे ने सगे चाचा को बुरी तरह से लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया ।जिसके बाद शख्स कों जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के गांव आह्लादपुर निवासी पातीराम साहू पुत्र राम प्रसाद साहू नें जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता राम प्रसाद ने अपने नाम की जमीन बेच दी। पिता के जमीन बेचने के बाद उनके दोनों भाई रमेश दयाल और भगवान दास इसका विरोध करने लगे। भगवान दास और रमेश दयाल का आरोप है कि पातीराम के कहने पर उनके पिता ने जमीन बेचीं है ।पातीराम नें बताया कि शुक्रवार की सुबह मंडी से सब्जी लेकर घर जा रहा था। इस बीच रास्ते के अब्दुल्ला गांव के पास छोटा भाई रमेश दयाल भगवान दास व उनके बेटे सुनील अनिल नें पातीराम कों रास्ते में घेर कर लाठी डंडों समेत चाकू सें हमला कर दिया ।पातीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद आसपास के स्थानीय लोगों ने उनकी जान बचाई। उसके बाद उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पातीराम से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई थी।

251 निर्धन कन्याओं की शादी करायेंगे रमेश गंगवार

बरेली। हर साल की तरह इस साल भी व्यावसायी व समाजसेवी रमेश गंगवार एक बड़ा काम कराने जा रहे हैं। वह 251 निर्धन कन्याओं की शादी करायेंगे। तीन मार्च को होने वाले इस विशाल आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बरेली के मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड पर यह भव्य आयोजन होगा ।कार्यक्रम के आयोजक रमेश गंगवार ने बताया कि यह सातवां आयोजन है। इस कार्यक्रम में तीन मार्च को 251 कन्यायें दांपत्य जीवन के सूत्र में बंध जायेंगी। उन्होंने बताया कि वैवाहिक जीवन की शुरूआत के साथ ही दंपत्ति को आशीर्वाद दिया जायेगा ।उन्होंने बताया कि आशीर्वाद के साथ ही सभी जोड़ों को 51 बर्तन, दीवार घड़ी, बिछिया, पायल, बैड समेत अन्य घरेलू उपहार भी वितरण किए जाएंगे। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र से भी जोड़े शादी में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में पांचस हजार लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है इसके अलावा कार्यक्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

काली पट्टी बांध कर डिजिटाइजेशन व्यवस्था का शिक्षकों ने किया विरोध

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पू.मा.शिक्षक संघ के प्रान्तीय आह्वान पर विभाग द्वारा जबरन थोपी जा रही डिजिटाइजेशन व्यवस्था का पूर्ण बहिष्कार किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा पूर्ण संसाधन दिए बगैर पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है जो कतई स्वीकार योग्य नहीं है। इसे लेकर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष नीरज चतुवेर्दी के नेतृत्व में डिजिटाइजेशन व्यवस्था के विरोध स्वरूप 01 से 05 मार्च 2024 तक हाथ में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जाना है और शिक्षकों की औचित्य पूर्ण मांगों को पूरा किये जाने। पूर्ण संसाधन दिए जाने तक इस व्यवस्था को वापस लिए जाने की मांग को लेकर 11 मार्च 2024 को बीएसए के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा। विभागीय तानाशाही के विरोध में 01 से 05 मार्च तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य प्राराम्भ किया, जिसमें जनपद में शिक्षकों ने विभाग की तानाशाही रवैया का काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। वहीं 11 मार्च 2024 को ज्ञापन प्रेषण के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति प्रदान कर आन्दोलन में अपनी सहभागिता करने का आह्वान किया गया। इस दौरान नारायण दास, बृजेश तिवारी, हरिशंकर सोनी, रमेशचन्द्र रजक, यासीन खान, प्रमोद सैनी, प्रदीप सोनी, वेदराम प्रजापति, प्रमोद नायक, शिवप्रकाश रजौरिया, अनूप दुबे, संजीव त्रिपाठी, शैलैन्द्र रावत, धर्मेन्द्र उपाध्याय,

दीपक नामदेव, कमलाकांत राही, आयुशी जैन, रीना, रचना यादव, सीमा सिंह, नीलम जैन, छाया, अर्चना सिरौठिया, दीपिका राठौर, प्रदीप मिश्रा, साहबसिंह निरंजन, सकीराम, महेश खटीक, विवेक ताम्रकार, अनिल सैनी, असलम आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

बांदा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर जनपद के सभी विकास खंडों के विद्यालयों में बिना सिम एवं बिना संसाधन डिजिटाइजेशन के विरोध में सैकड़ो शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि शुक्रवार से 5 मार्च तक जनपद के शिक्षक काली पट्टियां बांधकर विरोध दर्ज करते रहेंगे तथा 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्री मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा। जिला महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह तथा यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष निरंजन चक्रवर्ती से आंदोलन में सम्मिलित होने पर चर्चा की। दोनों संगठनों ने शिक्षकों के हित में सहमति दी और संगठन के शिक्षक साथियों को भी आंदोलन में सम्मिलित होने के लिए दिशा निर्देश दिए। जिला कोषाध्यक्ष केतराम पाल ने जिले के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया और उनसे अनुरोध किया कि इसी तरह 5 मार्च तक आंदोलन से जुड़े रहें। जिला उपाध्यक्ष आलोक यादव ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का आवाहन किया कि आगामी 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन देने के समय मौजूद रहें।

नाबालिग को अपहृत करने वाला गिरफ्तार

बांदा। कमासिन थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक किशोरी को बहलाकर अपहरण करने वाले एक सजातीय युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष जयचंद सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर निवासी बुद्ध किशोर 24 पुत्र केशन पाल ने 10 दिन पूर्व एक रिश्तेदार की 16 वर्षीय किशोरी को बहलाकर अपहत कर लिया था। इस पर दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वह शुक्रवार को कहीं भागने की फिराक में था लेकिन मुखबिर की सूचना पर सुबह 7:00 बजे ओरन तिराहा से एस आई राम लोटन पांडे ने हमराही सिपाही के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। कागजी कार्रवाई करने के बाद आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

शादी का झांसा देकर युवती को भगाने पर रिपोर्ट दर्ज

बांदा। सहेली से मिलकर घर आ रही युवती को दो माह पूर्व बहलाकर रास्ते मे शादी का झांसा देकर युवक कहीं भगा ले गया था। कुछ दिन बाद बीमार हो जाने के कारण उसे सूनसान जगह में छोड़ दिया था। घर पहुंची युवती का पिता ने इलाज कराने के बाद पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक व पिता के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता नें पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीते 29 दिसंबर को गांव का ही युवक 18 वर्षीय पुत्री को पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज गिरवां के पास से बहलाकर कर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पुत्री उस समय सहेली से मिलकर घर आ रही थी इसके पूर्व मोबाइल फोन से अक्सर युवक बात करता था। इसे लेकर उसने युवक के पिता से उलाहना दिया था लेकिन इस पर कोई सुधार नहीं हुआ और बाद में घटना हो गई। काफी खोजबीन करने पर पुत्री को सूनसान स्थान पर बीमार अवस्था में पाया तथा आरोपी के घर उलाहना देने पहुंचा तो पिता और पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी। गिरवां थानाध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी अखिलेश व उसके पिता रामकिशोर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर युवती का 161 व 164 सीआरपीसी के तहत बयान न्यायालय में दर्ज कराया गया है।

पार्टी के अभियानों को गति प्रदान करें : भाजपा जिलाध्यक्ष

महोबा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला कार्यकारिणी एवं सभी 11 मंडलों के अध्यक्षों एवं प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पार्टी संगठन द्वारा दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई तथा आगे की योजना बनाई गई। जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता द्वारा संगठन के पदाधिकारीयों को निर्देश दिए गए कि पार्टी के प्रत्येक अभियान को गति प्रदान की जाए एवं चल रहे सभी अभियानों पर उन्होंने अपना मार्गदर्शन भी दिया। प्रमुख अभियानों के संयोजकों द्वारा अभियान के अंतर्गत करने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर लाभार्थी संपर्क अभियान के संयोजक अमित शर्मा, बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के संयोजक रोशन सिंह, सह संयोजक अनूप सोनी, रामभक्त दर्शन अभियान के संयोजक मयंक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे ने किया।

जखौरा पुलिस ने हत्थे चढ़ा इनामिया बदमाश

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन व एएसपी अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की धर-पकड़ अभियान के तहत जखौरा पुलिस ने गश्त के दौरान गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया बदमाश को राजघाट तिराहा से हिरासत में लिया है। पकड़े गये बदमाश का नाम मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना मुंगावली के ग्राम सोनाखेड़ी निवासी हरीओम उर्फ हकपाल उर्फ रामकुमार पुत्र बृजभान सिंह बताया गया है। बदमाश को पकड ? वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह, हे.कां. जितेन्द्र कुमार, कां.अभिषेक कुमार आदि शामिल रहे।

पुलिस ने जिले मे किए 30 वारंटी गिरफ्तार

बांदा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। अनेक अभियोगों मे प्रभावी पैरवी के जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र के मार्गदर्शन पर चलाए गये अभियान के चलते शुक्रवार को जिले के कई थानों क्षेत्रों से 30 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत मे पेश किया गया। अभियान के तहत कोतवाली नगर से पांच, थाना नरैनी से पांच, चिल्ला से चार, पैलानी से पांच, जसपुरा से तीन, तिंदवारी से तीन, गिरवां से एक, कमासिन एक, कोतवाली देहात एक, बदौसा एक व थाना मटौंध से एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। इन वारंटियों मे कई गंभीर धाराओं मे अदालत नही पहुंच रहे थे इसी के चलते न्यायालय ने आरोपियो के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने कहा कि जिले मे अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए पुलिस पूरी तरह सजग है। किसी भी अपराधी को बख्शा नही जाएगा। लोकसभा चुनाव प्रक्रिया मे बाधा पहुंचाने वाले तत्वों पर पुलिस कड़ी निगाह रखे हुए है।

11 माफिया पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई

बरेली। चर्चित माफिया अशरफ के साले सद्दाम सहित उसके 11 गुर्गो पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस सद्दाम सहित सभी 11 आरोपियों की संपत्ति की जानकारी जुटाकर अपने कब्जे में लेगी। पुलिस के मुताबिक माफिया अशरफ का साला अब्दुल समद उर्फ सद्दाम और अपने साथी लल्ला गद्दी व जेलकर्मियों के साथ मिलकर अपने बहनोई अशरफ से अपराधी किस्म के लोगो से मुलाकात करवाता था। इस दौरान सद्दाम और उसके साथी आपराधिक घटनाओं के करने की साजिश भी रचा करते थे। इस संबंध में बारदारी पुलिस ने 86 /23 के तहत सुसंगत धाराओं में एक मुकदमा भी दर्ज किया था। बिथरी पुलिस ने पूर्व में लिखे मुकदमे को आधार बनाते हुए सद्दाम और उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। बिथरी चैनपुर पुलिस ने अशरफ के साले समद उर्फ सद्दाम, मो. आतिन जफर, जेल वार्डन मनोज कुमार, शिव हरी अवस्थी और कैंटीन संचालक दयाराम के खिलाफ गिरोहबंद की कार्रवाई की है।

काले सांप हैं बागी विधायक : सुक्खू

किसी भी कीमत पर राज्य की संपत्ति को लुटने नहीं दूंगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के छह काले सांपों ने अपना सम्मान बेच दिया और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं वाले बजट पर मतदान से अनुपस्थित रहकर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की।

उन्होंने सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा जो लोग पैसों की खातिर अपना सम्मान बेच दें, वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की सेवा कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग अपनी उस पार्टी से विश्वासघात करते हैं जिसने उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया, उन्हें काले सांप कहा जाता है। सुक्खू ने कहा कि अगर किसी को अपनी गलती का एहसास है तो उसे माफ किया जा सकता है, लेकिन पहले इन विधायकों को उस जेल से बाहर आना चाहिए जिसमें वे पिछले 72 घंटों से बंद हैं। उन्होंने कहा जिन्होंने पार्टी को धोखा दिया और राज्य के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया, उन्हें भगवान भी माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के उन छह कांग्रेस विधायकों के लिए यह टिप्पणी की जिन्होंने मंगलवार को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। सुक्खू ने भाजपा पर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने में उनकी सरकार के प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मैं यहां राज्य के लोगों के लिए, अपने राज्य के विकास के लिए आया हूं, मैं आप सभी के लिए यहां हूं और अपने खिलाफ रची जा रही साजिशों से नहीं डरता। उन्होंने कहा मैं किसी भी कीमत पर राज्य की संपत्ति को लुटने नहीं दूंगा। मेरी जनता मेरी ताकत हैं और मैं अपनी आखिरी सांस तक उसकी सेवा करने के लिए बाध्य और प्रतिबद्ध हूं। सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर सत्ता का भूखा होने का आरोप लगाया। उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि चाहे कुछ भी हो जाए उनकी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नये भवन का उद्घाटन करेंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पणजी के पास स्थित आईएनएस मंडोवी में पांच मार्च को नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नये प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन करेंगे। नौसेना के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संस्थान के कमांडेंट रियर एडमिरल अर्जुन देव नायर ने संवाददाताओं से कहा कि यह भवन महाविद्यालय को सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के अधिकारियों को अभी की तुलना में तीन गुना अधिक प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि चोल राजवंश की समुद्री शक्ति को ध्यान में रखते हुए इस आधुनिक भवन को चोल नाम दिया गया है। नायर ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पांच मार्च को नये भवन का उद्घाटन करेंगे और समारोह में नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी के अलावा संस्थान के पूर्व कमांडेंट भी हिस्सा लेंगे। नायर ने कहा कि नये भवन का उद्घाटन होने के बाद, अधिकारियों को प्रशिक्षित करने की क्षमता अगले पांच से 10 वर्षों में तीन गुना बढ़ जाएगी।

संक्षेप

अमेरिकियों से धोखाधड़ी में भारतीय गिरफ्तार

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेरिकी नागरिकों के साथ कथित ठगी से संबंधित धन शोधन मामले में एक वांछित व्यक्ति को जयपुर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक, भारत से संचालित कॉल सेंटर से फर्जी तौर पर ऋण प्रदान कर अमेरिकी नागरिकों को ठगने का मामला सामने आया था। ईडी ने बताया कि रफीक खान को इसी सप्ताह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने बताया कि फरार खान को जयपुर हवाई अड्डे पर पकड़ा गया, जहां से वह संयुक्त अरब अमीरात में शारजाह रवाना होने के लिए विमान में सवार होने का प्रयास कर रहा था। एजेंसी ने एक बयान में बताया कि खान, ऋण देने के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले कुछ फर्जी कॉल सेंटर के पीछे साजिशकर्ताओं में से एक है। ये फर्जी कॉल सेंटर ब्याज की कम दर बताकर लोगों को ठग रहे थे। ईडी ने इस मामले में पूर्व में शाहनवाज अहमद जीलानी, विपिन कुमार शर्मा और विराज सिंह कुंतल को गिरफ्तार किया था।

सरकार किसानों पर नहीं दे रही ध्यान, चुनाव में लगी

चंडीगढ़। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है क्योंकि उसका पूरा ध्यान आगामी लोकसभा चुनाव जीतने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए और प्रदर्शनकारी किसानों की अन्य मांगों को पूरा करना चाहिए। पंधेर ने कहा, किसानों पर ध्यान देने के बजाय, उनका ध्यान इस बात पर है कि चुनाव कैसे जीता जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मांगें पूरी होने तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋ ण माफी सहित अपनी अन्य मांगों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। पंधेर ने बताया किसान नेता आपस में चर्चा करने के बाद भविष्य की रणनीति पर फैसला करेंगे। पंजाब-हरियाणा की खनौरी सीमा 21 फरवरी को हुई झड़प के दौरान 21 वर्षीय शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी।

फुटपात से हटने को तैयार नहीं सिलक्यारा के नायक

नयी दिल्ली। उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों को बाहर निकालने वाली टीम का हिस्सा रहे वकील हसन ने कहा कि वह उस जगह से नहीं हटेंगे। दिल्ली में अतिक्रमण हटाओ अभियान में अपना घर खो देने के बाद उन्होंने और उनके परिवार ने फुटपाथ पर ही अपनी दूसरी रात गुजारी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा उन्हें और उनके परिवार को नरेला में एक ईडब्ल्यूएस फ्लैट उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को ठुकराने के एक दिन बाद हसन ने कहा, मैं और मेरा परिवार खुले में रात गुजार रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग हमें भोजन और पानी आदि मुहैया करा रहे हैं।

परीक्षा माफिया को बचा रही है भाजपा : प्रियंका गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में पर्चा लीक की एक और घटना का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी परीक्षा माफिया और सरकार में बैठे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए करोड़ों युवाओं की बुनियाद खोखली कर रही है।

उन्होंने 12वीं कक्षा के गणित और जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही कथित तौर पर व्हाट्सएप पर साझा किए जाने की घटना का उल्लेख किया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, एक बार फिर पेपर लीकउ आखिर क्यों? भाजपा राज में नौकरी की परीक्षाओं से लेकर बोर्ड परीक्षा तक- लगभग हर पेपर लीक हो रहा है। बोर्ड परीक्षाएं बच्चों की पहली ऐसी चुनौती हैं जिनका सामना करते हुए वे भविष्य बनाना सीखते हैं।

अगर यहीं पर उनके साथ इतना बड़ा धोखा हो जाएगा तो वे आगे क्या करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा माफिया और सरकार में बैठे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए भाजपा करोड़ों बच्चों, युवाओं की बुनियाद भी खोखली कर रही है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, क्या भाजपा नहीं चाहती कि प्रदेश के बच्चे अच्छे से पढ़-लिखकर अपना भविष्य संवारें?

बढ़ते आत्महत्या के मामले चिंता का विषय

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात में पिछले तीन वित्त वर्ष में 25,478 लोगों ने आत्महत्या की है जो राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की व्यवस्थागत विफलता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों की पारदर्शी जांच होनी चाहिए और उन मुद्दों का समाधान किया जाना चाहिए जो आत्महत्या जैसे कदम के कारण बनते हैं।

खरगे ने एक बयान में कहा, गुजरात सरकार द्वारा राज्य में बढ़ती हुई आत्महत्या दरों पर प्रस्तुत आंकड़े बेहद परेशान करने वाले है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आधिकारिक



आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में, 495 छात्रों सहित 25,478 व्यक्तियों ने दुखद रूप से अपना जीवन समाप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इन दुखद घटनाओं के पीछे मुख्यतः मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधित रोग, गंभीर शारीरिक बीमारियां, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट और परीक्षाओं में असफल होने जैसे कारण शामिल हैं। खरगे ने कहा, यह गंभीर वास्तविकता गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की उन जटिल सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने में विफलता को रेखांकित करती है, जिनसे हमारे नागरिक जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा, गुजरात के अहमदाबाद (3,280), सूरत (2,862) और राजकोट (1,287) जैसे प्रमुख शहरों में ऐसे मामलों की सघनता विशेष रूप से चिंताजनक है। अकेले अहमदाबाद में 3,280 मामले सामने आना इस संकट के मूल कारणों को संबोधित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने में सरकार की विफलता को रेखांकित करता है।

इस साल ग्रीष्मकाल की शुरुआत से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि भारत में इस वर्ष गर्मी के मौसम की शुरूआत काफी अधिक गर्म रहने की संभावना है तथा पूरे मौसम के दौरान अल-नीनो परिस्थितियों के बने रहने का अनुमान है। उसने कहा कि उत्तर-पूर्व प्रायद्वीपीय भारत-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक तथा महाराष्ट्र एवं ओडिशा के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि देश में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा (दीर्घकालिक औसत 29.9 मिलीमीटर के 117 प्रतिशत से अधिक) हो सकती है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भारत के ज्यादातर हिस्सों में मार्च और मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मार्च में उत्तर और मध्य भारत में लू चलने की संभावना नहीं है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। महापात्रा ने कहा कि अलनीनो (मध्य प्रशांत महासागर में समुद्री जल के नियमित अंतराल पर गर्म होने की स्थिति) गर्मी के पूरे मौसम में बना रहेगा तथा उसके बाद तटस्थ स्थिति बन सकती है।

हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे।

ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में एक हवाला कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है। उन्होंने

बताया कि ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। ईडी का आरोप है कि टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काईएक्सचेंज का मालिक और संचालक भी है। ईडी का आरोप है, वह (टिबरेवाल), दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था। उसने अपने कई सहयोगियों को कई कंपनियों में निदेशक भी नियुक्त कर रखा था, जो शेयर बाजार में सट्टेबाजी में सहायता कर रहे थे। एजेंसी ने बताया कि टिबरेवाल सट्टेबाजी की रकम को बड़े पैमाने पर हवाला के जरिये दूसरी जगह भेजने में भी लिप्त था। ईडी ने कहा कि इसलिए, टिबरेवाल के लाभकारी स्वामित्व वाली 580.78 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियों को निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान एजेंसी ने 1.86 करोड़ रुपये की नकदी और 1.78 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं बरामद कीं।

प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने पहले कहा था कि ऐप द्वारा अर्जित कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में नेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। ऐप के मुख्य प्रवर्तक और संचालक छत्तीसगढ़ के ही हैं। ईडी ने मामले में अब तक दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रवर्तकों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ आरोप पत्र भी शामिल हैं।

वनों की कटाई पर कोर्ट ने सेना से मांगा जवाब

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में सेंट्रल रिज के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने सुझाव दिया कि उस क्षेत्र में पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक



कदम उठाये जाएं क्योंकि दिल्ली में लगाया गया हर पेड़ सोने से अधिक मूल्यवान है। न्यायमित्रों-गौतम नारायण, प्रभाशय कौर और आदित्य एन प्रसाद ने उच्च न्यायालय से कहा कि वे पिछले महीने उस क्षेत्र में गये थे और उन्होंने पाया था कि बिना उचित अनुमति के करीब 25 एकड़ क्षेत्र में पेड़-पौधे काट दिये गये हैं। सेना की ओर से पेश होते हुए केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि सेना पहले से मौजूद चाहरदिवारी की मरम्मत और पुनर्निर्माण कर रही है एवं कोई पेड़ नहीं काटा गया। उन्होंने यह भी कहा कि कमांडिंग अधिकारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के बाद संबंधित वन अधिकारी को जवाब भी भेजा। उच्च न्यायालय ने कहा, नोट पर कोई आदेश जारी किये जाने से पहले, ऐसा जान पड़ता है कि क्षेत्र में मौजूद सैन्य इकाई को हलफनामा दाखिल कर जवाब देने के लिए कहना उपयुक्त होगा। उच्च न्यायालय ने कहा, इस बीच, यह सलाह होगी कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाए जिससे सेंट्रल रिज क्षेत्र में वनों की कटाई हो।

पेज एक का शेष

बंगलुरु के

उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। राज्य के पुलिस प्रमुख आलोक मोहन ने इस विस्फोट को बम विस्फोट बताया और कहा कि कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने कहा, एक बजे, होटल (कैफे) में एक बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोग घायल हुए, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं है। हम जांच कर रहे हैं। एफएसएल (फोरेंसिक) दल आये हैं और जांच कर रहे हैं। शहर के पुलिस आयुक्त और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर हैं। हम निश्चित तौर पर पता लगा लेंगे कि किसने यह किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि घायल कैफे कर्मियों एवं ग्राहकों का इलाज चल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस विस्फोट के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया तो उन्होंने कहा, हम जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा फिलहाल, हम कुछ न कहें। एफएसएल दल आये हैं और वे जांच कर रहे हैं। वे (घटनास्थल से नमूने) इकट्ठा कर लेंगे, फिर हम (उनका) परीक्षण करेंगे।

रामेश्वरम कैफे की सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दिव्य राघवेंद्र राव ने एक कन्नड़ समाचार चैनल से कहा कि यह विस्फोट उस स्थान पर हुआ जहां ग्राहक अपने हाथ धोते हैं। उन्होंने कहा कि वहां एक स्टैंड भी रखा जाता है जहां अपशिष्ट रखा जाता है। उन्होंने दावा किया कि बाहर से किसी व्यक्ति ने आकर वहां बैग रख दिया जिससे विस्फोट हुआ। इस घटना के सीसीटीवी वीडियो में विस्फोट और धुंआ दिख रहा है तथा डर के मारे ग्राहक एवं अन्य लोग को भागते हुए नजर आ रहे हैं। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मामले की विस्तृत जांच की मांग की है।

राज्यपाल से

ओमप्रकाश राजभर की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट को भी इसी कवायद का हिस्सा माना जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को रोम रोम में राम नामक पुस्तक भी भेंट की।

तंबाकू व्यापारी के

कारोबारी करता है तंबाकू सप्लाई इसके साथ दिल्ली स्थित आवास पर भी छापा मारा। सूत्रों के अनुसार रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है। पहले कारोबारी आर्यनगर में रहते थे। सालों पहले वह दिल्ली चले गए और कारोबार अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया। शहर में फैक्ट्री है। कारोबारी सभी प्रमुख पान मसाला कारोबारियों को बड़े पैमाने पर तंबाकू सप्लाई करते हैं।

झारखंड को दी

शासन में रंगदारी चरम पर है और तुष्टीकरण की नीति के कारण घुसपैठ हुई है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विकास विरोधी एवं जनविरोधी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में स्थित हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए झारखंड को भी विकसित राज्य बनाना जरूरी है। केंद्र सरकार राज्य को हर तरह से मदद कर रही है। मुझे भरोसा है कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि विकसित भारत के संकल्पों की ऊर्जा स्रोत बनेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा हमें 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। देश में अक्टूबर से दिसंबर 2023 तक वित्तीय तिमाही के दौरान 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। यह भारत की बढ़ती क्षमता और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित सिन्द्री संयंत्र से प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा, जिससे देश के किसानों को लाभ होगा। दिसंबर 2021 में गोरखपुर और नवंबर 2022 में रामगुंडम में प्रधानमंत्री द्वारा इसी तरह का संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करने के बाद यह देश में तीसरा उर्वरक संयंत्र है जिसे दोबारा शुरू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने

से 7,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि गरीब, किसान, महिलाएं और युवा देश की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी ने कहा इससे पता चलता है कि हमारी सरकार की दिशा, नीतियां और फैसले सही हैं तथा इसका मुख्य कारण यह है कि हमारी मंशा सही है। प्रधानमंत्री ने कहा हमने हमेशा गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए कदम उठाए हैं, जिसका परिणाम आज दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा 21वीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और हमने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है।

रक्षा मंत्रालय ने

की लागत से ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय नौसेना की लड़ाकू और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। दूसरा अनुबंध 988 करोड़ रुपये की लागत से बीएपीएल से जहाज द्वारा संचालित ब्रह्मोस प्रणाली की खरीद के लिए है। यह प्रणाली विभिन्न अग्रिम मोर्चे के युद्धपोतों पर लगाए जाएंगे और हमले के लिए भारतीय नौसेना का प्राथमिक हथियार होगा।

निर्वाचन आयोग ने

के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए हर संभव कदम उठायें। उन्होंने फिर कहा कि तीन साल से अधिक समय से तैनात अधिकारी हटाएं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण, नए मतदान केंद्रों के गठन, मतदान कर्मियों की नियुक्ति, दिव्यांगों के मतदान की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। कॉफी टेबल बुक से भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एवं इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) की झलकियों को प्रदर्शित किया गया है। कॉफी टेबल बुक में मतदाता जागरूकता तथा देश का फॉर्म को भी प्रदर्शित किया गया है। साथ ही किस तरह से सोशल मीडिया पर मैं हूँ ना! जैसे अभियानों ने मतदाताओं को अपने विवरण सत्यापित करने के लिए प्रेरित किया और शुद्ध एवं समावेशी मतदाता सूची सुनिश्चित हो पायी, इसका भी उल्लेख किया गया है।

कॉफी टेबल बुक में स्वीप द्वारा युवाओं और नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से धरातल पर संचालित की गयीं गतिविधियों को भी फोटोग्राफ के माध्यम से दिखाया गया है। पोस्टर प्रतियोगिताओं, मेहंदी सेशन और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी दर्शाये गये हैं। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त के साथ वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त ह्रिदेश कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त आरके गुप्ता, उप निर्वाचन आयुक्त एमके साहू, महानिदेशक बी. नारायण, निदेशक दीपाली मासिरकर, निदेशक शुभ्रा सक्सेना, सचिव पवन दीवान और संयुक्त निदेशक अनुज चांडक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारीगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा समस्त मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

शासकीय कार्यों की

सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) तथा अन्य सेवाओं में अधिकारियों ग्रुप ए के अधिकारियों को रखा जाता है। वर्ष 2018 में शुरू की गई लैटरल एंट्री योजना के तहत, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर भर्तियां की जाती हैं। इन स्तरों पर अधिकारी नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो अधिकारी इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से आते हैं, वे सरकारी प्रणाली का अभिन्न अंग बन जाते हैं।

ज्ञानवापी की

और ज्ञानवापी परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने के निर्देश को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सभी पांच याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि जिला अदालत के समक्ष दायर किया गया मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत निषिद्ध नहीं है। यह मुकदमा काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा करने का अधिकार मांगने वाले याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किया गया था। मुस्लिम पक्ष के वादियों ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का हवाला देते हुए इसकी सुनवाई योज्ञता को चुनौती दी थी।

सड़कों के

और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत भय, भूख और भ्रष्टाचार मुक्त होगा। जिससे कंपनियां हमारे यहां निवेश करेंगी जिससे प्रदेश के लोगों को रोजगार मिलेगा।

रायबरेली में केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आठ परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जो लगभग 4100 करोड़ की लागत की है। परियोजनाओं में रायबरेली, प्रतापगढ़, जौनपुर खंड समानांतर लालगंज आझारा से रानीगंज तक ग्रीन फील्ड बाईपास हाईवे का निर्माण, टांडा रायबरेली खंड का सुदृढ़ीकरण, रायबरेली शहरी क्षेत्र से बांदा खंड का सुदृढ़ीकरण, सलोन, नसीराबाद जायस, जगदीशपुर खंड का निर्माण कार्य, लालगोपालगंज से नवाबगंज तक फोरलेन सड़क का निर्माण, नवाबगंज से मलाक हर हर तक सड़क का निर्माण, लखनऊ रायबरेली खंड में रतापुर व त्रिपुला चैराहे पर दो उपरिगामी सेतु का निर्माण के साथ रायबरेली में फोरलेन रिंग रोड पैकेज टू का निर्माण कार्य शामिल है। जनपद की जनता को सड़कों की सौगात देते हुए उन्होंने रायबरेली से बछरावां, लालगंज और मोहनलालगंज के लिए बाईपास की घोषणा की। रायबरेली में इस अवसर पर मंच पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अतिथि सिंह, प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता, फूलपुर सांसद स्नेह लता पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी के अतिरिक्त पूर्व विधायक भी उपस्थित रहे।

सड़क हादसों

को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुमेरगंज कस्बे का रहने वाले नीरज (34) अपनी भतीजी वर्तिका (छह) और बेटी योगिता (सात) को मोटरसाइकिल पर भिटरिया स्थित आधुनिक इंटर कॉलेज छोड़ने जा रहा था कि तभी पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मोटरसाइकिल चला रहा नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। नीरज की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर स्थानातंरित कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

संक्षेप

महिलाओं के रेड बॉल टूर्नामेंट 28 मार्च से

नयी दिल्ली। महिलाओं के रेडबॉल क्रिकेट की भारत के घरेलू कैलेंडर में छह साल बाद वापसी होगी जब बीसीसीआई पुणे में 28 मार्च से सीनियर इंटर जोन टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। यह फैसला भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टेस्ट क्रिकेट में वापसी के बाद लिया गया। भारत ने हाल ही में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेले हैं। आखिरी बार महिलाओं के लिए लाल गेंद का घरेलू टूर्नामेंट 2018 में खेला गया था। पूर्व तेज गेंदबाज अमिता शर्मा ने पीटीआई से कहा कि यह स्वागत योग्य कदम है। राष्ट्रीय टीम फिर टेस्ट क्रिकेट खेल रही है और हमें अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों की जरूरत है जो लाल गेंद से खेल सकें। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ टूर्नामेंट की मेजबान करेगा जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और पूर्वोत्तर की टीमें भाग लेंगी। सेमीफाइनल तीन अप्रैल को और फाइनल नौ अप्रैल को होगा।

अनुष्का की हैट्रिक से भूटान को 7-0 से रौंदा

काठमांडू, एक मार्च (भाषा) अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिस ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

अदिति अशोक सिंगापुर में शीर्ष 10 में

सिंगापुर। भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने शुक्रवार को यहां एचएसबीसी महिला विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में बिना बोगी लगाये तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में पहुंचने में सफल रहीं। दुनिया की 40वें नंबर की गोल्फर अदिति ने पांचवें, 12वें और 16वें होल में बर्डी लगायी जिससे वह संयुक्त नौवें स्थान पर बनी हुई हैं। पहले दिन अदिति ने पांच बर्डी लगायी थी लेकिन पांच बोगी भी लगा बैठी थी जिससे उन्होंने 72 का कार्ड खेला था।

टोयोटा हिलक्स ने अंतिम राउंड में रोमांच पैदा किया

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) नेशन के साथ इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) के साथ अपने सहयोग को जारी रखते हुए, शानदार हिलक्स को अपने आधिकारिक वाहन सहयोगी के रूप में दर्शाया है। आईएसआरएल भारत में दुनिया की पहली फ्रैंचाइजी आधारित सुपरक्रॉस लीग है और टीकेएम ने हिलक्स के माध्यम से देश में यादगार अनुभव, दिल जीत लेने वाले दर्शक अर्जित किए हैं और देश भर में मोटरस्पोर्ट और ऑटोमोबाइल के चाहने वालों के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। पुणे (जनवरी 2024) में पहले और अहमदाबाद (फरवरी 2024) में दूसरे राउंड के बाद, आईएसआरएल ने रेसिंग की पारंपरिक सीमाओं से परे जाते हुए बेंगलुरु के चिक्कजाला के ओपन ग्राउंड (एयरपोर्ट रोड) में 25 फरवरी, 2024 को अपना तीसरा सफल सफलतापूर्वक आयोजित किया और भारत में मोटरस्पोर्ट्स को नई पहचान दिलाने के लिए एक मिशन की शुरुआत की।

ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है बादाम

नई दिल्ली। लैंसेट डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, साल 2030 तक भारत में 9.8 करोड़ लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित होंगे। यहां तीन ऐसे ही खाद्य पदार्थों के बारे में बताया गया है जोकि डायबिटीज का बेहतर नियंत्रण कर सकते हैं। वो है बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियां और दही बादाम मुट्ठीभर बादाम का सेवन करने से टाइप-2 डायबिटीज पीड़ितों में तत्काल और आगे भी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। बादाम को अपने आहार में शामिल करने से अचानक ब्लड शुगर के स्तर के बढ़ने से बचाव करने में मदद मिलती है। यह रक्तधारा में ग्लूकोज को रिलीज करने की गति को काम करते हुए, ऐसा करता है। बादाम में मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड तेल के होने की वजह से यह होता है। टाइप-2 डायबिटीज का नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे लोगों को भी बादाम सहायता पहुंचा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से कैलोरी बर्न होने लगती है। हार्वर्ड विविद्यालय द्वारा कराए गए शोध में बताया गया है।

अय्यर और ईशान मामले में बोले कपिल देव, देश से बड़ा कोई नहीं

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फैसले का किया समर्थन



नई दिल्ली। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर से केंद्रीय अनुबंध वापस लेने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का समर्थन किया है। बीसीसीआई के इस फैसले की वजह ये माना जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी में भाग लेने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई के इस फैसले पर कपिल देव ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि क्रिकेट बोर्ड ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। लड़कों को यह खेलना चाहिए, यह देश के लिए अच्छा है। जो भी देश के लिए अच्छा है, मैं उससे खुश हूं। हां, कुछ खिलाड़ी को इससे तकलीफ होगी...होने दो, लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। वेल डन।

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने फिट और चयन के लिए योग्य होने के बावजूद रणजी ट्रॉफी क्रिकेट में भाग नहीं लेने के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के अनुबंध को समाप्त करने के बीसीसीआई के फैसले का समर्थन किया है। गांगुली, जिन्होंने 2019 से 2022 तक चार वर्षों तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, ने भी बोर्ड के इस रुख से सहमति जताई कि देश के क्रिकेटरों को राष्ट्रीय ड्यूटी पर नहीं होने पर घरेलू क्रिकेट में शामिल होना चाहिए। गांगुली ने रेवजस्पोर्ट्ज. से कहा, मुझे लगता है कि बीसीसीआई चाहता है कि वे प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलें। मैं हैरान हूं कि श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी क्यों नहीं खेली यह एक प्रमुख टूनार्मेंट है और आपको खेलना ही चाहिए। तो यह बीसीसीआई का फैसला है और उन्होंने जो सही समझा, वही किया। प्रत्येक अनुबंधित क्रिकेटर को प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना चाहिए क्योंकि यह इस देश में क्रिकेट का मूल आधार है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में झारखंड और मुंबई के लिए खेलने से इनकार करने के कारण किशन और अय्यर दोनों ने अपना केंद्रीय अनुबंध खो दिया था, जिसके बाद ये बयान आए। किशन ने टूनार्मेंट में झारखंड के आखिरी कुछ मैचों से बाहर होने का विकल्प चुना और इसके बजाय, अपने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और अपने बड़े भाई कुणाल के साथ आगामी आईपीएल 2024 के लिए प्रशिक्षण के लिए बड़ौदा चले गए।

दूसरी ओर, अय्यर ने मुंबई के रणजी अभियान से हटने का कारण पीठ की चोट बताया, जबकि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया था। किशन की तरह ही, अय्यर ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स के प्री-सीजन कैंप में भाग लेने का फैसला किया, यह फैसला बीसीसीआई चयनकताओं को पसंद नहीं आया। खिलाड़ियों के इन फैसलों के ठीक एक दिन बाद केंद्रीय अनुबंध खत्म कर दिया गया। केंद्रीय अनुबंधों से इन दोनों की अनुपस्थिति पर बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया, कृपया ध्यान दें कि सिफारिशों के इस दौर में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को वार्षिक अनुबंध के लिए नहीं माना गया था।

सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना होगा : हार्दिक

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिये यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया। इसके अलावा एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में आठ से 17 सितंबर तक खेला जायेगा। हार्दिक ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिये टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है।

आडवाणी और रावत में होगी भिड़ंत

मुंबई। कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी ने शुक्रवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक के बेस्ट ऑफ 11 फ्रेम के क्वार्टरफाइनल में मुंबई के नितेश मदान को 6-4 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। भारत के लिए 27 विश्व खिताब जीतने वाले बेंगलुरु के आडवाणी ने 61-51, 78-8, 75-2, 57-68, 4-61, 15-71, 89-9, 108-9, 54-65, 102-0 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में गत चैम्पियन आडवाणी का सामना बॉम्बे जिमखाना के लक्ष्मण रावत से होगा जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में पुषिदंर सिंह को 6-5 (68-66, 70-33, 28-81, 80-23, 54-82, 50-53, 40-73, 23-68, 83-39, 71-36, 85-0) से मात दी। दूसरे क्वार्टरफाइनल में कमल चावला ने रयान रज्मी को 6-4 (79-39, 55-66, 104-14, 90-0, 13-56, 5-78, 87-25, 29-69, 71-6, 79-39) से जबकि इंग्लैंड के स्टीफन ली ने विजय निचानी को 6-। (71-18, 81-36, 102-0, 68-40, 98-29, 65-29) से हराया।

बशीर नया रवि अश्विन है : माइकल वॉन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की पांच विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने आठ विकेट लिये। इसमें पहली पारी के पांच विकेट शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन पांच दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा, हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नये सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3 .। से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। उन्होंने कहा, वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे। धर्मशाला का ठंडा मौसम इंग्लैंड को रास आयेगा और मुझे जीत की उम्मीद है।

संतीष ट्रॉफी : सेना, गोवा, केरल व असम जीते

ईटानगर। सेना ने शुक्रवार को यहां वापसी करते हुए केरल को ।-। से बराबरी पर रोककर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर संतोष ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छह बार की चैंपियन सेना ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को 10 अंकों के साथ समाप्त किया, जो कि गोवा से एक अंक अधिक है। गोवा ने एक अन्य मैच में असम के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला। सेना, गोवा, केरल (आठ अंक) और असम (सात अंक) ने ग्रुप ए में शीर्ष चार स्थानों पर रहते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई। सात बार की चैंपियन केरल ने 22वें मिनट में सलीश ई के गोल से बढ़त बनायी। कप्तान अर्जुन वी के कॉर्नर किक पर सजीश ने हेडर से गोल में बदल दिया। समीर मुर्मू ने मध्यांतर से पहले गोल कर सेना का खाता खोला। मौजूदा सत्र में यह उनका नौवां गोल है। गोवा और असम के मैच में नौ गोल हुए। गोवा के लिए लॉयड कार्डोजो (तीसरा मिनट), डेल्टन कोलाको (12वां मिनट) और जोशुआ डी सिल्वा (89वां मिनट) ने गोल किये जबकि प्रज्ञान सुंदर गोगोई (27वां मिनट), सुदीप्ता कोंवर (45ू3 मिनट) और मिलन बसुमतारी (56वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वापसी की

वेलिंगटन। पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के दो विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन छह रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए। आस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर नौ विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर तीन और 29 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43 .। ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाये। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए।

श्रेयस की मौजूदगी शानदार : रहाणे

मुंबई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को पीछे छोड़कर शनिवार से यहां तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सालाना केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपनी टीम के लिए रणजी ट्राफी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे। रहाणे ने यहां मीडिया से कहा, वह काफी अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है। सेमीफाइनल के लिए हमारी टीम में उनकी मौजूदगी शानदार है। रहाणे ने कहा कि तमिलनाडु के खिलाफ श्रेयस को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह की प्रेरणा या सलाह की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि उसे किसी तरह की सलाह या प्रोत्साहन की जरूरत है। उसने मुंबई के लिए हमेशा बल्ले से योगदान दिया है और ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से अन्य खिलाड़ियों को भी टीम के लिए योगदान करने में मदद मिलेगी। मुंबई के कप्तान ने साथ ही पुष्टि की कि सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव उंगली की चोट से उबर गये हैं जिसके कारण क्वार्टरफाइनल में उन्हें मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। रहाणे ने कहा, उसकी उंगली में चोट लगी थी, तभी वह बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने उतरा था। हम उसे मुशीर खान से पहले भेजना चाहते थे लेकिन इंजेक्शन के असर से वह उसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरा। उन्होंने कहा, पृथ्वी काफी आक्रामक बल्लेबाजी करता है। मुझे नहीं लगता कि बतौर बल्लेबाज उसमें कोई बदलाव हुआ है।

● रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में सबकी नजरें श्रेयस अय्यर पर

गियर क्लब की 81 रन से जीत

लखनऊ। अमन सिंह (51) व अल्तमश खान (47) की उम्दा पारी एवं ललित मौर्या (नाबाद 32 रन, 3 विकेट) के आलराउंड खेल से गियर क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोनी क्रिकेट क्लब को 81 रन से हराकर पूरे अंक जुटाए। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर गियर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट पर 239 रन का विशाल स्कोर बनाया। नारायण मुकेश (29), अरीब किदवई (21), प्रदीप यादव 15 रन बनाये। सोनी क्रिकेट क्लब से मो.यूसुफ, सौरभ रावत व कृष्णा कनौजिया ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सोनी क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 31.5 ओवर में 158 रन ही बना सका और जीत से 81 रन दूर रह गया। आकाश भारती (25), अभिषेक चौरसिया (31), सौरभ रावत ने नाबाद 37, मो.यूसुफ ने 29 व जय सिंह ने 14 रन बनाए लेकिन टीम की हार को टाल नहीं सके। गियर क्रिकेट क्लब से ललित मौर्या ने 3 विकेट हासिल किए। प्रदीप यादव, प्रिंस पटेल, अरुण यादव, अल्तमश खान व अमन सिंह को 1-1 विकेट मिला। गियर क्लब के ललित मौर्या मैन ऑफ द मैच चुने गये।

शेयर बाजार में जश्न, सेंसेक्स निफ्टी उच्चतम स्तर पर पहुंचे

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स ।,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स ।,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह ।,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 370.5 अंक तक चढ़ गया था। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू इक्विटी बाजारों को मजबूती मिली और निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील छह प्रतिशत से अधिक उछल गई जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही। यह पिछले डेढ़ वर्षों में सबसे अधिक तिमाही वृद्धि है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के वृद्धि अनुमान को भी संशोधित कर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा शुक्रवार को आए पीएमआई आंकड़ों ने भी फरवरी में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी के संकेत दिए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, तीसरी तिमाही के उम्मीद से कहीं बेहतर जीडीपी आंकड़ों और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी की खबरों ने घरेलू और विदेशी दोनों ही बाजारों को रफ्तार दी। आम चुनावों का समय करीब होने के बीच मजबूत वृद्धि आंकड़ों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाने का काम किया। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.89 प्रतिशत बढ़ा जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 3.84 प्रतिशत की तेजी रही जबकि पूंजीगत उत्पाद में 2.49 प्रतिशत और बैंक खंड में 2.48 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। लेकिन आईटी एवं प्रौद्योगिकी खंडों में गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी सकारात्मक धारणा के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) फिर से लिवाल बन गए हैं। एफआईआई ने बृहस्पतिवार को 3,568.11 करोड़ रुपये मूल्य की शुद्ध खरीदारी की। इस बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत चढ़कर 82.58 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई बड़े व्यवधान या नाकामी से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन करेंगे। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान लेनदेन को प्राथमिक साइट (पीआर) से आपदा बहाली (डीआर) साइट पर स्थानांतरित करके उसकी कार्यप्रणाली को जांचा जाएगा।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने सुरक्षा के महत्व पर दिया जोर

एजेंसी

लखनऊ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आगामी 2024 क्रिकेट सीजन के लिए 'लीड हेलमेट पार्टनर' के रूप में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) फ्रेंचाइजी के साथ भागीदारी करने की घोषणा की है। एसबीआई लाइफ का लोगो, लखनऊ सुपर जायंट्स के हेलमेट पर प्रमुखता से प्रदर्शित होगा और इस तरह क्रिकेट की लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाई जाएगी और सुरक्षा तथा वित्तीय तैयारी की सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एसबीआई लाइफ की साझेदारी, क्रिकेट के मैदान में हेलमेट की सुरक्षा से जुड़ी भूमिका और मैदान के बाहर लोगों और परिवारों की सुरक्षा में जीवन बीमा की आवश्यक भूमिका के बीच समानता को रेखांकित करती है। जिस तरह हेलमेट, खिलाड़ी को खेल के मैदान में जोखिम से बचाता है, उसी तरह जीवन बीमा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है और लोगों को अपने सपनों को पूरा करने में मदद करता है। यह साझेदारी वित्तीय सुरक्षा की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए लोगों को उनकी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने के प्रति एसबीआई लाइफ की प्रतिबद्धता की प्रतीक है।

एसबीआई लाइफ के ब्रांड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख रवींद्र शर्मा ने इस साझेदारी पर अपनी टिप्पणी में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हमारी भागीदारी गहन भावनात्मक स्तर पर सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करती है। यह भागीदारी ह्यइरादों की सुरक्षाह्न पर जोर देती और लोगों को नकारात्मक दबाव, बेमतलब की जानकारियों के शोर से बचकर अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर बल देती है। एसबीआई लाइफ एक ब्रांड के रूप में बीमा के जरिये लोगों को अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करता है।

रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 82.90 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 82.90 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों की माह के अंत में डॉलर मांग और विदेशी बाजारों में कच्चे तेल मूल्यों में आई तेजी के बीच रुपये की विनिमय दर में हल्की गिरावट आई। बाजार सूत्रों के अनुसार, शेयर बाजार में तेजी के रुख तथा वृहद घरेलू आर्थिक आंकड़े बेहतर होने से रुपये को गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.86 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 82.84 से 82.91 प्रति डॉलर के दायरे में घट बढ़ के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 82.90 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 82.89 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

टाटा ने बनाया 1600 महिलाओं को सशक्त

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स, अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड और गुजरात डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने एक उल्लेखनीय सहयोग के तहत साणंद और इसके आस-पास के क्षेत्रों में एक नई श्वेत क्रांति की लौ जगाई है। इस पहल ने अपने लाभार्थियों के लिये सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव को प्रेरित किया है। यह पहल लोगों के जीवन को समृद्ध बना रही है और उन्हें शिक्षा तथा स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं तक बेहतर पहुँच दे रही है। समाज के भीतर उनका रुतबा भी बढ़ रहा है। टेक्नोलॉजी और कोऑपरेटिव्स का फायदा उठाकर साणंद के सुदूर इलाकों की 1600 से ज्यादा महिलाओं ने ग्रामीण गुजरात की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों में शानदार बदलाव किया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है, लेकिन प्रति व्यक्ति के लिहाज से उसका उत्पादन कम है।

मध्य प्रदेश में 75,000 करोड़ निवेश करेगा अडाणी समूह

उज्जैन। अडाणी समूह मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में करीब 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये निवेश बिजली संयंत्र, महाकाल एक्सप्रेसवे और सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई लगाने में किये जाएंगे। यहां क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में अडाणी समूह के प्रबंध निदेशक (कृषि, तेल और गैस) और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक अडाणी ने शुक्रवार को यह भी कहा कि समूह पहले ही राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगा। इस समय मध्य प्रदेश में समूह की उपस्थिति सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर तापीय बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है। अडाणी ने कहा, आपके (मुख्यमंत्री मोहन यादव) दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा विश्वास है और हम मध्य प्रदेश में लगभग 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगें। उन्होंने हालांकि निवेश के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई।

समूह इसमें से 5,000 करोड़ रुपये का निवेश उज्जैन से इंदौर होते हुए भोपाल तक महाकाल एक्सप्रेसवे के निर्माण में करेगा। उन्होंने कहा कि चोरगाडी में एक क्लिंकर इकाई और देवास तथा भोपाल में दो सीमेंट ग्राइंडिंग इकाइयां स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा समूह खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक और कृषि-लॉजिस्टिक, ईंधन वितरण तथा रक्षा विनिर्माण में भी निवेश करेगा।

लेडीज फर्स्ट गोल्ड लोन मेला में महिलाएं सम्मानित

नई दिल्ली। आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय लेडीज फर्स्ट गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। आईआईएफएल फाईनेंस में हेड, गोल्ड लोन बिजनेस सौरभ कुमार ने कहा कि महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाईनेंस में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है, जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है।

सोना 350 रुपये चढ़ा, चांदी 400 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 350 रुपये की मजबूती के साथ 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव भी 400 रुपये की मजबूती के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोना (24 कैरेट) 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर रहा जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,045 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 11 डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मूल्य सूचकांक आंकड़ा जारी होने के बाद इस साल फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी हैं। यह आंकड़ा अमेरिका में मुद्रास्फीति में कमी का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ा जारी होने के बाद सोने की कीमतें चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। इसके अलावा, चांदी भी तेजी के साथ 22.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 22.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई।

देश का विकास कर रहीं महिलाएं

राष्ट्रपति मुर्मू ने बरहम विवि के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

एजेंसी

बरहमपुर (ओडिशा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू हो गया है क्योंकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं और यह प्रवृत्ति देश के लिए बहुत उत्साहजनक है।

ओडिशा के गंजाम जिले के भांजा बिहार में बरहमपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य, संस्कृति, नृत्य और संगीत में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारी बेटियों का सामर्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर पुलिस और सेना तक हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। अब हम महिलाओं के विकास के चरण से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहे हैं। मुर्मु ने कहा, बरहमपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में लगभग 45000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इसमें 55 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। इतना ही नहीं, स्वर्ण पदक जीतने वालों में 60 प्रतिशत लड़कियां हैं और आज डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले शोधकर्ताओं में भी 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि यह लैंगिक समानता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश भर में विभिन्न दीक्षांत समारोहों में भाग लेने के दौरान उनकी मुलाकात कई प्रतिभाशाली लड़कियों और महिलाओं से हुई।

पीएम व राष्ट्रपति ने दीं, स्टालिन को जन्मदिन की बधाई

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को शुक्रवार को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। स्टालिन आज 71 वर्ष के हो गए। स्टालिन ने पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी में जन्मदिन का केक काटा। इस कार्यक्रम में टीआर बालू समेत राज्य के मंत्रियों और पार्टी के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। स्टालिन ने द्रमुक के दिग्गज नेता रहे सीएन अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के मरीना बीच स्थित स्मारकों पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वह सुधारवादी नेता पेरियार ईवी रमासामी के स्मारक भी गये।

कश्मीर के कुछ हिस्सों में हिमपात

श्रीनगर। कश्मीर के कुछ हिस्सों में ताजा हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर बारिश हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि गुलमर्ग, तंगमर्ग और दूधपथरी जैसे पर्यटक स्थलों सहित घाटी के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में शुक्रवार रात भर हिमपात हुआ।

उन्होंने बताया कि श्रीनगर समेत घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तीन मार्च तक मामूली बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान कुछ स्थानों पर विशेष रूप से उत्तर, मध्य और दक्षिण कश्मीर और जम्मू संभाग के पीरपंजाल श्रृंखला के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात हो सकता है। कश्मीर के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश या बर्फबारी हो सकती है जबकि जम्मू के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है और रामबन, उधमपुर और रियासी जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ छीटे पड़ने, बिजली गिरने या ओलावृष्टि होने का अनुमान है। मौसम संबंधित प्रतिकूल पूर्वानुमानो के कारण अधिकारियों ने घाटी के स्कूलों में छात्रों के लिए शीतकालीन छुट्टियां बढ़ा दी हैं। कक्षाएं अब सोमवार को फिर से शुरू होंगी।

संक्षेप

पाकिस्तान : अयाज सादिक नेशनल असेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक शुक्रवार को नवगठित नेशनल असेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, डाले गए कुल 291 मतों में से सादिक को 199 मत मिले। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएलए-एन) के उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी आमिर डोगर को हराया, जिन्हें सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सदस्यों के हंगामे के बीच केवल 91 वोट मिले। डोगर को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का समर्थन प्राप्त था। खबर में कहा गया है कि मतगणना पूरी होने के बाद, निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने कहा कि कुल 291 वोट पड़े, जिनमें से एक अमान्य था और बाकी को वैध घोषित किया गया। खान और पीटीआई ने आठ फरवरी को हुए चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली होने और पीएमएल-एन और उसके गठबंधन सहयोगियों पर जनादेश को चोरी करने का आरोप लगाया है। निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली चुनाव में 93 सीट जीती थीं, जिनमें से ज्यादातर को खान की पार्टी का समर्थन हासिल था।

विधानसभाध्यक्ष के आदेश के खिलाफ ठाकरे की याचिका पर सुनवाई सात को



एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सात मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। इस आदेश में नार्वेकर ने जून 2022 में पार्टी के विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को असली राजनीतिक दल घोषित किया था। ठाकरे गुट की याचिका को प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एक मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना था। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिका का उल्लेख किया और कहा कि आज जिन मामलों की सुनवाई होनी थी उसकी सूची में यह नहीं था। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ से उन्होंने आग्रह किया कि इस मामले को सात मार्च को सूचीबद्ध किया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इसे सात मार्च (बृहस्पतिवार) को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि कई मामले जिन्हें एक मार्च को सूचीबद्ध किया जाना था, उन्हें सूची में शामिल नहीं किया जा सका क्योंकि पीठ को जल्द कार्यवाही समाप्त करनी थी। सिब्बल की ओर से पांच और 12 फरवरी को याचिका का उल्लेख करने के बाद शीर्ष अदालत ने इसे जल्द सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 22 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य विधायकों को नोटिस जारी किया था। तब उच्चतम न्यायालय ने इसे दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। ठाकरे गुट का आरोप है कि शिंदे ने असंवैधानिक तरीके से सत्ता हासिल की और महाराष्ट्र में असंवैधानिक सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। नार्वेकर ने 10 जनवरी को पारित एक आदेश में शिंदे समेत सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की अपील खारिज कर दी थी। ठाकरे गुट ने विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को स्पष्ट रूप से गैरकानूनी और गलत बताया और कहा कि दल-बदल के कृत्य को दंडित करने के बजाय दल-बदलुओं को पुरस्कृत किया गया है।

बांग्लादेश की इमारत में लगी आग, 46 की मौत

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सात मंजिला इमारत में बृहस्पतिवार रात आग लगने से कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। आग लगने की यह घटना ढाका के बेली रोड इलाके में ग्रीन कोजी कॉटेज इमारत में हुई। यह घटना बांग्लादेश में हालिया वर्षों में आग लगने की सबसे भीषण घटनाओं में एक है। दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि इमारत की पहली मंजिल पर स्थित लोकप्रिय रेस्तरां कच्ची भाई में बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर आग लग गई जो तेजी से ऊपर की मंजिलों में भी फैल गई। इन मंजिलों पर रेस्तरां एवं कपड़े की दुकानें थीं। बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने शुक्रवार को कहा कि ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में 33 और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 शवों को लाया गया तथा एक अन्य व्यक्ति की पुलिस अस्पताल में मौत हो गई। ढाका के उपजिलाधिकारी (एनडीसी) मुस्तफा अब्दुल्ला अल नूर ने द डेली स्टार समाचार पत्र को बताया कि डीएमसीएच की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती एक और घायल व्यक्ति की सुबह करीब सात बजे मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाणिज्यिक इमारत में आग लगने की इस घटना पर करीब से नजर रख रही हैं। अब तक 39 शवों की पहचान हो चुकी है।

इनमें से, कम से कम 31 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। बाकी शव डीएनए जांच के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि डीएमसीएच और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 22 लोगों का उपचार किया। जा रहा है और उनकी हालत नाजुक है। सेन स्वयं भी चिकित्सक हैं। उन्होंने डीएमसीएच में संवाददाताओं से कहा बचाए गए लोगों का श्वसन तंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत से 75 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें से 42 लोग बेहोश थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दमकल सेवा की 13 गाड़ियों को भेजा गया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K